ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Khansama More Than Cooked** The "dispenser of grilled chickens, curry, pilau and other Oriental dainties to weary travellers, ever-ready, ever on the watch for the coming guest

**Stunning Glasshouse Stays in India** Sit back and relax under the stars, while the splendour of the outdoors seemingly mingles with the conveniences of the indoors



*कीनिया के सुम्बूरु लोगों का एक गांव है उमोजा, जहां सिर्फ महिलाएं रहती हैं। उमोजा महिलाओं की शरण स्थली है, कोई भी महिला यहाँ रह सकती है लेकिन, पुरुषों पर प्रतिबंध है। सुम्बूरु परंपरा के अनुसार मंगनी के बाद पुरुष अपनी मंगेतर को मनके भेंट करता है, जिससे वो अपने लिए हार बनाना शुरु कर दे। जितने अधिक सुंदर और अलंकृत मनके व उनसे बनने वाले हार होते हैं उतनी ही अधिक उसके पति की समृद्धि मानी जाती है। इन हारों को ''मपोरो'' कहते हैं। पर उमोजा गांव की महिलाओं के लिए यह हार शक्ति का प्रतीक है, क्योंकि, उन्हें अब इस हार के लिए किसी मर्द की जरुरत नहीं होती, ये महिलाएं खुद कमाती हैं और स्वयं ही अपने लिए मनके खरीदती हैं व हार बनाती हैं। सैन्ट्रल कीनिया के इस छोटे से गांव की स्थापना, चित्र में नज़र आ रही रिबैका लोलोसोली ने की है। उसने दशकों पहले स्त्री-पुरुष समानता की लड़ाई शुरु की थी। उसे भी अपने पति से ''एम्पोरो'' मिला था। लेकिन विवाह के बाद पति के हाथों उसे भारी उत्पीड़न सहना पड़ा। वो बताती हैं, यहां पत्नी को पीटना मर्दानगी माना जाता है, ''मेरा पति भी मुझे पीटता था, लेकिन, मैंने जवाब दिया। मैंने महिलाओं से कहा कि हमें यह सब सहन नहीं करना चाहिए। इसलिए मुझे और पीटा गया, अंततः जब कोई विकल्प नहीं बचा तो मैंने घर छोड़ दिया।'' लोलोसोली की हिम्मत ने उसे ''उमोजा'' बसाने की प्रेरणा दी। उमोजा का स्वाहिली भाषा में अर्थ है ''एकता''। लोलोसोली ने 14 महिलाओं की मजबूत टीम के साथ शुरुआत की। उसका लक्ष्य था महिलाओं के लिए स्वायत्तता और आर्थिक आत्मनिर्भरता पाना। जल्दी ही इस गाँव के बारे में सब तरफ चर्चा फैल गई। पुरुषों की हिंसा से पीड़ित महिलाएं सुरक्षा के लिए दूर-दूर से यहां आने लगीं। आज उमोजा में 50 घर, बच्चों के लिए स्कूल और आधुनिक सैनिटरी सुविधाएं हैं। लोलोसोली कहती हैं, हमारा लक्ष्य है, ''हमें इतनी कमाई हो कि हम अपनी लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए भेज सकें।'' इस गांव को विभिन्न चैरिटी संस्थाओं से मदद मिलती है। इसके अलावा महिलाएं पारंपरिक नैक्लेस ''एम्पोरो'' बनाकर बेचती हैं, जिनकी कीमत 5 से 60 डॉलर तक होती है और इनसे अच्छी कमाई हो जाती है।*

# सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक में दिल्ली व पंजाब के नेताओं ने आप से गठबंधन पर खुलकर विरोध जताया

## अजय माकन और प्रताप सिंह बाजवा ने कहा, जिन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई है, वहां प्रचार करके भाजपा को आप सीधी मदद क्यों पहुँचा रही है

- **गौरतलब है कि, सोनिया गांधी ने सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक शुरु होने से पहले यह बयान देकर स्पष्ट कर दिया है कि, कांग्रेस इण्डिया गठबंधन को कांग्रेस पूरी अहमियत देगी। गौरतलब है कि, सोनिया गांधी ने कहा है कि, सभी दलों को एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करना होगा।**
- **रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिल्ली और पंजाब के नेताओं की चिंताओं को ध्यान से सुना और उन्हें स्वीकार भी किया। हालांकि, उन्होंने पार्टी नेताओं का आश्वासन दिया कि, आगे कोई भी फैसला स्टेट यूनिट से बातचीत के बाद ही लिया जाएगा।**

हैदराबाद, 17 सितम्बर। इण्डिया गठबंधन में दलों के भीतर अलग-अलग राज्यों में सीटों का बंटवारा किस तरह से होगा, यह बड़ा सवाल है। कांग्रेस के लिए दिल्ली और पंजाब को लेकर यह मसला सिरदर्द बनता जा रहा है, जहां आम आदमी पार्टी कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकती है। सोनिया गांधी ने हैदराबाद में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) की बैठक के पहले दिन इंडिया ब्लॉक को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, 2024 में बीजेपी के खिलाफ जीत के लिए एकजुट होकर चुनाव लड़ना जरूरी है।

सोनिया गांधी के बयान से साफ है कि, सोनिया गांधी गठबंधन की ताकत जानती हैं। 2004 में यू.पी.ए. गठबंधन ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अजेय माने जाने वाले नैशनलिस्ट डैमोक्रैटिक अलायंस को सत्ता से बाहर कर दिया था।

लेकिन वर्तमान में स्थिति उस समय से काफी भिन्न है, तब कांग्रेस लीड करने की स्थिति में थी। वह फैसले ले सकती थी और दूसरे दलों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं को दबाने में भी सक्षम रही। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डी.एम.के.) और तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) जैसे क्षेत्रीय दल कांग्रेस के तहत काम करके खुश नजर आते थे। उस दौरान यू.पी.ए. के भीतर बगावती सुर कम ही सुनाई देते थे।

अब जब समय बदल गया है और क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षाएं भी बढ़ गई हैं। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी चिंता आप की बढ़ती ताकत है। दिल्ली बिल को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने आप का साथ दिया था। इसके बावजूद की इस समर्थन को लेकर विरोध की आवाजें उठी थीं। साथ ही जो लोग ऐसे किसी भी गठबंधन के खिलाफ थे, आखिरकार उन्होंने भी इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। हालांकि, सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक में इस स्वीकृति पर मतभेद की बात सामने आई है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग के लिए हैदराबाद को इसलिए चुना गया क्योंकि पार्टी को यकीन है कि वह भारत राष्ट्र समिति को हरा सकती है। लेकिन, कांग्रेस गठबंधन को लेकर प्रतिबद्धता के बावजूद आप से असहमति की आवाज को नियंत्रित नहीं कर सकी।

पंजाब और दिल्ली के कुछ नेताओं ने यह मुद्दा उठाया। इनका कहना था कि आप पर भरोसा नहीं किया जा सकता। आप के साथ किसी भी गठबंधन के खिलाफ पुरजोर वकालत करने वाले

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजस्थान में खराब प्रदर्शन वाले कांग्रेस विधायकों के टिकट कटेंगे

## सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक में राजस्थान चुनाव में पार्टी की एकता पर जोर दिया गया

- **सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत और सचिन पायलट को हाईकमान ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि, केवल आगामी चुनाव में सरकार को रिपीट करने पर फोकस करें, नेतृत्व का मुद्दा चुनाव परिणाम आने के बाद तय किया जायेगा।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। हैदराबाद में दो दिवसीय सी.डब्ल्यु.सी. की मीटिंग के लिए एकत्रित हुए कांग्रेस नेतृत्व ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को निर्देश दिये हैं कि, वर्तमान में वे राज्य में सत्ता बरकरार रखने पर ध्यान केन्द्रित रखें तथा नेतृत्व का मुद्दा चुनाव परिणाम आने के बाद तय किया जायेगा।

पांच राज्यों, राजस्थान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तेलंगाना तथा मिज़ोरम के शीघ्र होने वाले चुनावों पर विचार करने की प्रक्रिया में, कांग्रेस पार्टी की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च समिति में राजस्थान की चुनावी तैयारियों पर हुए गहन चिन्तन का सारांश यही है।

पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि, नेतृत्व ने राज्य इकाई से प्राप्त जानकारियों से मैदानी परिस्थितियों का आकलन किया है तथा यह माना जा रहा है कि, हालांकि गहलोत सरकार स्वयं तो एंटी-इन्कम्बेन्सी (सरकार विरोधी भावना) का ज्यादा सामना नहीं कर रही है परंतु, बहुत सारे विधायक हैं जो व्यक्तिगत एन्टी-इन्कम्बेन्सी का सामना कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, पार्टी इन प्रदर्शन-विहीन (काम नहीं करने वाले) विधायकों के बारे में बहुत चिन्तित है और इसे गंभीर मुद्दा मानती है। सूत्रों ने संकेत दिया है कि, राजस्थान के संदर्भ में इस बात पर काफी चर्चा हुई कि, इन विधायकों के टिकिट कटने की संभावना है।

राजस्थान में कांग्रेस के पक्ष में जो एक चीज़ है, वो है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कल्याणकारी योजनाओं द्वारा सरकार के पक्ष में पैदा की गई भावनाएं। वो इन योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँचाने में और इसका खूब प्रचार करने में सफल रहे हैं। अब, इसे पार्टी के लिए सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है।

लेकिन नेतृत्व ने ना केवल एक साथ मिलकर लड़ने की बात पर जोर दिया है, जैसा कि इस समय दिखाई दे रहा है, बल्कि यह भी कहा है कि, राज्य के दोनों बड़े नेता, अशोक गहलोत व पायलट, आपस में लड़ रहे भाजपा के विभाजित गुटों जैसी भद्दी तस्वीर प्रस्तुत करने के विपरीत, एकता की तस्वीर प्रस्तुत करें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिजम
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# बागीदौरा में 15 व बांसवाड़ा में 9 इंच बारिश

- **बांसवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर स्थित लसाडा पुल पर शाम छह बजे तक 12 से 13 फीट ऊपर पानी बहता नजर आया।**

बांसवाड़ा, 17 सितम्बर (निसं)। जिले में रिमझिम मूसलाधार बारिश आफत बनती नजर आ रही है। शनिवार को हुई तेज वर्षा ने जन-जीवन अस्त-व्यत कर दिया। कई नदी-नाले उफान पर होने के चलते स्थिति हो गई है कई मार्ग अवरूद्ध हो चुके हैं।

बांसवाड़ा-उदयपुर मार्ग पर स्थित लसाडा पुल पर शाम छह बजे तक 12 से 13 फीट ऊपर पानी बहता नजर आया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के पास नहीं जाएं। साथ ही टूटे बिजली के खंभे एवं तारों को देखते हुए सावधानी बरतें। इधर बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 15 इंच वर्षा बागीदौरा क्षेत्र में मापी गयी वहीं सबसे कम लोहारिया में दो इंच वर्षा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सरपंच सहित तीन लोग नाले में बहे, तीनों की मौत

## तीन किमी. दूर मिला सरपंच का शव, तीसरे का पता नहीं चला

- **बांसवाड़ा के माही डैम के सभी 16 गेट खोले, बेणेश्वर धाम टापू बना।**
- **गनोडा-साबला व लसाडा-माही पुल पर पानी की भी 15 फीट चादर चल रही है।**

बांसवाड़ा/डूंगरपुर (निसं)। आसमान से बरसी आफत की बरसात ने कुशलगढ़ क्षेत्र के तीन लोगों की जान ले ली इसमें एक सरपंच भी शामिल है। क्षेत्र में दो दिनों से भारी वर्षा के चलते तालाबों पर चादर चल रही है वहीं नदी नाले उफान पर है।

बांसवाड़ा के माही डैम के सभी 16 गेट खोलने के 12 घंटे बाद डूंगरपुर का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल बेणेश्वर धाम टापू बन गया है। धाम पहुंचने के तीनों पुलियों पर 15 से 20 फीट तक पानी बह रहा है। धाम पर मंदिर के पुजारी समेत 48 लोग फंसे हुए हैं। हालांकि सभी लोग सुरक्षित हैं और उनके ठहरने को लेकर भी धाम पर सभी व्यवस्थाएं हैं। वहीं, डूंगरपुर से बांसवाड़ा को जोड़ने वाले स्टेट हाईवे पर भी 15 फीट से ज्यादा पानी बह रहा है। जिससे दोनों ही शहरों का सड़क संपर्क टूट चुका है। धाम पहुंचने व बांसवाडा-डूंगरपुर-उदयपुर जिलों को जोड़ने वाले के साबला, वालाई और बांसवाडा पुल पर पानी का स्तर बढ़ने लगा है। रविवार को पुल पर 15 से 20 फीट पानी चल रहा है।

बताया जाता है कि शनिवार शाम को डूंगरीपाडा पंचायत के 42 वर्षीय सरपंच दिनेश गरासिया पुत्र दला अपने घर नानीकासाथ से पंचायत भवन में रखी सीमेंट व्यवस्थित करने के लिये मोटर साईकिल लेकर घर से निकला था। घर से लगभग आधा किमी. दूर पंचायत भवन था लेकिन रास्ते में नाला था। देर रात तक दिनेश के घर नहीं लौटने पर परिवारजनों को संदेह हुआ तो उसके पुत्र राकेश ने पुलिस को सूचना दी। उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार विरेन्द्र सिंह राठौड, पुलिस उप अधीक्षक रुपसिंह राठौड, सीआई रोहित कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। इधर आपदा राहत दल भी घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस दल ने नानीकासाथ के पास के नालों में खोजबीन की। नाले से लगभग 200 मीटर दूर दिनेश की मोटर साईकिल देखी गयी। इसके बाद आस-पास सघनता से जांच की गयी तो लगभग तीन किमी. दूर वागल मंदिर से कुछ दूरी पर झाडियों में फंसा शव दिखाई दिया। उसकी पहचान दिनेश के रुप में की गयी। इसी तरह नगर से लगभग 16 किमी. दूर गांव भंवरकोट का अमर सिंह पुत्र हवसिंह डामोर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नाटो अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास शुरु करेगा

- **सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने बताया कि, नाटो शीत युद्ध के बाद 2024 में जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में ''स्टीडफास्ट डिफेंडर'' नामक अपना सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित करेगा।**

ब्रुसेल्स, 17 सितंबर (वार्ता)। नाटो शीत युद्ध के बाद 2024 में जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में 'स्टीडफास्ट डिफेंडर' नामक अपना सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित करेगा। सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने शनिवार को यह जानकारी दी।

नॉर्वेजियन सशस्त्र बलों के प्रमुख एरिक क्रिस्टोफरसन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन बाउर ने कहा, 2024 में, गठबंधन शीत युद्ध के बाद से अपना सबसे बड़ा सामूहिक रक्षा अभ्यास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विपक्ष और कांग्रेस संसद सत्र में महिला आरक्षण की मांग पुरजोर तरीके से पेश करेंगे

## सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं और सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक में कांग्रेस ने अपने इरादे जाहिर किये

- **कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। सोमवार से लोकसभा का विशेष सत्र शुरू हो रहा है। इसको लेकर रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी विपक्षी दलों ने मांग की है कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पास कर दिया जाए।**
- **संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने की मांग कुछ अन्य दलों ने भी की है। इन दलों में बी.जे.डी. और बी.आर.एस. का नाम शामिल है।**

हैदराबाद, 17 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सी.डब्ल्यू.सी.) की मांग है कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि रविवार को हुई सी.डब्ल्य.सी. की बैठक में यह मांग की गई। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा।

सोमवार से लोकसभा का विशेष सत्र शुरू हो रहा है। इसको लेकर रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई थी। इस बैठक में सभी विपक्षी दलों ने मांग की है कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पास कर दिया जाए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को सर्वदलीय बैठक के बाद यह जानकारी दी। एन.सी.पी. नेता और महाराष्ट्र में भाजपा के सहयोगी प्रफुल्ल पटेल ने बताया कि उनकी पार्टी ने भी सरकार से यही मांग रखी है।

पटेल ने बताया कि 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के मौके पर संसद को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा।

विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पेश किए जाने की मांग कुछ अन्य दलों ने भी की है। इन दलों में बी.जे.डी. और बी.आर.एस. का नाम शामिल है।

जयराम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, कांग्रेस पार्टी पिछले नौ वर्षों से मांग कर रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही राज्यसभा में पारित है जिसे अब लोकसभा द्वारा भी पारित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पहली बार मई 1989 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। यह लोकसभा में पारित हो गया लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में प्रस्ताव गिर गया।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने अप्रैल 1993 में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक फिर से पेश किया और विधेयक पारित हुआ तथा कानून बना। उन्होंने कहा कि अब पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह करीब 40 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री के रूप में, डॉ. मनमोहन सिंह संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाए।

विधेयक नौ मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा, लेकिन इसे लोकसभा में पेश नहीं किया गया।

# पाकिस्तानी ड्रोन ने पंजाब में 5.63 किलो हेरोइन गिराई

- **बी.एस.एफ. के प्रवक्ता ने बताया कि, सुरक्षा बल के जवानों ने पंजाब के सीमावर्ती जिला तरनतारन के गांव टी जे सिंह के पास एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि देखी, ड्रोन से 5.63 किलोग्राम हेराइन गिराई गयी।**

जालंधर, 17 सितंबर (वार्ता)। बी.एस.एफ. ने पिछले 24 घंटों दौरान पंजाब के सीमावर्ती जिलों से एक पाकिस्तानी ड्रोन और पांच किलो 630 ग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है।

बी.एस.एफ. के प्रवक्ता ने बताया कि, सुरक्षा बल के जवानों ने शनिवार को जिला तरनतारन के गांव टी.जे. सिंह के पास एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को भांपते हुए उसे रोकने के लिए तुरंत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चापलूसी का ज़हरीला प्याला आपको तब तक नुकसान नहीं पहुँचा सकता जब तक कि आपके कान उसे अमृत समझ कर पी न जाएँ।

–प्रेमचंद

# बड़ी संपदा है ई-कचरा

वस्तुओं के उपभोग के मामले में पूरी दुनिया स्पष्टतः दो हिस्सों में बंटी हुई है। एक वह दुनिया है जिसे हर चीज़ नई और बेहतर चाहिए, और दूसरी वह दुनिया है जो उसके पास जो है उससे गहरा लगाव रखते हुए उसे ही बरतते रहना चाहती है। भारत में हम आम तौर पर एक कहावत जैसी उक्ति सुनते हैं –'दादा खरीदे, पोता बरते!' हम चीज़ों के साथ स्थायी रिश्ता बनाते हैं और उस रिश्ते की वजह से जब तक भी मुमकिन होता है उन्हीं पुरानी चीज़ों को बरतते रहते हैं। न्न केवल बरतते रहते हैं, इस बात पर गर्व भी करते हैं कि कोई चीज़ हमारे पास कितने समय से है! लेकिन इसी के बरक्स एक और दुनिया है जिसमें हर चीज़ पलक झपकते–झपकते ही पुरानी हो जाती है और उसे बरतने वाले उससे निजात पाकर उसी चीज़ के नए और बेहतर संस्करण को पाने के लिए लालायित हो उठते हैं। यह मानसिकता बहुत यत्न पूर्वक निर्मित की गई है।

आप पर चारों तरफ से होने वाले विज्ञापनों की बौछार आपको पुराने से छुटकारा पाने और नए को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। उत्पादक तरह–तरह की योजनाएं बनाकर आपको ललचाते हैं कि आप अपने पुराने उत्पाद से छुटकारा पाएं और नया ले लें। आखिर आप कितना बचेंगे उनके फैलाये जाल से! मोबाइल के नए मॉडल आ जाते हैं, घरेलू उपकरणों के पिछले रूपों में थोड़ा बदलाव कर उनके नए अवतार बाज़ार में आपको आवाज़ देते हैं, सॉफ्टवेयर और तकनीक के मामले में तो यह और भी अधिक होता है। किसी उपयोगिता से आपका ठीक काम चल रहा है लेकिन क्योंकि उसकी निर्माता कंपनी को आपकी जेब से पैसा खींचना है, वह उस उपयोगिता के लिए अपना तकनीकी समर्थन देना बंद करने की घोषणा कर देती है और आप विवश हो जाते हैं नई उपयोगिता खरीदने के लिए। यही हार्डवेयर के मामले में भी होता है। मान लीजिए मेरे पास दस साल पहले खरीदा एक प्रिण्टर है। अब उसके लिए ड्राइवर (एक तरह का सॉफ्टवेयर) नहीं मिलता तो मुझे उस अच्छे भले और बढ़िया तरह से काम कर रहे प्रिण्टर को कबाड़े में डाल कर नया खरीदने के लिए मज़बूर होना पड़ता है। विभिन्न उत्पादों के निर्माता तरह–तरह के अभियान चलाकर आप पर एक मानसिक दबाव बनाते हैं कि आप पुराने उत्पाद को फेंक कर नया उत्पाद खरीदें। उनके द्वारा काम में ली गई युक्तियों का ही परिणाम होता है कि हममें से बहुत सारे लोग अपने अच्छी तरह से चल रहे उपकरणों आदि से लज्जित अनुभव करने लगते हैं और उन्हें फेंक–फांक कर नया उपकरण खरीदने को विवश हो जाते हैं। और यह सारी दुनिया में हो रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है।

बहुत बार ऐसा भी होता है कि विज्ञापनों आदि के दबाव में आकर आप नया उत्पाद खरीद लेते हैं लेकिन पुराने से पिण्ड छुड़ा नहीं पाते हैं। आप कोई नया मोबाइल, नया टीवी, नया लैप टॉप, या कोई भी और नया उत्पाद खरीद लेते हैं लेकिन पुराने वाले को फेंकने का भी मन नहीं करता।

इस तरह आपके घर में ही कबाड़ का ढेर बढ़ता जाता है। बहुत बार ऐसा भी होता है कि जिस उत्पाद की बजाय आपने नया उत्पाद खरीदा है वह भी चालू हालत में ही होता है। सत्या गुप्ता नामक एक अध्येता ने कुछ समय पहले एक सर्वेक्षण करवाया था, जिसमें भाग लेने वाले उत्तरदाताओं के पास औसतन चार मोबाइल थे जो चालू हालत में थे, लेकिन काम में नहीं लिए जा रहे थे। इधर इस कबाड़, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक कबाड़, को लेकर नई चेतना जगी है और लोग फिक्रमंद होने लगे हैं। इण्डियन सेलुलर एण्ड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन (आईसीईए) और एक नामी आईटी कम्पनी एसेंचर ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि भारतीय घरों में मोबाइल और लैपटॉप मिलाकर ऐसे बीस करोड़ साठ लाख उपकरण हैं जो बेकार पड़े हैं। इनका क्या किया जाए? अब आप चौंकने के लिए तैयार हो जाएं! विशेषज्ञों का कहना है कि यह कबाड़ असल में बहुत बड़ी संपदा है, अगर इसका ठीक से उपयोग किया जाए! हमारे घरों में ये जो बेकार मान लिए गए उपकरण पड़े हैं ये हमारे देश की समृद्धि के लिए बड़े सहायक साबित हो सकते हैं। इन उपकरणों को ई–कचरा कहा जाता है और अध्ययनों से पता चला है कि एक सर्कुलर इलेक्ट्रॉनिक्स बिज़नेस मॉडल को अपना कर सन 2035 तक इस कचरे से सात अरब डॉलर की कमाई की जा सकती है। अगर पब्लिक और प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को अपनाया जाए तो यह कमाई बढ़कर बीस अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। सरल भाषा में बताएं तो सोच यह है कि कबाड़ मानकर तिरस्कृत कर दिए गए उन उपकरणों में से ज़्यादातर को थोड़ी बहुत देखभाल, सार संभाल या रिपेयरिंग से काम में आने योग्य बनाया जा सकता है और इनका अच्छी तरह से उपयोग किया जा सकता है। जो लोग इनको संवारने या दुरुस्त करने का काम करेंगे उन्हें रोज़गार मिलेगा और इस तरह बेरोज़गारी की जिस समस्या से हमारा देश जूझ रहा है उस समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना यह है कि भारत लैपटॉप, मोबाइल और इतर इलेक्ट्रॉनिक सामान के पुनः उपयोग, उसकी मरम्मत, उसे काम चलाऊ बनाने और उसे अद्यतन करने के काम का बहुत बड़ा बाज़ार बन सकता है। इन विशेषज्ञों के अनुसार यह सेक्टर कम से कम पचास लाख रोज़गार पैदा कर सकता है। जब विशेषज्ञ यह दावा कर रहे हैं तो उनके पास इसके लिए पर्याप्त तर्क भी हैं। उनका सोच यह है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के लिए प्रशिक्षित और काबिल तकनीशियनों और इंजीनियरों की बहुत बड़ी संख्या है और उनमें से बहुत सारे अभी रोज़गार के तलबगार हैं। अगर ठीक से योजना बनाकर काम किया जाए तो भारत विश्व का इलेक्ट्रॉनिक्स रिपेयरिंग डेस्टिनेशन बन सकता है। इस संभावना को इस बात से भी बल मिलता है कि दुनिया के बहुत सारे अन्य देशों की तुलना में भारत में मानवीय श्रम सस्ता है इसलिए अन्य देशों से भी उपकरण हमारे यहां रिपेयरिंग आदि के लिए आने लगेंगे।

**विशेषज्ञों का कहना यह है कि भारत लैपटॉप, मोबाइल और इतर इलेक्ट्रॉनिक सामान के पुनः उपयोग, उसकी मरम्मत, उसे काम चलाऊ बनाने और उसे अद्यतन करने के काम का बहुत बड़ा बाज़ार बन सकता है। इन विशेषज्ञों के अनुसार यह सेक्टर कम से कम पचास लाख रोज़गार पैदा कर सकता है।**

ऊपर हमने जिन सत्या गुप्ता को उद्धृत किया है वे एपिक फाउण्डेशन और वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष हैं। उनके अनुसार,; अगर हम अपने इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की रिपेयरिंग करा कर इस्तेमाल करते हैं तो इकॉनॉमी में तीस फीसदी वैल्यू जोड़ते हैं। कहने का मतलब यह कि अगर हम तीन साल चल चुके किसी मोबाइल को रिपेयरिंग करवा कर एक साल और चलाते हैं तो तीस प्रतिशत विदेशी मुद्रा बचा सकते हैं। यह इसलिए कि अभी भी हमारे यहां ज़्यादातर मोबाइल और उनके पाट्र्स आयातित हैं। ऐसा करने से तैंतीस प्रतिशत ई–कचरा भी कम होगा।; उनके इस कथन को इस तथ्य से जोड़कर देखा जाना चाहिए कि हमारे देश में पैट्रोल और सोने के बाद सबसे ज़्यादा आयात इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का होता है। फरवरी 2021 से अप्रेल 2022 के बीच 550 अरब डॉलर के आयात बिल में अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की हिस्सेदारी 62.7 अरब डॉलर की थी। इसका मतलब यह हुआ कि अगर हम कबाड़ मान लिये गए उपकरणों का प्रयोग करते हैं तो न केवल बहुत सारे लोगों को रोज़गार मिलेगा, विदेशी मुद्रा भी बचेगी। इसमें एक बात और जुड़ जाती है और वह यह कि मोबाइल जैसे छोटे–से उपकरण में 14 धातुएं प्रयुक्त होती हैं और उनमें से अनेक बहुत कीमती और दुर्लभ होती हैं। उनमें से कम से कम आठ ऐसी हैं जिन्हें हमें आयात ही करना पड़ता है।

इस दिशा में हम अगर आगे बढ़ते हैं तो न केवल बचत करने और चीज़ों को बर्बाद न करने की भारतीय जीवन शैली का अनुकरण करेंगे, जो उपकरण किसी भी वजह से हमारे लिए अनुपयोगी हो गए हैं उन्हें काम चलाऊ बनाकर उन लोगों तक पहुंचा कर, जिनके पास पर्याप्त वित्तीय साधन नहीं हैं, उनकी भी सहायता करेंगे। लेकिन यह सब कहने में जितना आसान है, व्यवहार में उतना आसान नहीं है। एक बड़ी बात तो यही है कि अब ज़्यादातर उत्पादक ऐसे उत्पादन बनाने लगे हैं जिन्हें रिपेयर किया ही नहीं जा सकता है। ऐसे उत्पादकों को भी विश्वास में लेना और अगर ज़रूरत पड़े तो उन पर समुचित वैधानिक या अन्य तरह का दबाव बनाकर उन्हें रिपेयर होने योग्य उपकरण बनाने के लिए प्रेरित करना ज़रूरी होगा। उनके सहयोग के बिना यह योजना आगे नहीं बढ़ सकती। वैसे भारत सरकार ने एक पोर्टल बनाया है जो वारण्टी अवधि में उपकरणों अदि की रिपेयरिंग की सुविधा प्रदान करता है। अभी तक सत्रह बड़े ब्राण्ड इस पोर्टल पर आ चुके हैं।

लेकिन जब तक यह सारी योजना मूर्त रूप ले, हमें अपनी कामनाओं पर नियंत्रण करके अनावश्यक उत्पादों की खरीद की अपनी लालसा पर नियंत्रण करना होगा। यह देश और दुनिया के भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी है।

–अतिथि संपादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

# दशलक्षण धर्म : "आत्मा के स्वाभाविक धर्म"



भागचंद जैन

जैन धर्म का पर्वराज दशलक्षण धर्म पर्व की आज 19/09/2023 को उत्तम क्षमा धर्म से शुरुआत एवं क्षमा वाणी पर्व मनाने के साथ समापन

जैनधर्म एक अनादि, अनंत, शाश्वत धर्म है। जैन धर्म की शुरुआत इस अवसर्पिणि काल के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के पूर्व से है।

जैन धर्म के तीन मुख्य त्योहारों में 1) षोडश कारण भावना पर्व – भाद्रपद कृष्णा एकम से अश्विन कृष्णा एकम तक 31–32 दिनों तक मनाया जाता है। षोडश कारण भावना का पालन करने से तीर्थंकर प्रकृति का आश्रव (बंधन) होता है, 2) अष्टांहिका पर्व – यह भक्ति का पर्व है, यह वर्ष में तीन बार मनाई जाता है एवं 3) दशलक्षण धर्म पर्व – यह भी वर्ष में तीन बार आता है, लेकिन भाद्रपद में आने वाले इस पर्व को बढ़े ही भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस दौरान आत्मा के दस धर्मों की विशेष आराधना करते है। दस धर्मों का पालन करना साधकों, तपस्वियों के लिए अनिवार्य है एवं श्रावकगण भी आत्म कल्याण के दश धर्मों का पालन करने की चेष्टा करते है।

दशलक्षण पर्व आत्मानुभूति का मार्ग प्रशस्त करता है, इसको पर्वराज भी कहा गया है। जैन धर्म में इस त्यौहार का महत्वपूर्ण स्थान है। यह पर्व जिनमंदिरो में विशेष पूजा एवं बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार में जैन धर्मावलंबी सामान्यतः व्यापार एवं नौकरी से अवकाश पर रहते है। दिगंबर धर्म में 10 दिन तक चलने वाला यह पर्व इस वर्ष 19 सितंबर भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी से प्रारंभ होकर 28 सितंबर – अनंत चतुर्दशी तक जारी रहेगा। इसी क्रम में अश्विन कृष्णा एकम, 30 सितंबर को क्षमावाणी पर्व मनाया जायेगा।

दशलक्षण धर्म पर्व जैसा की नाम से आभास होता है दस धर्मों की पूजा एवं पालना की जाती है। ये दस धर्म है – 1) उत्तम क्षमा, 2) उत्तम मार्दव, 3) उत्तम आर्जव, 4) उत्तम शौच, 5) उत्तम सत्य, 6) उत्तम संयम, 7) उत्तम तप, 8) उत्तम त्याग, 9) उत्तम आकिंचन एवं 10) उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन कर आत्म शुद्धि की जाती है, आत्मानुशासन की और अग्रसर होते है। इन सभी दस धर्म के अंतर्गुण नाम से ही स्वत : स्पष्ट है। ये सभी दस धर्म एक दूसरे के पूरक है। किसी भी एक धर्म की पालना, साधना करने पर शेष सभी धर्म स्वतः आत्मसात हो जाते है एवं साधक के




जीवन का अंग बन जाते है।

इन दस दिनो के दौरान जैन धर्मावलंबी जिन अभिषेक, शांतिधारा, पूजा, पाठ, स्वाध्याय यथावत करते है। प्रति दिन नित्य नियम पूजा के साथ दसों दिन सभी दशलक्षण धर्मों की आराधना का विधान है किंतु महत्ता की दृष्टि से प्रत्येक दिन क्रमशः अलग–अलग धर्म के गुणों का विशेष वर्णन सूक्ष्मतम रूप में करने के साथ आत्मसात किया जाता है। दशलक्षण पर्व के दौरान जैन धर्म के मानने वाले साधना के मार्ग पर चलने हेतु व्रत, उपवास रखते है एवं इस अवधि में पूरी तरह सात्विक भोजन किया जाता है। बहुत से भक्त दस दिनों तक अन्न–जल ग्रहण ही नहीं करते है।श्रावकगण इस समय का सदुपयोग त्याग, तपस्या, आराधना और साधना का मार्ग अपना कर करते हैं। यह पर्व अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करने, आत्मशुद्धि करने एवं कर्मो का क्षय कर मोक्षमार्ग प्रशस्त करने के लिए मनाया जाता है।

जैन धर्मावलंबी इस पर्व के दौरान स्वाध्याय में पूरा ध्यान लगाते है।

पर्व की अवधि में दिया गया दान का भी अपना महत्व है, सभी जैन धर्मावलंबी कुछ न कुछ दान देने का अभिप्राय अवश्य रखते है। दशलक्षण पर्व में व्यक्ति को अपने द्वारा किए बुरे कर्मों की निर्जरा करने एवम बुराई से दूर होने के लिए अवसर मिलता है। ये पर्व जीवो और जीने दो की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। इस पर्व के अंत में अपने द्वारा की गई गलतियों पर विचार कर क्षमा मांगी जाती है। दश लक्षण पर्व आत्मशुद्धि का अवसर प्रदान करता है इसलिए इस दौरान पंच अणुव्रत / महाव्रत यथा अहिंसा अर्थात् किसी को दुख, कष्ट ना पहुंचाना, सत्य के मार्ग पर चलना, चोरी ना करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, परिठाह से दूर रहना, जैन धर्म के सिद्धांतों को रेखांकित करता है।

जीवन को सर्वोत्तम तरीके से जीने की कला सिखाने वाले दश लक्षणों को व्यवहार में उतारने का पर्व दशलक्षण महापर्व है। दश लक्षण धर्म में प्रथम धर्म उत्तम क्षमा धर्म है। क्ष अर्थात् क्षरण मा अर्थात् मान का। क्षमा में अपने अहम का अहंकार का का त्याग आवश्यक होता है। यह इसका मूल सिद्धांत है। कितने भी द्वेष, क्लेश, लड़ाई, झगड़े आदि का कारण अहंकार ही है। क्षमा करना, क्षमा मांगना दोनो ही क्षमा के गुण है। क्षमा के भाव अपना कर हम सभी मानव जीवन को स्वर्ग से भी सांसारिक तौर पर सुंदर, सुखी, आनंद की अनुभूति वाला बना सकते है एवम उसी के द्वारा हम जीवन मरण से छुटकारा पाकर मोक्ष मार्ग की और प्रशस्त सकते है।

क्षमा के ज्ञान हेतु क्रोध की चर्चा होना पूर्णतः मनोवैज्ञानिक है। क्रोध में व्यक्ति दूसरों के साथ स्वयं का भी बहुत नुकसान कर देता है। यह एक ऐसा जहर है जिसकी उत्पत्ति अज्ञानता से एवं अंत पश्चाताप से होता है। क्षमा भाव से हम परिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रव्यापी एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के झगड़े यहां तक की युद्ध भी समाप्त कर सकते है। हम अपनी जीवन यात्रा सुगम कर सकते है।

क्षमा से शारीरिक रोग दूर होते है एवम मानसिक शांति मिलती है। उल्लेखनीय है कि क्षमा धर्म या किसी भी धर्म पर जैन समाज का या किसी का भी कोई भी अधिकार नहीं है, कोई भी इसे अपनाकर अपना जीवन सार्थक बना सकते है। हां, यह जरूर है की जैन धर्मावलंबी क्षमा धर्म को उत्सव, पूजा, कर्म निर्जरा के रूप में प्रति वर्ष ही नही हर पल मनाता है। आज के परिपेक्ष्य में, विध्वंसकारी नीतियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय क्षमा दिवस मनाने की आवश्यकता है। विश्व शांति आपके अंतःस्थल पर अंकित होगी। इस तरह जैन धर्म के बताएं मार्ग पर चलकर विश्वशांति सुनिश्चित की जा सकती है। श्वेतांबर धर्मावलंबियों द्वारा इसे पर्युषण पर्व के रूप में 8 दिन तक, इस वर्ष 12 सितंबर से 19 सितंबर तक मनाया गया है।

–संकलन-भागचंद जैन,
अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम,
जयपुर।

# पुस्तक समीक्षा काव्य संग्रह : "बीच सफर में"



बाल मुकुन्द ओझा

देश और प्रदेश के सुविख्यात कवि, गीतकार, शायर और लघु कथाकार बनवारी शर्मा खामोश किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। दर्जनों प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित खामोश की 1976 से आकाशवाणी और दूरदर्शन से गीत, नज़्में कविताएं बहुतायत से प्रसारित हुई है। खामोश की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पत्र पत्रिकाओं में हजारों रचनाएं प्रकाशित हुई है। जीवन की सहज अनुभूतियों और संवेदनाओं को प्रकट करता उनका नवीनतम काव्य संग्रह बीच सफर में शीर्षक से हाल ही प्रकाशित होकर विमोचित हुआ है। बीच सफर उनका चौथा काव्य संकलन है। खामोश की कविताओं में जिंदगी के बहुत से रंग है। उन्होंने बहुत साफगोई से कविताओं में अपनी बात कही है। कविता संग्रह की कविताएं सहज ही आकर्षित करती है।

हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने में काव्य विधा के रचनाकारों का विशिष्ट योगदान रहा है। प्रस्तुत काव्य पुस्तक में प्रकृति और नैसर्गिक वातावरण को साधारण से शब्दों के माध्यम से संप्रेषित करना एक अनूठा प्रयोग है। निश्चय ही मन पर अमिट छाप छोड़ने वाली है खामोश की कविताएं। पुस्तक केवल कविताओं का ही नहीं बल्कि भावनाओं, संवेदनाओं और अभिव्यक्ति का भी सशक्त संग्रह है। इस संग्रह में कुल 46 कविताओं को शामिल किया है। सभी कविताएं हृदय को छूने वाली है। आशा है कि यह कविता संठाह पाठकों को पसंद आएगा।

बीच सफर काव्य संग्रह में अपनी कविता मत आना में जीवन के सतरंगी संघर्ष को बयां करते हुए कवि लिखते है–

मना किया है
कुछ यादों को
शाम ढले तुम मत आना।

महानगरीय संस्कृति पर कवि अपनी कविता ना भाई ना में लिखते है–

गांव को वापिस
जाते जाते
अपनापन क्यों
छोड़ गए ?
महानगर में
इसका कोई मोल नहीं है।

कवि ने समाज में फैली बुराइयों पर मैने शीर्षक कविता में इन शब्दों से हमला किया है –

झूठों में
सच्चे लोगों का
जिक्र किया मैने
मधुमक्खी के
छत्तें को यूँ ही
छेड़ दिया मैंने

शायद शीर्षक कविता को इन शब्दों में उकेरा –

बड़ी देर तक
सोच समझ कर
बात कही होगी
कड़वी सच्चाई
कहने में देर लगी होगी।

सियासत पर अपनी पेनी निगाह रखते हुए रखते हुए कवि लिखते है –

ये जो आज़ादी के
नग्मे गाने वाले है
फकत जुबानों के झंडे लहराने वाले है।

समीक्षक कृति : बीच सफ़र में।
कवि : बनवारी शर्मा खामोश
प्रकाशक : ज्योति पब्लिकेशन, बीकानेर।
पृष्ठ : 96
मूल्य : 250 रूपये

–बाल मुकुन्द ओझा,
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार




# बाबा के जयकारों से गूंजी रामदेवरा नगरी

■ लोकदेवता बाबा रामदेवजी के 639वें भादवा मेले का शुभारंभ

**पोकरण/रामदेवरा,** (निसं)। रामदेवरा में करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक लोकदेवता बाबा रामदेव के 639वें भादवा मेले का शुभारंभ भादवा बीज रविवार को अलसुबह बाबा रामदेव की समाधि की विधिवत पूजा–अर्चना के साथ हुआ।

रविवार अलसुबह जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूरणमल शर्मा, जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान एवं गादीपति राव भोमसिंह तंवर ने बाबा रामदेवजी की समाधि का पंचामृत से अभिषेक कर उनकी विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान समाधि पर नई चादर चढ़ाई गई। साथ ही विभिन्न पुष्पमालाओं से समाधि का श्रृंगार किया गया। बाबा को मेवा मिष्ठान एवं मिश्री का भोग लगाया गया। अतिथियों ने बाबा की समाधि पर चंवर ढुलाया तथा बाबा की जोत के दर्शन किए। पुजारियों द्वारा अतिथियों को बाबा का प्रसाद दिया गया व पवित्र झारी का जल आचमन करवाया गया। सभी अतिथियों ने बाबा रामदेव जी की समाधि की पूजा–अर्चना कर देश में अमन, चैन एवं खुशहाली की मंगल कामना की। मंगला आरती के अवसर पर मंदिर के प्रवेश द्वार के खुलते ही



रामेदवरा में बाबा रामदेवजी की दूज पर भक्तों ने दर्शन किये।


बाबा के भक्तजनों ने बाबा के जयकारे लगाते हुए बड़े उत्साह के साथ मंदिर में प्रवेश किया। जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। सभी भक्त बाबा की समाधि के दर्शन कर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे थे। पूरी रामदेवरा नगरी बाबा रामदेव के भक्तों से भरी हुई है। प्रशासन की व्यवस्थाओं के बाद भी बाबा के भक्तों की पांच किलोमीटर से भी लम्बी लम्बी कतारें लगी है। वहीं प्रशासन द्वारा छाया व पानी कि उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को दर्द सहना पड़ रहा है। जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भक्तों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रखें एवं मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई, बिजली एवं पानी की व्यवस्थाओं को सुचारू रखने की बात भी कही। साथ ही सभी अधिकारियों को टीम भावना से काम करने के निर्देश दिए। ,

इस अवसर पर सरपंच समंदर सिंह तंवर, उपखंड अधिकारी गोपाल परिहार, भणियाणा उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश, बीडीओ किशोर कुमार सहित पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी और मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## वर्षा नहीं होने से फसलों को नुकसान पहुंचा

**सादुलपुर,** (निसं)। उपखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अगस्त महीने में मानसून लगभग शुष्क रहा। वही जुलाई महीने में लहरा रही फसलें अगस्त में मानसून का ब्रेक होने के कारण लंबे अंतराल के बाद भी वर्षा नहीं होने से मूंग, चवलां व दल्हन की फसलों में काफी नुकसान पहुंचा। मगर अब बीते एक–दो दिनों में मानसून क्षेत्र में सक्रिय है। हालांकि रविवार को कई जगहों पर बरसात हुई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लोग लावणी कटाई में लगे हुए हैं। हर दिन बूंदाबांदी आंधी, तुफान से लावणी कटाई में खासा असर देखने को मिल रहा है। बदले मौसम के चलते किसानों की चिंता की लकीरें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कर्ज लेकर की गई खेती मानसून कमजोर रहने तथा अब आंधी–तूफान की मार के कारण पैदावार औसत कम होने के कारण घर खर्च चलाना भी बहुत मुसीबतमय हो गया है। उपखंड के भाकरां गांव के समाजसेवी किसान नेतराम मेहरा का कहना है कि हर साल मौसम की मार के कारण किसानों की कमर टूटती जा रही है। सरकार की तरफ से किसानों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 18 सितम्बर, 2023**

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, चित्रा नक्षत्र दिन 12:08 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 4:23 तक, गर करण दिन 12:40 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कन्या, बुध–सिंह, गुरू–मेष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 12:08 से आरम्भ होगा। भद्रा रात्रि 1:12 से मंगलवार दिन 1:44 तक है। आज हरितालिका निषेद है। चन्द्रस्त जयपुर में रात्रि 8:21 पर होगा। आज रोट तीज (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय 7:48 तक, शुभ 9:14 से 10:50 तक, चर 1:52 से 3:23 तक, लाभ–अमृत 3:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:25

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त हो सकते हैं। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक आयोजन हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार में सामाजिक–शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। घर–परिवार के कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी।

**तुला**
मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक मामलों में आज लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# 'एंटी इनकंबेंसी भी है, अधिकांश मंत्री विधायकों की हालत भी खराब है'

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से कराये गये दोनों सर्वे के अनुसार ऐसी चर्चा है

- अब क्या कांग्रेस सवा सौ नए चेहरे उतार कर एंटी इनकंबेंसी कम कर पाएगी या फिर बड़े नेताओं की पसंद के लोग ही चुनाव लड़ेंगे
- वर्तमान मंत्री विधायक ही नहीं बल्कि पिछली बार हारी हुई 40 से ज्यादा सीटों पर भी कांग्रेस की हालत अच्छी नहीं बताई जा रही

**जयपुर, (का.प्र.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मंत्री-विधायक यह कहते नहीं थक रहे हैं कि राजस्थान में इस बार एंटी इनकंबेंसी नहीं है, लेकिन अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से कराए गए एक सर्वे तथा उसके अलावा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से एक विज्ञापन एजेंसी के जरिए कराए गए सर्वे के अनुसार कहा जा रहा है कि एंटी इनकंबेंसी भी है और अधिकांश मंत्री-विधायकों की हालत अपने क्षेत्र में बेहद खराब है। इतना ही नहीं पिछली बार जो उम्मीदवार चुनाव हारे थे, इस बार भी उनकी जीत की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसे में सरकार रिपीट करने की बात करने वाली कांग्रेस क्या वर्तमान मंत्री-विधायकों में से 70 से ज्यादा लोगों के टिकट काटने का जोखिम उठा पाएगी। साथ ही पिछली बार हारने वाले 40 से ज्यादा उम्मीदवारों को बदल पाएगी।

हालांकि जहां तक सर्वे की बात है तो हर चुनाव में कांग्रेस इसी तरह के सर्वे की बात करती है। टिकट के लिए नए-नए मापदंड तय करती है, लेकिन जब उम्मीदवारों की सूची सामने आती है, तो हमेशा की तरह ही नेताओं की पसंद बनने वाले ही उम्मीदवार बनने में सफल होते हैं। यानी कि जिन सर्वे रिपोर्ट के आधार पर दावेदारों को डराया जाता है, या पैनल बनाने की बात होती है, वह उम्मीदवारी घोषित होने तक बेमानी साबित हो जाते हैं।


इस बार भी कांग्रेस बार-बार कह रही है कि सिर्फ जिताऊ ही मापदंड होगा। यानी कि इस बार दो बार हारने वाले उम्मीदवारों को भी टिकट की उम्मीद है। इतना ही नहीं पार्टी ने इस बार यह भी कहा है कि उम्र की भी कोई सीमा नहीं है। खुद मुख्यमंत्री कह चुके हैं कि कर्नाटक में 80 साल से ज्यादा के लोगों को टिकट दिया और वह चुनाव जीते। जब यह बात पार्टी कर रही है, तो फिर तय है कि इस बार पार्टी का किसी तरह का कोई मापदंड उम्मीदवार के लिए है ही नहीं। यदि पार्टी में मापदंड ही तय होता, तो फिर दो बार हारने वालों और 80 साल के लोगों को टिकट दिए जाने की चर्चा खुद मुख्यमंत्री ही क्यों करते?

जहां तक टिकट काटने की बात है तो हर चुनाव में कांग्रेस पुराने चेहरों के स्थान पर 50 से 60 नए लोगों को टिकट देती आई है और पिछली बार करीब 90 के आसपास टिकट नए लोगों को दिए गए थे। इसके बावजूद 2003 के चुनाव में पार्टी 1998 के मुकाबले 100 सीटों पर चुनाव हारी थी। 2008 में भी बड़ी संख्या में नए उम्मीदवार उतारे थे, इसके बावजूद पार्टी बहुमत से दूर 96 सीटों पर रुक गई थी। 2013 में भी कांग्रेस ने नए उम्मीदवारों को मौका दिया था लेकिन इसके बावजूद पार्टी अब तक की सबसे करारी ऐतिहासिक हार झेलते हुए 21 सीटों पर आ गई थी। 2018 में तो आधे से ज्यादा टिकट नए चेहरों को दिए थे। इसके बावजूद कांग्रेस बहुमत से एक सीट कम यानी कि 99 पर आकर रुक गई थी।

दरअसल कांग्रेस नए चेहरे उतारने की बात तो करती है। मापदंड की बात भी करती है, लेकिन जब नए चेहरों को उतारने की बात होती है, तो अधिकांश चेहरे नेताओं के परिवारों से होते हैं या फिर बड़े नेताओं की पसंद के होते हैं। ऐसे में नए चेहरे उतारकर पार्टी जीत जाए, इसकी भी कोई गारंटी नहीं होती है।

यही कारण है कि इस बार भी भले ही पार्टी पांच सर्वे करने की बात कहे लेकिन जिस तरह से खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सर्वे करने वाले व्यक्ति का नाम युवा कांग्रेस की बैठक में लिया था। उसके बाद में सरकार का काम देखने वाली विज्ञापन एजेंसी का नाम सर्वे के लिए चर्चाओं में है। उससे स्पष्ट है कि सर्वे किस तरह से किया जा रहे हैं और उन सर्वे के जरिए किस तरह के उम्मीदवार ढूंढने के प्रयास हो रहे हैं।

फिलहाल तो जो चर्चाएं निकलकर आई है कि सर्वे में पार्टी के वर्तमान मंत्री-विधायकों के जीतने की स्थिति नजर नहीं आ रही है। अब देखना यह है कि इन सर्वे के आधार पर क्या पार्टी राजस्थान में सवा सौ से ज्यादा नए उम्मीदवार उतार पाएगी या फिर हमेशा की तरह नेताओं की पसंद बने लोगों को उम्मीदवार बनाकर एंटी इनकंबेंसी का सामना करेगी।



चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में त्रिदिवसीय गणेश महोत्सव के अवसर पर महंत राहुल शर्मा के सानिध्य में केसर जल से महास्नान कराया गया, सिंदूर का चोला चढ़ाकर विशेष दूर्वा की झांकी सजाई गई। युवाचार्य पं.अमित शर्मा ने बताया कि महोत्सव में रविवार को भगवान गणपति के समक्ष 31 हजार लड्डू की झांकी सजाई गई व शाम को महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे व 11 हजार दीपों से महाआरती का आयोजन किया गया।

# भारतीय वायुसेना द्वारा सूर्य किरण एरोबेटिक डिस्प्ले का समापन

**जयपुर, (का.सं.)।** भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम द्वारा 15 से 17 सितंबर 2023 तक जयपुर में जल महल के ऊपर एक वायु जागरूकता प्रदर्शन आयोजित किया गया।

हवाई प्रदर्शन 15 और 16 सितंबर को अपराह्न 3.30 से 4.30 बजे के बीच आयोजित किया गया था, जिसमें जल महल के ऊपर नौ विमानों की संरचना में प्रवेश किया गया , जो जल महल के ऊपर लंबवत रूप से ऊपर की ओर जा रहे थे, और अंत में एक हीरे का आकार बनाते थे। टीम ने तेजस विमान के आकार में उड़ान भरी और विक्रम लैंडर के आकार में उड़ान भरकर इसरो के मिशन चंद्रयान -3 के लिए एक युद्धाभ्यास भी समर्पित किया। टीम ने कई चुनौतीपूर्ण युद्धाभ्यास किए जिनके लिए पूर्ण सटीकता, सिंक्रनाइज़ेशन और बहुत उच्च स्तर की पेशेवर क्षमता की आवश्यकता होती है। 20 मिनट के प्रदर्शन का समापन हार्ट विद क्यूपिड एरो फॉर्मेशन के साथ हुआ।

17 सितंबर को समापन समारोह के लिए लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ दक्षिण पश्चिमी कमान और अन्य नागरिक व्यक्ति उपस्थित थे। हालांकि, खराब मौसम की स्थिति के कारण प्रदर्शन आयोजित नहीं किया जा सका।

इस हवाई प्रदर्शन को हर दिन लगभग 30,000 दर्शकों ने देखा, जिनमें लगभग 6000 छात्र और एनसीसी कैडेट शामिल थे। भारतीय वायु सेना ने हवाई प्रदर्शन देखने वाले छात्रों और बच्चों को आकर्षक विमान पोस्टर और स्टिकर वितरित किए। इस शो ने एक ओर जहां युवा पीढ़ी को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, वहीं दूसरी ओर, इसने भारतीय वायु सेना में अदम्य भावना और अनुशासन की विशेषताओं को प्रदर्शित किया। भारतीय वायुसेना और नागरिक प्रशासन के बीच सक्रिय समन्वय ने कार्यक्रम का कुशल संचालन सुनिश्चित किया, जिसकी काफी सराहना की गई।

# एमएसपी अधिकार के लिए बलिदान देने की आवश्यकता : रामपाल जाट

**जयपुर, (का.सं.)।** 11 राज्यों के किसान प्रतिनिधियों ने नागपुर में 29-30 जुलाई को किसान महापंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया। जिसकी प्रतियां केंद्र एवं राज्यों को प्रेषित कर दी गई। राजस्थान के किसानों ने पांच रथों से 10 दिवसीय एम.एस.पी. अधिकार यात्रा 24 अगस्त से 2 सितंबर तक आयोजित की।

न्यूनतम समर्थन मूल्य तो व्यवस्था परिवर्तन का आरंभिक चरण है। राजनीतिक दलों में व्यवस्था परिवर्तन की मनः स्थिति हो तो जनता को संघर्ष की आवश्यकता नहीं है। इसके अभाव में संघर्ष ही विकल्प है। कृषि प्रधान देश में किसान की खुशहाली और देश की खुशहाली समान अर्थ वाली है। देश की समृद्धि का रास्ता भी यही है, जिसे शासन कर्ताओं ने छोड़ दिया है और विकास के नाम पर अंतहीन अंधेरी गली की ओर मुड़ गए हैं। हम सभी किसान प्रतिनिधि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के कानून के लिए कृत संकल्प है। उस दिशा में अपने स्वप्नों और अरमानो की बलि चढ़ाकर व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में वोट की चोट को माध्यम बनाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की शक्ति के प्रदर्शन के लिए चुनाव में भागीदारी करेंगे।

## कोटा, बूंदी और करौली में खुलेंगे बालिका छात्रावास

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य सरकार प्रदेश में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए अहम निर्णय ले रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभिन्न जिलों में नवीन बालिका छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए 2.50 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

- पीएम मोदी का जीवन देश को समर्पित, मातृशोक पर भी अवकाश नहीं : नारायण पंचारिया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा की ओर से मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के तहत रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पीएम मोदी के बाल्यकाल से राजनैतिक जीवन की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, राज्यसभा सांसद डॉ.किरोड़ीलाल मीणा और भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन देश के लिए पूरी तरह समर्पित रहा है। उनके भीतर बचपन से ही देश सेवा का जज्बा रहा है। इसका हम सभी के सामने प्रत्यक्ष उदाहरण है कि पीएम बनने के बाद से निरंतर नौ साल बिना किसी अवकाश के देशसेवा में जुटे हुए है। मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने मातृशोक होने के बाद भी अवकाश नहीं लिया और लगातार तय कार्यक्रमों में भाग लिया। आज जो प्रदर्शनी लगाई गई है इसमें उनके अध्ययन, आध्यात्म की ओर रूझान, महापुरूषों का अनुसरण और देश के दलित और वंचित लोगों का सम्मान शामिल किए गए। पीएम मोदी के दूरदर्शी सोच के चलते ही आज भारत का दुनिया में परचम लहराया है। हाल ही में भारत ने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग के मुकाम को पाया और जी-20 की अध्यक्षता से पीएम मोदी ने यह साबित कर दिया कि भारत को भविष्य में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# बंजारा समाज ने लिया नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प

**जयपुर।** घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर की ओर से रविवार को अपनी बस्ती अपना हवन कार्यक्रम के अंतर्गत कालवाड़ रोड माचवा की राम कुटिया स्थित बंजारा बस्ती में सुबह नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया।

बाबा रामदेव जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में साठ जोड़ों ने गायत्री मंत्रोच्चार के साथ दो पारियों में आहुतियां अर्पित कीं। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के विद्वानों की टोली ने विधि विधान से यज्ञ करवाया। व्यासपीठ से प्रहलाद शर्मा और विपिन पारीक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प करवाया। उपस्थित सभी लोगों ने हवन की पूर्णाहुति में किसी भी तरह का नशा नहीं करने, अभक्ष्य भोजन का त्याग करने का संकल्प लिया।मुख्य वक्ता घुमंतू जाति उत्थान न्यास के जयपुर महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित लोगो को राष्ट्र विकास में मिलकर योगदान का आग्रह किया। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनोज पारीक ने दुपट्टा ओढ़ाकर सभी का अभिनंदन किया। बंजारा समाज के भैंरूराम बंजारा और भंवरराम बंजारा ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर नेत्र रोग परीक्षण शिविर और नशा मुक्ति प्रदर्शनी भी लगाइ।

# कर्मचारियों से किए वादों को पूरा करें सरकार : महासंघ एकीकृत

**जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कांग्रेस के जन घोषणा पत्र-2018 में कर्मचारियों से किए वादों को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि सरकार ने अगर आचार संहिता से पूर्व उन वादों को पूरा नहीं किया तो आगामी चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कोई विश्वास नहीं करेगा।

गौरतलब है कि पिछले चुनाव में कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर करने का वादा किया गया था। सरकार ने सामंत कमेटी और खेमराज कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद भी उन कमेटियों की रिपोर्ट को आज तक सार्वजनिक नहीं किया है। इससे प्रदेश के राज्य कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों व ठेका कर्मियों सहित सभी अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने का भी वादा किया गया था। लेकिन सरकार ने केवल राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 बनाकर ही संतोष कर लिया है। इसमें ठेका कर्मियों, आंगनबाड़ी कर्मियों एवं जनता जल कर्मियों सहित अन्य अस्थाई कर्मचारियों को शामिल नहीं किया है। इसके जो नियम बनाए गए हैं वे भी कर्मचारियों के साथ छलावा है। उनमें कार्मिकों को नियमित करने के बजाय आजीवन संविदा कर्मी रखने की योजना है। यह कर्मचारी भविष्य में कभी भी नियमित कर्मचारियों के समान वेतन प्राप्त नहीं कर सकेंगे। महासंघ की मांग है के इन सभी अस्थाई कार्मिकों को पूर्व नियमित कर्मचारियों के समान ही नियमित किया जाए।

एक अन्य बयान में राठौड़ ने कहा कि चयनित वेतनमान का लाभ 9,18 व 27 वर्ष के स्थान पर 8,16, 24 व 32 वर्ष पर पदोन्नित पद के सामान देने, बजट घोषणाओं के क्रियान्वित करने एवं ग्रामीण कर्मचारियों को ग्रामीण भत्ता देने सहित 17 सूत्री मांगे राज्य सरकार के पास पिछले काफी समय से विचाराधीन है। उन पर भी सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया है। राठौड़ ने कहा कि अगर समय रहते सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो आगामी चुनावों में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## एटीएस ने पीएफआई के समर्थक को पकड़ा

**जयपुर।** भारत में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का समर्थन करने और सोशल मीडिया के जरिए लोगों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भड़काने व उकसाने के मामले में एटीएस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल भी जब्त किए हैं, जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए उपयोग करता था। फिलहाल एटीएस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एडीजी एटीएस-एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोहेल भिश्ती (22) पुत्र सिराज मोहम्मद भिश्ती निवासी शाहपुरा भीलवाड़ा हाल भोपालपुरा मस्जिद के पास है। पुलिस उप महानिरीक्षक एटीएस अंशुमन भोमिया ने बताया कि सोहेल भिश्ती नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग कर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने की सूचना प्राप्त हुई। एटीएस की टीम को तुरंत कार्रवाई के लिए भीलवाड़ा भेजा गया। टीम ने संदिग्ध सोहेल भिश्ती को पकड़कर जांच की। जांच में मोहम्मद सोहेल भिश्ती के सोशल मीडिया के जरिए लोगों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने व भड़काने में संलिप्त पाया गया।

# भाजपा और एनडीए के साथ किसी प्रकार के रिश्तों के विरुद्ध जनता दल (सेकुलर)

- जनता दल सेक्युलर राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय का राजस्थान इकाई ने विरोध किया

**जयपुर।** जनता दल सेक्युलर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ने और लोकसभा की सीटों के बंटवारे को लेकर किए जा रहे निर्णय के विरुद्ध जनता दल (सेक्युलर) की राजस्थान इकाई ने विरोध किया है।

जनता दल सेक्युलर प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन देथा ने एक प्रेस वक्तव्य जारी करके कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार संविधान को समाप्त करने पर आमदा है। संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बना रही है। सारी व्यवस्था स्वेच्छाचारी तरीके से चला रही है। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक किसान आंदोलन के खिलाफ शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रही है। मजदूरों के अधिकार छीन रही है। आरक्षण को समाप्त कर रही है। जनता की गाढ़ी कमाई और श्रम से तैयार किए गए सरकारी प्रतिष्ठानों को बेच रही है। इनमें रोजगार समाप्त कर रही है। महंगाई आसमान पर है। 121 देशों के दरिद्रता इंडेक्स में भारत का स्थान 107 वाँ है। आमजन का जीना मुश्किल हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में भाईचारा नष्ट कर दिया है। सरकार पोषित और संरक्षित निजी अर्ध सैनिक गिरोह जब चाहे जहां चाहे किसी की भी जान ले रहे हैं। मणिपुर के ताजा हालात जहां बेशर्मी के साथ वहशी भीड़ ने बहन बेटियों की इज्जत लूटने का काम किया और तो और बच्चों और निरपराध लोगों को कत्ल करने का काम भी कर रही है।

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार इन वहशी दरिंदों को और उनका संरक्षण देने वाले मणिपुर के मुख्यमंत्री को लगातार बचाती रही है। एक दूसरे राज्यों के बीच में तनाव का माहौल बना रही है, देश में खूनी और विस्फोटक हालत बना रही है और इसी खूनी खेल के आधार पर पुनः येन केन प्रकारेण सत्ता में आने पर आमादा है। ऐसी स्थिति में आज की हालत में भाजपा की फासीवादी सरकार के खिलाफ एकजुट संघर्ष की जरूरत है।

## मिश्री लाल सैनी निर्विरोध अध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान सैनी अधिकारी एवं कर्मचारी विकास संस्था के अलवर किशनगढ़-बास के मिश्री लाल सैनी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सुचित किया जाता है की हमारे पूजनीय **श्री हरफूल जी निठारवाल** का आकात्मिक सवर्गवास शनिवार 16-09-2023 को हो गया है! तीये की बैठक सोमवार 18-09-23 को सायं 1 से 3 बजे तक हमारे निवास स्थान गाँव - टीलावास (महिंद्रा सेज) अजमेर रोड पर होगी।

**शोकाकुलः** हनुमानसहाय, बाबूलाल, (भाई), दिनेश, राहुल (पुत्र) ओमप्रकाश (भानजा) छीतर, बुद्धिप्रकाश, छाजु, मुकेश, ओमप्रकाश, जितेन्द्र (भतीजे) एवं समस्त निठारवाल परवार

मो - 9414077293, 9214224466


## 62 पदों का होगा सृजन

**जयपुर।** राज्य की क्रमोन्नत 5 तहसीलों (रारह-भरतपुर, जसरासर-बीकानेर, पापड़दा-दौसा, सरदारगढ़-राजसमंद, बारापाल-उदयपुर) एवं 3 उप तहसीलों (श्रीबालाजी-नागौर, भण्डारी-सीमलवाडा डूंगरपुर, ओगणा-झाडोल उदयपुर) के लिए 62 विभिन्न पदों का सृजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। क्रमोन्नत तहसीलों में तहसीलदार, तहसील राजस्व लेखाकार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, कनिष्ठ लेखाकार, सूचना सहायक, वरिष्ठ सहायक, ऑफिस कानूनगो एवं रिसोर्स परसन पटवारी के 5-5 पदों व कनिष्ठ सहायक के 10 पदों सहित कुल 50 पद सृजित किए गए हैं।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम मनीष कुमार से बदलकर मनीष गोयल पुत्र रमेश गोयल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी 710, 7वां फ्लोर, मिडास टच, मोजिका, मल्होत्रा नगर, विद्याधर नगर, जयपुर

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि मृतक ओमप्रकाश केडिया पुत्र स्व. श्री हनुमान प्रसाद केड़िया की किराएशुदा दुकान स्थित मकान नंबर 617 रास्ता विद्याधर, जयपुर का कब्जा 17.09.2023 को मैंने मालिक दुकान ने ले लिया है तथा दुकान में रखे सामान को आज से 10 दिनों के भीतर मुझ से प्राप्त किया जा सकता है।

अजीत जूनीवाल, मो.नं. 9414054178

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री मुकेश सिंह तंवर पुत्र श्री श्रवण सिंह तंवर के नाम से आवासीय प्लाट नं.75, हनुमान वाटिका, कालवाड रोड, गोकुलपुरा, जयपुर (राज.) में स्थित है जिस पर मेरे पति श्री मुकेश सिंह तंवर ने एचडीएफसी बैंक (बैंक में विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) से जरिये ऋण खाता संख्या 630382069 से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त प्लाट नं.75, हनुमान वाटिका, कालवाड रोड, गोकुलपुरा, जयपुर (राज.) के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक (बैंक से विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में रहन (Mortgage) कर रखे है।

यह कि मेरे पति श्री मुकेश सिंह तंवर पुत्र श्री श्रवण सिंह तंवर का दिनांक 27.05.2023 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी बैंक (बैंक से विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त आवासीय प्लाट नं.75, हनुमान वाटिका, कालवाड रोड, गोकुलपुरा, जयपुर (राज.) के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी बैंक, शाखा सी-25, भगवान दास रोड, सी-स्कीम, जयपुर (फोन नम्बर 0141-6480799) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।

(श्रीमती भंवर कंवर) पत्नी स्व.श्री मुकेश सिंह तंवर निवासी 75, हनुमान वाटिका कालवाड रोड, गोकुलपुरा जयपुर-302012 (राज.), मोबाईल नम्बर-7568581906

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

समक्ष अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, क्रम संख्या 2 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध प्रशान्त प्रजापत एवं अन्य

वाद बाबत वसूली 2,81,719.00/- रुपये वाद संख्या 24 सन् 2022

बनाम 1. प्रशान्त प्रजापत पुत्र श्री लालचन्द प्रजापत, निवासी:- प्लॉट नं. 99, कृष्णा सागर कॉलोनी, श्री राम पुरा बास, भांकरोटा, जयपुर-302020

2. श्रीमती सुलोचना प्रजापत पत्नी प्रशान्त प्रजापत निवासी:- प्लॉट नं. 99, कृष्णा सागर कॉलोनी, श्री राम पुरा बास, भांकरोटा, जयपुर-302020

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 04 माह अक्टूबर सन् 2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद दिनांक 05 माह 09 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया। आज्ञा से रीडर

अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट संख्या 02 जयपुर महानगर द्वितीय

(सील)

**M/S Triveni Associates**

Add.: Plot No. 1&2, Shardul Singh Market Khatipura Road, Jhotwara, Jaipur

Ref.No....... Date: 17.09.2023

हमारी फर्म मैसर्स त्रिवेणी एसोसिएट्स वर्तमान रजिस्टर्ड आफिस प्लाट नम्बर 1, 2 सादूल सिंह मार्केट खातीपुरा जयपुर पूर्व आफिस 501 पिंक टॉवर टोंक रोड जयपुर यह फर्म रजिस्ट्रार ऑफ फर्म के जयपुर कार्यालय में पंजीकृत है। जिसमें चार पार्टनर राजेश कुमार गोयल HUF गिरिराज अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल और पवन अग्रवाल थे। जिसमें से राजेश कुमार गोयल HUF गिरिराज अग्रवाल व पवन अग्रवाल अपनी स्वैछ्या से दिनांक 15.09.2023 को रिटायर्ड हो गये है। इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है। वह राहुल अग्रवाल, रोहित अग्रवाल दिनांक 14.09.2023 को फर्म में नये साझेदार के रूप में आ गये है। सूचित रहे।

For-Triveni Associates, Partner

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5 )

समक्ष अपर सिविल न्यायाधीश, क्रम संख्या 3 जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध आकाश अपलवानी

वाद बाबत वसूली 1,29,832.00/- रुपये वाद संख्या 61 सन् 2021

बनाम आकाश अपलवानी (असेट्स सेल्स एक्जीक्यूटिव) पुत्र श्री महेश अपलवानी, निवासी- 119/455, सेक्टर व 11, ब्लॉक नं. 119, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-302020 एवं केयर ऑफ एस.बी.आई. कैप सिक्योरिटीज लिमिटेड, प्लॉट नं. 8, कटेवा भवन, द्वितीय तल, गणपति प्लाजा के सामने, एम.आई. रोड़, जयपुर-302001 एवं केयर ऑफ एस.बी.आई. कैप सिक्योरिटीज लिमिटेड, खेत्र कन्सलटेन्सी सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, 15 गुरूनानक निवास, तृतीय तल, 89/91, भण्डारी स्ट्रीट मस्जिद (पश्चिम), मुम्बई 400003

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 04 माह अक्टूबर सन् 2023 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद दिनांक 11 माह 09 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या 03 जयपुर महानगर द्वितीय

(सील)


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, विराटनगर, जिला कोटपुतली-बहरोड, राजस्थान**

Ph.: 01422-243929, Email-viratnagar.jaipur@yahoo.com

क्रमांक-न.पा.वि./2023-24/483 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक-15/09/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकों द्वारा पालिका में आवेदन प्रस्तुत कर व्यवसायिक पट्टा, आबादी भूमि का पट्टा एवं कृषि भूमि नियमन 69 (क) के तहत पट्टा चाहा गया है। यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति दस्तावेजों के साथ 07 दिवस में अन्दर-अन्दर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गगज में) | खसरा नम्बर | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2886/1, 2887 | कृषि भूमि |
| 2 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2886/1, 2887 | कृषि भूमि |
| 3 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 4 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2886/1, 2887 | कृषि भूमि |
| 5 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 205.44 | 2889, 2887 | कृषि भूमि |
| 6 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 7 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 210.44 | 2888, 2887 | कृषि भूमि |
| 8 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 242.55 | 2889 | कृषि भूमि |
| 9 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 377.55 | 2889 | कृषि भूमि |
| 10 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 197.11 | 2892 | कृषि भूमि |
| 11 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 12 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 13 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 198.66 | 2892 | कृषि भूमि |
| 14 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 15 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 249.55 | 2892 | कृषि भूमि |
| 16 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 333.33 | 2889 | कृषि भूमि |
| 17 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 235.66 | 2889 | कृषि भूमि |
| 18 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2892 | कृषि भूमि |
| 19 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2885, 2887, 2886/1 | कृषि भूमि |
| 20 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2887 | कृषि भूमि |
| 21 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2889 | कृषि भूमि |
| 22 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2887, 2886/1 | कृषि भूमि |
| 23 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2889 | कृषि भूमि |
| 24 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2887, 2886/1 | कृषि भूमि |
| 25 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2889 | कृषि भूमि |
| 26 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2887, 2889 | कृषि भूमि |
| 27 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 200.00 | 2889 | कृषि भूमि |
| 28 | पूरणमल मीणा पुत्र श्री भागीरथ मीणा | वार्ड नं.08 विराटनगर | 338.41 | 2889 | कृषि भूमि |
| 29 | 1. श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल 2. अजय कुमार पुत्र श्री शिव चरण गोयल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 1196.00 | 2941 | कृषि भूमि |
| 30 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 144.92 | 2972, 2973, 2974 | व्यवसायिक |
| 31 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 22.61 | | व्यवसायिक 69(क) |
| 32 | श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री कल्याण सहाय अग्रवाल | वार्ड नं.08 विराटनगर | 215.33 | 2792, 2973, 2974 | व्यवसायिक |
| 33 | श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री बजरंग लाल गुप्ता | वार्ड नं. 05 विराटनगर | 491.41 | 2651 | व्यवसायिक |
| 34 | श्री जगदीश प्रसाद, मुरलीधर, दाताराम पुत्र स्व.श्री महावीर प्रसाद गुर्जर | वार्ड नं. 05 विराटनगर | 165.59 | 2649 | मिश्रित 69 (क) |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका विराटनगर

# जवाई बांध के छह गेट एक-एक फीट खोले, जवाई नदी में हुई पानी की आवक

## रविवार को पाली शहर समेत जिलेभर में बारिश का दौर जारी रहा, जो कभी रिमझिम तो बहुत तेज रहा

- **कलेक्टर ने जालोर, आहोर एवं सायला उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, तहसीलदारों, थाना अधिकारियों एवं कार्मिकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए**
- **सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्र पर सोमवार 18 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया**

**जालोर/पाली,** (कासं)। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े जवाई बांध के छह गेट एक-एक फीट खोले। इस पानी की आवक से जानमाल का नुकसान न हो, इस संबंध में जिला कलेक्टर ने जालोर, आहोर एवं सायला उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों, तहसीलदारों, थानाधिकारियों एवं कार्मिकों को अलर्ट रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं रविवार को जवाई नदी में पानी की आवक होने पर जवाई नदी पर लोगों की भीड़ नजर आई। जालोर जिले में मौसम विभाग द्वारा भारी बरसात की चेतावनी एवं जिले में लगातार हो रही बरसात को देखते हुए जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशानुसार सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केंद्र पर सोमवार 18 सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी भैराराम चौधरी ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के अतिरिक्त शेष कार्मिक विद्यालय समय में निर्धारित समय के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे

जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने आपात स्थिति से निपटने को लेकर वैकल्पिक आवास, भोजन इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एसडीएम, तहसीलदार,विकास अधिकारी, पुलिस अधिकारियों, पटवारी,सहित कार्मिकों को अलर्ट रहने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने जवाई बांध से छोड़े जा रहे पानी से प्रभावित होने वाले नदी के किनारे के लोगों को सतर्क करने के साथ-साथ मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करते हुए लोगों को जागरूक करने के साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा प्रचार प्रसार एवं सतत संपर्क एवं समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। जालोर उपखंड अधिकारी प्रमोद सीरवी, आहोर उपखंड अधिकारी कुसुम लता चौहान एवं सायला उपखंड अधिकारी ताराचंद वेंकटेश ने भी जवाई बांध में पानी छोड़े जाने पर जान-माल की सुरक्षा को लेकर आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के साथ ही आमजन से जवाई नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की बात कही। उन्होंने जवाई नदी के बीच में से गुजरने वाले रास्तों से आवागमन नहीं करने, विद्यार्थियों को नदी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने, मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की बात कही।

रविवार को पाली शहर समेत जिले पर में बारिश का दौर जारी रहा, जो सुबह से ही रिमझिम बहुत तेज बारिश के कारण मौसम सुहाना बन गया और शहर की सड़कों पर पानी भर गया। जवाई बांध कैचमेंट एरिया में भारी बारिश की वजह से रविवार दोपहर को कुल मिलाकर 6 गेट खोलने पड़े, जिनमें एक-एक फीट की चादर चल रही है। जवाई नदी का वेग बढ़ गया है।

# बरसात से खेतों में फसलें हुई चौपट

**सुजानगढ़,** (निसं)। चरला ग्राम पंचायत के पास स्थित कोडासर जाटान व बिदावतान की कांकड में स्थित खेतों में किसानों की खड़ी फसलें चौपट हो गयी है। रविवार को भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल भाटी ने किसानों के खेतों में जाकर खराबे का जायजा लिया। किसान पीथाराम ने बताया कि दो माह तक गांवों में बारिश नहीं हुई जिस कारण फसलों को भरपूर मात्रा में पानी नहीं मिल पाया।

किसान रूपाराम ने बताया कि सावण माह सूखा बितने के कारण उनकी फसलें तैयार नहीं हो पाई। किसानों ने बताया कि गांवों में समय पर बिजली नहीं आने के कारण भी फसलों को समय पर पानीं नहीं दिया गया। क्षेत्र में दो दिन से हो रही बारिश से भी किसानों की मूंगफली फसल काली नजर आयी। इसके अलावा बाजरा, मूंग, मोठ की फसलें भी पूर्णतया चौपट हो गयी है।

ग्रामीणों ने पटवारी, गिरदावर पर बिना मौका देखे रिपोर्ट करने का आरोप लगाया। अत्यधिक खराबा होने के बाद भी प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों द्वारा सुध नहीं लेने के कारण किसानों में आक्रोश देखने को मिला। इस अवसर पर बीएल भाटी ने किसानों को आश्वसत किया कि वे उनकी मांग को उठाकर किसानों को मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

# बरसात से कटी फसलों में हो रहा नुकसान, किसान परेशान

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बरसात से किसानों की पकी हुई व काटी हुई फसलें बर्बाद हो रही हैं जिससे क्षेत्र के किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है तथा बरसात से किसान दुखी हो रहे हैं। किसानों ने बताया कि कर्ज लेकर बुआई की थी

- **समय पर बरसात न होने से मोठ, मूंग, बाजरी की फसल पहले ही सूख गई थी**

लेकिन इस बार समय पर बरसात न होने से फसले चौपट हो गई।



बारिश के कारण खराब हो रही फसल दिखाता किसान।

अब लोगों से लिया हुआ कर्ज चुकाना भी मुश्किल है। अनेक किसानों ने अपने खेतों में बाजरे की लावणी (कटाई) कर ली है, लावणी की गई बाजरे की फसल जमीन पर पड़ी है। खेतों मे बरसात का पानी भर जाने से कड़बी खराब होने के साथ-साथ बाजरा सिट्टो में काला पड़ रहा है। निकटवर्ती गाँव साण्डवा के किसान पं. सीताराम सारस्वत, ओमप्रकाश दायमा और साण्डवा रोही के रूपाराम खिचड़ ने बताया कि समय पर बरसात न होने के कारण मोठ, मूंग, बाजरी की फसल पहले ही सूख गई तथा काटी गई फसले बेमौसम की बरसात से नष्ट हो गई है।

वहीं मूंगफली की फसल भी किसानों ने काट ली है उनको नुकसान हो रहा है। जिन किसानों ने फसले नहीं काटी है उनके लिये बरसात फायदेमंद है। वहीं कस्बे में शाम 4.30 बजे आसमान में काली घटाओं के साथ बादल छा गये और 10 मिनट तक हल्की बरसात हुई। जिससे मुख्य मार्गों पर बरसाती पानी से किचड़ ही किचड़ हो गया। देर रात तक रूक-रूक कर हल्की बुदांबादी का दौर जारी रहा।

# गजेंद्र सिंह पैदा भी नहीं हुए थे, तब से मैं राजनीति में हूं : सूर्यकान्ता व्यास

## विधायक व्यास ने शेखावत के उस बयान के जवाब में यह बात कही जिसमें शेखावत ने व्यास को लेकर बचपन में लौटने की बात कही थी

- **व्यास ने कहा कि फिर भी वे मेरे पुत्र के समान हैं, जो बात उन्होंने बोली है, शायद उनको शोभा देती होगी**
- **'भाजपा ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैंने भाजपा पर, इस बार भाजपा की सरकार बनाएंगे'**

**जोधपुर,** (कासं)। सूरसागर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सूर्यकांता व्यास ने रविवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पैदा भी नहीं हुए थे, तब से मैं राजनीति में हूं। व्यास ने शेखावत के उस बयान के जवाब में यह बात कही जिसमें शेखावत ने सूर्यकान्ता व्यास को लेकर बचपन लौटने की बात कही थी।

जानकारी के अनुसार सूर्यकान्ता व्यास ने 12 सितबंर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तुलना राजा-महाराजाओं से करते हुए उन्हें लोकप्रिय नेता बताया था। इसके बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था कि सूर्यकान्ता व्यास 90 साल के करीब हो गई है, मुंशी प्रेमचंद ने एक कहानी में कहा है कि बुढ़ापे में बचपना लौट आता है। शेखावत के इस बयान पर सूर्यकान्ता व्यास ने रविवार को पलटवार किया। रविवार को वे एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से मुखातिब हुई।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की जितनी उम्र नहीं है उससे ज्यादा साल मैंने पार्टी में बिताए हैं। फिर भी वे मेरे पुत्र के समान हैं, जो बात उन्होंने बोली है, शायद उनको शोभा देती होगी।

उन्होंने कहा कि वो मेरे लड़के के बराबर है, जो गजेंद्र सिंह कह रहे हैं वह अच्छा है। यह तो उनको सोचना चाहिए। वे केंद्रीय मंत्री हैं, उनको यह बात तो सोचनी चाहिए, अगर उनको यह बात शोभा देती है तो ठीक है। मेरे बारे में मेरा बेटा शिव कुमार बोल जाए तो मैं किसको बोलूं। विधानसभा चुनाव की तैयारी के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि जोरदार तैयारी चल रही है। मैं इलेक्शन लड़ूंगी और डंके की चोट पर लड़ूंगी। भाजपा ने मुझ पर भरोसा जताया है और मैंने भाजपा पर, इस बार भाजपा की सरकार बनाएंगे।

कांग्रेस और भाजपा दोनों में सम्मान मिलने की बात पर कहा कि कोई अगर मुझे सम्मान देता है तो मना तो नहीं कर सकते। सम्मान देने का मतलब है कि वह संस्कारित है। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी तो मेरे पैरों के हाथ लगाते हैं। इसका मतलब है कि उनमें संस्कार हैं। सीपी जोशी ने जैसे ही पदभार संभाला था और यहां आए तो पैरों के हाथ लगाया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने और कांग्रेस में शामिल होने के सवाल पर कहा कि ऐसी कभी कोई बात नहीं हुई और न ही वह ऐसी बात कभी कर सकते हैं। मैं फिर चुनाव लड़ूंगी और जीतूंगी, जब तक जिंदा हूं लड़ती रहूंगी।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में परबतसर में पत्रकारों से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा था कि कैलाश मेघवाल और सूर्यकांता व्यास दोनों की उम्र अब 90 के करीब पहुंच गई है। यह मैं नहीं कह रहा प्रेमचंदजी ने अपनी एक स्टोरी में लिखा था बुढ़ापा बहुदा बचपन की पुनरावृत्ति होती है और बचपन में ऐसी गलतियां हो जाती हैं। जानकारी के अनुसर कुछ दिन पहले सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास ने पुष्करणा समाज की कुलदेवी उष्ट्र वाहिनी देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 4. 75 करोड़ का बजट जारी करने के बाद कहा था राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्करणा समाज के लिए ऐसा काम किया है जो पहले के जमाने में राजा महाराजा करते थे या अब सीएम ने किया है।

# एक साल तक जेल में रहेगा गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास गुर्गा हरिओम

- **पुलिस ने उसे पिछले दिनों राजपासा एक्ट में निरुद्ध कर बीकानेर केन्द्रीय कारागार भिजवाया था**
- **हरिओम की राजू ठेहट एवं सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों से निजी दोस्ती रही है**

**बीकानेर,** (निसं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास गुर्गा एवं गंगाशहर थाने का हिस्ट्रीशीटर हरिओम रामावत अब एक साल तक जेल की सलाखों के पीछे रहेगा। जिला पुलिस ने उसे पिछले दिनों राजपासा एक्ट में निरुद्ध कर बीकानेर केन्द्रीय कारागार भिजवाया था। पुलिस की इस कार्रवाई पर राजस्थान उच्च न्यायालय की सलाहकार समिति ने अंतिम मुहर लगा दी है। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरिओम पर लूट, डकैती, हत्या के प्रयास फिरौती मांगने जैसे 15 संगीन प्रकरण दर्ज हैं। हरिओम की राजू ठेहट एवं सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों से निजी दोस्ती रही है। जयपुर के प्रकरण में भी वांछित था। गौरतलब है कि बीकानेर रेंज में गुंडा एक्ट में 400 इस्तगासे पेश कर 23 बदमाशों को जिलाबदर कराया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2016 में हिस्ट्रीशीटर सलमान भुट्टो के खिलाफ राजपासा में निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई लेकिन हाईकोर्ट से अनुमति नहीं मिली। बाद में भी राजपासा में कार्रवाई के लिए इस्तगासे पेश किए गए, लेकिन अनुमति नहीं मिली थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब 20 साल बाद अपराधी हरिओम को राजपासा में बंद किया गया है। पुलिस विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 में चूरू में तीन बदमाशों के खिलाफ राजपासा एक्ट में इस्तगासे पेश किए गए। वर्ष 2023 में बीकानेर में दो, श्रीगंगानगर में एक, हनुमानगढ़ में चार, एवं चूरू में दो बदमाशों पर इस्तगासे जिला कलक्टर के समक्ष पेश किए हैं, जो विचाराधीन हैं। इनमें से बीकानेर में एक इस्तगासे पर कार्रवाई हुई है।

पुलिस को लगता है कि किसी आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति से समाज को खतरा है या शांति खत्म हो सकती है। ऐसे व्यक्ति को सरकार समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 2006 की धारा 2 (ग), 2 (घ), के तहत छह माह से एक साल तक जेल में बंद करवा सकती है। इसके लिए एसएचओ की रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक कलक्टर के समक्ष इस्तगासा पेश करता है। कलेक्टर उसे निरुद्ध करने का आदेश देता है। सात दिन में गृह विभाग को रिपोर्ट भेजी जाती है। दो जजों की कमेटी एसएचओ, एसपी, कलक्टर और अपराधी को बुलाकर उनका पक्ष सुनती है। उसके बाद निर्णय लेती है। कमेटी की सहमति मिलने पर अपराधी को एक साल के लिए जेल में रखा जा सकता है।

# मस्तान बाबा उर्स के दौरान पानी-पूरी खाने से किशोरी की मौत, पन्द्रह की तबीयत बिगड़ी

**उदयपुर,** (कासं)। मस्तान बाबा उर्स के दौरान लगे मेले में पानी पूरी खाने से पन्द्रह से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई। जिनमें से एक किशोरी की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने मुआवजा देने एवं कार्यवाही की मांग को लेकर शव लेने से इनकार कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र मल्लातलाई सज्जननगर मस्तान बाबा का 12 से 15 सितंबर को उर्स मेला का आयोजन हुआ था। जिसमें शामिल हुए लोगों ने वहां लगी पानी पुरी ठेले पर पानी पुरी का सेवन किया था। जिससे ओड समाज व अन्य समाज के करीब पन्द्रह से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई थी। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

जहां सज्जन नगर ओड बस्ती निवासी निशा (14) ओड़ पुत्री उदेश ओड की उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर सूचना मिलने पर मृतक के परिजनों एवं समाज जनों की भीड एमबी चिकित्सालय में इकठ्ठा हो गई तथा हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित मय जाप्ता मौके पर पहुंच कर समझाईश की लेकिन नहीं माने। इस पर वहां से सभी समाज जन कलेक्ट्री पहुचे। जहां परिजनों ने हादसे के लिए जिम्मेदार फूड इस्पेक्टर को निलंबित करने, मुआवजा देने एवं आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करते हुए प्रदर्शन कर शव लेने से इनकार कर दिया।

# एक साल पुराने ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश

- **परिवादी बेटे ने ही की थी मां की हत्या, गिरफ्तार**
- **गुस्से में मारपीट कर मां की हत्या करना स्वीकार किया**

**करौली,** (निसं)। थाना सदर हिंडौन पुलिस ने एक साल पहले बरगमा गांव निवासी बुजुर्ग महिला बातूनी (55) की हत्या का खुलासा कर दिया है। मामले में परिवादी बेटे लेखराज जाटव पुत्र सुकाराम (35) को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि 13 सितंबर 2022 को बरगमा गांव निवासी लेखराज जाटव द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि सात सितंबर की रात वह अपने भाई मंगल के साथ छत पर सो रहा था। रात को उसका भाई नीचे गया तो चारपाई पर मां बातूनी खून से लथपथ पड़ी हुई थी, मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। वे मां को तुरंत हिंडौन हॉस्पिटल लेकर गये। जहां से एसएमएस रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 12 सितंबर को मां की मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर हत्या की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज किया गया। एसपी गुप्ता ने बताया कि तत्कालीन एसएचओ द्वारा पोस्टमार्टम करवा लाश अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपी गई।

घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर एफएसएल से मौके पर मिले साक्ष्य जुटाए गए। घटनास्थल का बीटीएस, सीडीआर निकलवा आपड़ोसी, परिजनों व संदिग्धों से पूछताछ की गई। कुछ समय बाद परिवादी लेखराज व उसके परिवारजन गांव छोड़कर चले गए। जिनकी तलाश की जा रही थी। वर्तमान में एसएचओ रामचंद्र को नव पदस्थापन पर पत्रावली चार्ज में प्राप्त हुई।

1 साल से पेंडिंग चल रहे मामले की जांच के दौरान शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर परिवादी लेखराज को बाईपास चौराहा सिकरौदा फाटक से डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई तो घटना का खुलासा हो गया। पूछताछ में आरोपी ने गुस्से में मारपीट कर अपनी मां बातूनी की हत्या करना स्वीकार किया। जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे में एसएचओ रामचंद्र व कांस्टेबल उमेश व हेमेंद्र की विशेष भूमिका रही है।

# रूपारेल नदी के बहाव क्षेत्र पर तारबंदी कर अवैध कब्जा

## ग्रामीणों का आरोप है कि इस अतिक्रमण के कारण नदी का बहाव रूक जाएगा

**अलवर,** (निसं)। मालाखेड़ा तहसील अन्तर्गत गांव महुआ के पास सोहनपुर गांव के पास से रूपारेल नदी निकल रही है वहां पर एक व्यक्ति ने अपनी जमीन को आगे बढ़ाते हुए नदी के बहाव क्षेत्र पर तारबंदी करते हुए मिट्टी डाल कर उसे खेती के लिए तैयार कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि, इस अतिक्रमण के कारण नदी का बहाव रूक जाएगा और अन्य गांवों में खेत सिचांई करने में किसानों को पानी नहीं मिल पाएगा, आगे के क्षेत्रों में पानी की कमी उत्पन्न हो जाएगी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मालाखेडा प्रशासन को दी है। मामला सामने आने के बाद जब यह प्रकरण सामने आया तो आरोप प्रत्यारोपों की झड़ी लग गई। मालाखेडा प्रशासन का हर कर्मचारी और अधिकारी अपने आपको बचाने में लगा हुआ है। ग्रामीणों ने अधिकारियों पर भ्रष्टचार का आरोप लगाए है।



एक व्यक्ति ने अपनी जमीन को आगे बढ़ाते हुए नदी के बहाव क्षेत्र पर तारबंदी कर ली।

मामले के अनुसार गांव सोहनपुर के पास से एक नदी निकलती है जिसे रूपारेल कहा जाता है। यह नदी नटनी का बारा से चलकर भरतपुर की ओर निकलती है यह काफी प्राचीन नदी है। इसी नदी के पास अलवर के मनुमार्ग निवासी विक्रम सिंह लोहिया की करीब 25 बीघा जमीन है जो इसने टुकडों में काश्तकारों से खरीदी है और यह करीब 4 बीघा जमीन भी उसने काश्तकारों से ही खरीदी है। लेकिन इस जमीन की कानूनी तौर पर रजिस्ट्री नहीं हो सकती। क्योंकि यह गैरमुमकिन जमीन कहलाती है आज भी यह जमीन पूर्व काश्तकारों के नाम ही बोल रही है। लेकिन लोहिया ने इस पर तारबंदी कर इसे खेती लायक बना कर नदी का बहाव क्षेत्र रोक दिया है जो गैर कानूनी है। ग्रामीणों ने जब यहां तारबंदी होता देखा तो इसकी शिकायत हल्का पटवारी से की और तहसीलदार को भी इसकी जानकारी दी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों ने खुले में आरोप लगाया है कि अतिक्रमणकारी लोहिया को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण इस पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों ने पूर्व तहसीलदार पर भ्रष्टचार कर रजिस्ट्री करने का आरोप लगाया है। इस मामले की वीडियो और फोटो लेकर जब तहसीलदार, पूर्व तहसीलदार और हल्का पटवारी से बात की तो उन्होंने अपने आप को बचाने का पूर्ण प्रयास किया है साथ ही लोहिया के विरूद्ध कोई कानूनी कार्यवाही ना करते हुए मौखिक तौर पर ही अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है।

हल्का पटवारी पदम सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच करने पर पाया है कि यह जमीन खातेदारी की है और विक्रम लोहिया ने खातेदारों से इकरानामे के आधार पर खरीदी क्योंकि इस जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती। यह गैरमुमकिन जमीन कहलाती है। इस पर अतिक्रमण नही किया जा सकता है दो

- **ग्रामीणों ने कब्जाधारी पर राजनैतिक संरक्षण का आरोप लगाया**

दिन पूर्व इसकी शिकायत मिली थी जिस पर कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकर्ता विक्रम लोहिया को फोन द्वारा अतिक्रमण हटवाने का आदेश दे दिया है। अगर समय सीमा पर उसने अतिक्रमण नहीं हटाया तो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पूर्व तहसीलदार अजय मधुकर का कहना है कि यह मामला मेरे से पहले का है जब मेरे सामने आया तभी मेरा तबादला हो गया है यह मेरी जानकारी में नहीं है।

मौजूदा तहसीलदार राकेश जैन ने कहा कि हम हल्का पटवारी को भेज कर मामले की जांच करवाएंगे और मामला सत्य पाया जाता है तो अतिक्रमण कर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# आई.टी. घोटाले के मास्टर माइंड के पास जयपुर में अकूत प्रोपर्टी, सरकार जब्त करे : डॉ. किरोड़ीलाल

## राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने पत्रकारों से रूबरू होकर 66 हजार करोड़ रुपये के खान घोटाले सहित, जल जीवन मिशन, आई.टी. घोटाला और नगरीय विकास विभाग के तथाकथित घोटालों का खुलासा किया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने प्रेसवार्ता कर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान डॉ. मीणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में 66 हजार करोड़ से ज्यादा का खान घोटाला जिसमें 27 हजार करोड़ का खनिज घोटाला, 20 हजार करोड़ का बजरी घोटाला, 10,800 करोड़ का अरावली हिल्स घोटाला, 2500 करोड़ का हिंदुस्तान जिंक घोटाला, 2400 करोड़ का जिंदल कोयला घोटाला, 2000 करोड़ का जीआरसीसी घोटाला, 1000 करोड़ का सीमेंट घोटाला, 1000 करोड़ का एमनेस्टी घोटाला और 200 करोड़ का घोटाला शामिल है। इसके अलावा जल जीवन मिशन घोटाला, आईटी घोटाला, सीएम के पुत्र वैभव गहलोत का होटल इंडस्ट्री में मोरिशिस के रास्ते काले धन को सफेद करना, यूडीएच घोटाले सहित कई घोटालों में प्रदेश के मंत्री, ब्यूरोक्रेट और विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाया।

इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री महेश जोशी पर तंज कसते हुए कहा कि वो मान हानि का दावा करने के लिए मेरी तरफ से स्वतंत्र हैं। मैं मीडिया के माध्यम से कहता हूं कि मैं कई महीनों से मान हानि के नोटिस का इंतजार कर रहा हूं। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि एक और खुलासा हमने डीओआईटी को लेकर किया था। जिसमें लगातार हमे बहुत सारे सबूत मिलते जा रहे हैं लगभग साढ़े पाँच किलो सोना, 6 करोड़ रुपये नकद और बहुत सारे अहम दस्तावेज बरामद हुए है। इसमें कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी, मंत्रियों और सीएमओ की मिलीभगत है। इस संबंध में हमारी ओर से ईडी को सभी दस्तावेज देकर इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में ईडी की जांच जब आगे बढ़ेगी तो इसमें मुख्यमंत्री और उनके नजदीकी अधिकारियों का नाम भी सामने आएगा। अभी और बहुत सारी ऐसी कंपनियां हैं जिनके फर्जीवाड़ों, अधिकारियों के द्वारा भारी गड़बड़ियों और पब्लिक के पैसे की बंदरबांट की जानकारी हमने ईडी को दे दी है। डॉ. मीणा ने कहा कि राजकॉम के पॉश मशीन के वितरण में काफी घोटाले हुए है जिनमे फर्जी दस्तावेजों से टेन्डर लेना और फर्जी कंपनियों को भुगतान करना शामिल है। इसी सिलसिले में एक दस्तावेज हमने ईडी को दिया है, जिसमें एक अतिरिक्त निदेशक आरसी शर्मा जो अब रिटायर्ड हो चुके हैं, इस अधिकारी ने 2020 की फ़ाइलों पर व्हाईटनर लगाकर 2022 कर दिया और लिंकवेल कंपनी को करोड़ों का भुगतान करा लिया। जबकि उक्त कंपनी को आवंटित कार्य 2020 में ही पूर्ण हो चुके थे। इस संबंध में सरकार को जानकारी देने के बावजूद भी उस अधिकारी के खिलाफ गहलोत सरकार ने कोई आपराधिक कार्यवाही नहीं की। हैरानी की बात तो ये है कि आरसी शर्मा को पेंशन के पूरे लाभ भी दिये गए। यही अधिकारी अब भी इन्ही कंपनियों में सलाहकार बनकर डीओआईटी में दलाली कर रहा है। मेरी सरकार से मांग है कि आरसी शर्मा को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और लिंकवेल कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके एसीबी को जांच सौंपी जाए, और मेरा ईडी से भी निवेदन है कि इस मामले में त्वरित कार्यवाही की जाए।

> ■ 'खुद को गांधीवादी मुख्यमंत्री कहने वाले गहलोत मंत्रियों और विधायकों सहित चहेते अधिकारियों पर कार्रवाई करके दिखाएं'

डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि कुछ महीनों पहले डीओआईटी में आधार कार्ड विभाग में रिश्वतखोरी के सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। उस वक्त हमने राज्य सरकार से 17 मामलों में अभियोजन स्वीकृति के लिए कहा था लेकिन सरकार ने महज चार मामलों में ही अभियोजन स्वीकृति दी थी। राजकॉम इनफो सर्विसेज लिमिटेड में 06 अगस्त 2017 में भामाशाह डिजिटल पेमेंट किट के लिए एक टेंडर निकला था इन भामाशाह डिजिटल किट में टैब, फिंगर प्रिंट स्कैनर आदि मशीनो का सेट खरीदा जाना था।

इस टेंडर के जरिये राजकॉम कंपनी को कुल 8592 किट खरीदनी थी। जिनकी कुल कीमत लगभग 29 करोड रूपये है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जब हमने जानकारी ली तो पता चला कि केवल 4964 मशीनें ही खरीदी गई और भुगतान 8592 मशीनों का उठा लिया गया। 29 मार्च 2019 के दिन मात्र 4964 मशीन ही प्रदेश में कार्यरत पाई गई। इसमें हैरानी की बात तो यह है कि मई 2019 के बाद से इन मशीनों में से एक भी मशीन काम में नहीं है। मशीन कहा गई उसकी कोई जानकारी किसी को नहीं है, इस मामले में मुख्य अधिकारी हंसराज यादव, सीताराम स्वरूप और रणवीर सिंह है। इन्ही अधिकारियों ने करीब 100 करोड़ रुपये के घोटाले विभिन्न प्रोजेक्टों में किए हैं। जिसमें मैर्सस अतिशय लिमिटेड के साथ ऑथेंटिकेशन इंजन, आधार की वेबसाईट, माइक्रो एटीएम मशीन आदि के प्रोजेक्ट शामिल है। डॉ. मीणा ने कहा कि कुछ मामले जो कि आज मैं केवल संक्षेप में बता रहा हू जैसे राजनेट प्रोजेक्ट में एक अधिकारी जिसने इन मशीनों की ऑडिट के नाम पर एक फर्म को 15 करोड़ रुपये दे दिए।

जो मशीन लगी ही नहीं केवल इन्होंने हर तरह से पैसे की लूट पर अपना फोकस रखा है। इस मामले में नया खुलासा ये हुआ है कि राजनेट के अभियंताओं को समय पर सैलरी नहीं मिल रही और सीपी सिंह ने सीपी सिंह ने सोडाला में एक कॉम्पलेक्स में एक साथ तीन फ्लेट खरीदे हैं प्रत्येक फ्लेट की कीमत साढे, चार करोड़ है। इस प्रकार कुल कीमत साढ़े तेरह करोड़ हुई। एक फ्लेट खुद सीपी सिंह के नाम है, एक उसकी पत्नी के नाम है और तीसरा उसके बेटे हर्षवर्धन सिंह के नाम है। इन फ्लेटस की रजिस्टरी 15 अक्टूबर 2022 के आस पास की है। इसके अलावा सीपी सिंह का एक फ्लेट मुंबई में है, सीपी सिंह ने अपनी पत्नी के नाम अभी हाल ही में गाजियाबाद में एक प्रोपर्टी खरीदी है।

दिल्ली रोड पर सीपी सिंह की कोई बहुत बड़ी प्रोपर्टी है जिसका मैं निकट भविष्य में खुलासा करूंगा है। सीपी सिंह के माता पिता के नाम बहुत बड़ी प्रोपर्टी बतायी गयी है। सीपी सिंह ने हाल ही में एक डिफेंडर कार खरीदी है जिसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रूपये है एवं तीस-तीस चालीस-चालीस लाख की कई बाइक है।

डॉ. मीणा ने कहा कि गहलोत सरकार में बेशुमार धन कमाने वाले इन अफसरों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं होती इसलिए मैं ईडी से मांग करता हूं कि सीपी सिंह के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कार्मिक विभाग की वित्तीय सलाहकार ज्योति भारद्वाज द्वारा स्वयं के नाम पर 15 फ्लैट एवं पुत्र के नाम 11 फ्लैट विगत 4 एवं 5 मार्च 2022 को दो दिन में ही करोड़ों की राशि से खरीद लिए जो समाचार पत्रों में प्रकाशित भी हुआ है। इसकी जानकारी हमने करीब महिने भर पहले ईडी को दे दी थी। जल जीवन मिशन में अब तक 10 किलो से ज्यादा सोना और करोड़ों का काला धन मिल चुका है। जिसमें और गणपती ट्यूबवेल और श्याम ट्ययूबवेल के फर्जीवाड़ों के बारे में हमने खुलासा किया, वो भी पूरा सत्य साबित हुआ है। और बहुत सारी फर्म है जैसे मांगीलाल बिश्नोई, विष्णु प्रकाश पुनगोलिया, जीआर इन्फ्रा आदि बहुत सी फर्म है जिन्होंने सैंकड़ों करोड़ के काम गणपती और श्याम ट्ययूबवेल के तर्ज पर फर्जी दस्तावेजों से लिए हैं, जिसके बारे में बहुत जल्दी आपके सामने बहुत सारे और खुलासे करेंगे।

डॉ. मीणा ने कहा कि सिचाई विभाग, यूडीएच और सूक्ष्म ऊर्जा में भी करीबन 20000 हजार करोड़ का घोटाला है जो कि मैं अगली पत्रकार वार्ता में खुलासा करूंगा खुद को गाँधीवादी मुख्यमंत्री कहने वाले अशोक गहलोत से मैं मांग करता हूं कि जल जीवन मिशन में उजागर किए गए घोटाले, खान घोटाले और वैभव गहलोत के होटल इंडस्ट्री के घोटालों में अर्जित काले धन के संबंध में अपने पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कराएंगे तो हम मानेंगे कि सीएम गहलोत भ्रष्टाचार में जीरो टोलरेंस की बात करते हैं। इन सभी मामलों में यदि कार्रवाई नहीं हुई तो हम पूरे राज्य में आंदोलन करेंगे।

# फजल अहमद को कैरम के दोनों खिताब मिले



**आदर्श नगर विधायक रफीक खान ने रविवार को कैरम प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान कैरम संघ द्वारा अधिस्वीकृत जयपुर ओपन कैरम चैंपियनशिप, 2023 का खिताब बंटी क्लब के फजल अहमद ने लायंस क्लब के शाहरुख को 24-12,25-14 से हराकर जीता।

युगल स्पर्धा में भी फजल अहमद ने अपने साथी खिलाड़ी साबिर के साथ खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि आदर्श नगर क्षेत्र के विधायक रफीक खान एवं अध्यक्षता राजस्थान केरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने की। मुख्य अतिथि विधायक ने विजेताओं को ट्रॉफियाँ प्रदान कर पुरस्कार किया। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक मोहम्मद इशाक़ का भी स्वागत किया गया। चीफ़ रेफरी जितेंद्र भार्गव ने बताया कि इससे पहले खेले गए क्वार्टर फाइनल में बंटी क्लब के फजल ने लायंस क्लब के कासिम को 25-8, 22-8 से, लायंस क्लब के शाहरुख ने बंटी क्लब के काशिफ को 25- 0, 18-0 से, बंटी क्लब के शाहिद ने सैयद क्लब के बिलाल को 19-12,18-0 से तथा अंतिम क्वार्टर फाइनल में लायन्स क्लब के रेहान ने अली क्लब के बोबी को अत्यधिक रोमांचक मैच में 25-9, 24- 2, 18-15 से हरा कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मुकाबलों में बंटी क्लब के फजल अहमद ने बंटी क्लब के ही शाहिद को कड़े मुकाबले में 25-1, 14-17, 24-2 से एवम लायन्स क्लब के शाहरुख ने लायंस क्लब के ही रेहान को 25-9, 25-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# बंजारा समाज ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**जयपुर (कासं)।** घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर की ओर से रविवार को अपनी बस्ती अपना हवन कार्यक्रम के अंतर्गत कालवाड़ रोड माचवा की राम कुटिया स्थित बंजारा बस्ती में सुबह 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। बाबा रामदेव जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 60 जोड़ों ने गायत्री मंत्रोच्चार के साथ दो पारियों में आहुतियां अर्पित कीं। घुमंतू जाति उत्थान न्यास के जयपुर महानगर प्रमुख राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के विद्वानों की टोली ने विधि विधान से यज्ञ करवाया। व्यासपीठ से प्रहलाद शर्मा और विपिन पारीक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को नशा मुक्त जीवन जीने का संकल्प करवाया। उपस्थित सभी लोगों ने हवन की पूर्णाहुति में किसी भी तरह का नशा नहीं करने, अभक्ष्य भोजन का त्याग करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक विशाल कुमार ने इस मौके पर कहा कि बंजारा समाज देश की मार्शल कोम है जिसने विधर्मियों के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया अपना घर छोडऩा मंजूर कर लिया। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रताप भानु सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर महानगर सह कार्यवाह भानुप्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रौढ कार्य महानगर प्रमुख विनोद शर्मा, विद्याधर भाग प्रौढ कार्य प्रमुख गोपाल सिंह मौजूद थे।

# साध-संगत ने मनाया महा परोपकार भंडारा



**मानसरोवर में रविवार को डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां का पावन गुरुगद्दीनशीनी दिवस का शुभ भंडारा साध-संगत द्वारा नाच-गाकर मनाया गया।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** मानसरोवर में रविवार को पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां का पावन गुरुगद्दीनशीनी दिवस का शुभ भंडारा राजस्थान की साध-संगत द्वारा महा परोपकार माह के रूप में बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास व नाच-गाकर मनाया गया।

महा परोपकार माह की खुशी में स्पीकर्स वेली, कल्याणपुरा न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर जयपुर में आयोजित स्पेशल नाम चर्चा सत्संग कार्यक्रम में खराब मौसम के बावजूद राजस्थान प्रदेश से भारी तादाद में साध-संगत ने भाग लिया, जिनमें पूज्य गुरु जी के प्रति अटूट विश्वास, असीम आस्था व श्रद्धा भावना की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर स्थानीय साध-संगत की ओर से फूड बैंक मुहिम के तहत जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया।

बता दें कि डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही परम पिता शाह सतनाम जी महाराज ने 23 सितंबर 1990 को पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां को पावन गुरुगद्दी की बख्शीश की थी। इसलिए सितंबर महीने को डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत पावन महा परोपकार माह के रूप में मनाती है और आज रविवार को जयपुर में राजस्थान प्रदेश की साध-संगत ने पावन महा परोपकार माह का शुभ भंडारा नामचर्चा सत्संग कर मनाया है।

रविवार को 11 बजे धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा बोलकर नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके पश्चात कविराजों की ओर से सुंदर भजन वाणी के माध्यम से राम-नाम का जाप करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नामचर्चा सत्संग पंडाल में बड़ी एलईडी स्क्रीनों के माध्यम से पूज्य गुरु जी के अनमोल वचनों को साध संगत ने एकाग्रचित होकर श्रवण किया। इससे पूर्व उपस्थित साध-संगत ने पूज्य गुरु जी को धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर पावन महा परोपकार माह की बधाई दी।

# गणेश चतुर्थी कल : घर-घर में होगी प्रथम पूज्य की आराधना

## द्वारपाल गणपति को सिंदूरी चोला धारण कराकर लगाएंगे गुड़-धानी का भोग

**जयपुर (कासं)।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर इस बार ब्रह्म योग, शुक्ल योग और शुभ योग रहेंगे। उधर मोतीडूंगरी गणेश मंदिर की ओर से भगवान गणेश की क्यूआर कोड वाली तस्वीर जारी की गई है, जिसे मोबाइल से स्कैन करके श्रद्धालु लाइव दर्शन कर सकेंगे। ज्योतिषियों का दावा है कि ये तीन शुभ योग करीब 300 साल बाद बन रहा है। गणेश चतुर्थी को स्वाति नक्षत्र और विशाखा नक्षत्र भी रहेंगे। छोटीकाशी के गणेश मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों में भी गणेश जी का पूजन-अर्चन किया जाएगा। घर के प्रवेश द्वार पर स्थापित द्वारपाल गणेश जी का अभिषेक कर सिंदूरी चोला धारण कराकर डंके अर्पित किए जाएंगे। गुड़-धानी का भोग लगाकर आरती उतारी जाएगी। चारदीवारी के मुख्य द्वारों पर स्थापित गणेशजी का नगर निगम की ओर से पूजन किया जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पं. महेन्द्र जोशी ने बताया कि चतुर्थी तिथि दोपहर 1: 43 मिनट तक रहेगी। गणेश पूजन के लिए मध्यान्ह काल वृश्चिक लग्न को श्रेष्ठ माना गया है। इस बार गणेश चतुर्थी मंगलवार को होने के कारण यह महा चतुर्थी कहलाएगी। ऐसे में इसका महत्व अन्य गणेश चतुर्थी से कई गुणा अधिक हो गया है। चतुर्थी तिथि 18 सितंबर को दोपहर 12:39 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। परंतु उदयात तिथि का महत्व होने से 19 सितंबर को चतुर्थी तिथि सूर्योदय कालीन और दोपहर तक रहेगी। इसलिए 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

ज्योतिषाचार्य पं. महेन्द्र जोशी ने बताया कि गणेश चतुर्थी को अबूझ मुहूर्त माना गया है। इसमें समस्त मांगलिक कार्य करना बड़ा शुभ माना गया है। वाहन , सोना, बर्तन, भूमि-मकान आदि की खरीदारी बहुत ही शुभ मानी गई है। महा चतुर्थी होने से इस दिन गणेशजी की पूजा- अर्चना, अभिषेक और मोदक चढ़ाने से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।



**मोतीडूंगरी गणेश मंदिर की ओर से भगवान गणेश की तस्वीर के साथ क्यूआर कोड साझा किया है, जिसे स्कैन करके श्रद्धालु लाइव दर्शन कर सकेंगे।**

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहूतियां अर्पित

**जयपुर ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को ब्रह्मपुरी में राजामल का तालाब के शिव मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वेदमाता गायत्री, गुरू सत्ता और अन्य देवी-देवताओं का भावभरा आ ान कर सोडशोपचार पूजन किया गया। स्वस्तिवाचन के बाद अग्नि प्रज्जवलन कर विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की गई। गायत्री और महामृत्युंजय मंत्र के अलावा विशिष्ट आहुतियां भी दी गई।

व्यासपीठ से गायत्री कचोलिया ने कहा कि यज्ञ सत्कर्म का प्रतीक है, वहीं गायत्री सद्ज्ञान की। जहां दोनों हो वहां प्रगति निश्चित है। यज्ञ को संसार का केन्द्र बिंदु कहा गया है। सृष्टि का समस्त घटनाक्रम यज्ञीय पद्धित से संचालित है। यज्ञ के तीन अर्थ है देवपूजन-दान-संगतिकरण। यज्ञ करने वाला कभी अभावग्रस्त नहीं रहता, इसलिए प्राचीनकाल में रोज यज्ञ होते थे। गायत्री कचोलिया ने गुरु वंदना और प्रज्ञागीतों से वातावरण का प्राणवान बना दिया। उन्होंने गणेश पूजन के दौरान बताया कि गणेशजी के कान बड़े है इसका अर्थ है गणेशजी सबकी सुनते है, पेट विशाल है यानी सबकी सुनकर पेट में रखते है, किसी को बताते नहीं है। आंखें बहुत छोटी है यानि बेमतलब ताकाझांकी नहीं करते।

# चाकू की नोंक पर दो युवकों से लूट

> ■ सफेद स्पोर्ट्स बाइक पर आए थे बदमाश, 10 मिनट में दो जगह चेन तोडकर भागे

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में शुक्रवार रात चाकू की नोंक पर दो युवकों से लूट की वारदात हुई। स्पोर्ट्स बाइक पर आए दो बदमाश महज 10 मिनट में 2 चेन स्नेचिंग की वारदात कर फरार हो गए। चित्रकूट नगर पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चेन स्नेचरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि चेन स्नेचिंग की पहली वारदात निर्माण नगर श्याम नगर निवासी पवन शर्मा (42) के साथ हुई। रात करीब 9:50 बजे पवन शर्मा अपोलो फार्मेसी के पास जैन मंदिर के सामने से आ रहे थे। वहां एक सफेद रंग की स्पोर्ट्स बाइक खड़ी थी। बाइक पर एक लड़का बैठा था और दूसरा पास खड़ा था। पास से निकले समय बाइक के पास खड़ा लड़का हाथ फैला कर उससे टकराया। बहस करने की कोशिश के दौरान पेट पर चाकू लगाकर धमकाने लगा। गर्दन पर हाथ रखकर धक्का दिया और गले से सोने की चेन तोड़ ली। धक्का देने से उसका मोबाइल रोड पर गिर गया। मोबाइल उठाकर देखने पर दोनों बदमाश बाइक लेकर भाग निकले थे। दूसरी वारदात महज 10 मिनट बाद ही चित्रकूट नगर में एमबीए चाय वाले के पास हुई। आम्रपाली सर्किल वैशाली नगर निवासी सुरेश आहुजा (42) स्कूटी लेकर वहां खड़े थे। सफेद रंग की स्पोर्ट्स बाइक पर दो लड़के आकर रूके। बाइक पर पीछे बैठा लड़का उतकर उसके पास आया। उसके पेट पर चाकू निकालकर लगा दिया। चाकू की नोंक पर गले में पहले सोने की चेन और गणेश भगवान का पैंडल तोड़कर बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गया। पीड़िता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि बाइक चलाने वाला बदमाश छोटी हाइट का पतला-दुबला व रंग था। दूसरे बदमाश ने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। हेल्थ सही होने के साथ ही साबले रंग का था। जिसकी हाइट करीब साढ़े पांच फीट होगी। पुलिस हुलिए के आधार पर दोनों बदमाशों को ढूंढ रही है।

## सार-समाचार

### अक्षय ओझा ने राष्ट्रीय बीएमडब्ल्यू गोल्फ चैंपियनशिप जीती




**जयपुर, (का.सं.)।** अक्षय ओझा ने 15 सितंबर को डीएलएफ गोल्फ कोर्स गुरुग्राम में आयोजित राष्ट्रीय बीएमडब्ल्यू गोल्फ चैंपियनशिप का प्रतिष्ठापूर्ण ख़िताब जीत लिया। विश्व प्रसिद्ध कंपनी बीएमडब्ल्यू ने दुनिया भर में एक गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन किया है। दुनिया भर के विजेता वर्ष 2024 के लिए अफ्रीका में आयोजित बीएमडब्ल्यू विश्व चैंपियनशिप प्रतिस्पर्धा में खेलेंगे। चूरू के मूल निवासी, दिल्ली के अक्षय ओझा पुत्र विजय ओझा ने बीएमडब्ल्यू इंडिया द्वारा आयोजित गोल्फ टूर्नामेंट में भाग लिया और 15 सितंबर 2023 को डीएलएफ गोल्फ कोर्स गुरुग्राम इंडिया में आयोजित राष्ट्रीय बीएमडब्ल्यू गोल्फ चैंपियनशिप जीती। अक्षय ने इस टूर्नामेंट में तीन पुरस्कार जीते, जिनमें से दो पुरस्कार उन्हें लॉन्ग ड्राइव के लिए दिए गए।

### 130 बदमाशों के ठिकानों पर छापेमारी

**जयपुर (कासं)।** कमिश्नरेट के पश्चिम जिले में पुलिस टीम ने रविवार को 130 हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, वांछित व संदिग्ध अपराधियों के ठिकानों पर एक साथ रेड डाली। पुलिस ने आपराधिक गतिविधयों में लिप्त 126 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सभी से पुछताछ कर रही है। एडिश्नल पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी, हथियारों के साथ वारदात करने, समाज में भय फैलाने, आपराधकि गैंग चलाने वाले बदमाशों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने दबिश, तलाशी व गिरफ्तारी अभियान चलाया है। डीसीपी पश्चिम सजीव नैन के नेतृत्व में पूरे जिले में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की 59 टीमें बनाकर एक साथ बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई है। पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त मिले 126 बदमाशों को अलग-अलग मामलों में अलग-अलग थानों में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 4, आबकारी अधिनियम में 11, अन्य एक्ट में 9, धारा 151 सीआरपीसी में 41, धारा 110 सीआरपीसी में 8, स्थाई-गिरफ्तारी वारंटों में 44 व पूर्व के प्रकरणों में 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 संदिग्ध वाहन भी जब्त किए है।

### 81 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ।** पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी ने ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के तहत ड्रग्स माफिया के खिलाफ करणी विहार थाना इलाके में कार्रवाई की है। अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से 81 ग्राम स्मैक बरामद की है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी स्वास्तिक मालावत पुत्र रामफुल मालावत मूलतः बालाजी की झोपडियों, सांसियों का मौहल्ला, मण्डावर जिला टोंक का निवासी है। जो लक्ष्मीनारायण मीणा का मकान राणा कॉलोनी 60 फीट बजरी मण्डी रोड पांच्यावाला में किराए के मकान में रहता है। गिरफ्तार कर कब्जे से 81 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि स्मैक मेरा जीजा फुलचन्द बेचने के लिए देकर गया था। मेरा जीजा फुलचंद सांसी टोंक से भारी मात्रा में स्मैक खरीदकर लाता है। पुलिस के डर से स्मैक मेरे किराए के कमरे में लाकर रखता है। जीजा फुलचन्द सांसी स्मैक के टोकन बनाकर 350 रुपए प्रति टोकन के हिसाब से नशा करने वाले मजदूर वर्ग, युवा वर्ग को बेचता है।

### एनसीसी शारीरिक दक्षता परीक्षा आज

**जयपुर, (का.सं.)।** विश्वविद्यालय राजस्थान महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों जो राजस्थान कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थी हैं, और एनसीसी में प्रवेश के इच्छुक हैं। वह एनसीसी भर्ती के लिए राजस्थान कॉलेज की प्रथम राज. आर्मड स्क्वाडन एनसीसी यूनिट में भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु राजस्थान महाविद्यालय के खेल ग्राउण्ड में 18 सितम्बर को मध्याहन 12 बजे अपने साथ फीस की रसीद और आधार कार्ड की प्रतिलिपि लेकर उपस्थित होंगे।

### होटल में फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** श्याम नगर थाना पुलिस ने शराब पार्टी के दौरान होटल में हुई फायरिंग के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। जांच-अधिकारी एसआई जितेंद्र सिंह ने बताया आरोपित जीतराम चौधरी (23), बैजनाथ चौधरी (25) निवासी राजपुरा जिला टोंक और दिनेश स्वामी (22) निवासी मूंगीथला, दूदू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने इलाके स्थित होटल सेफ्रोन में शराब पार्टी के दौरान फायरिंग की वारदात की थी।

### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया

**जयपुर ।** दौलतपुरा इलाके में एक किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि पड़ौसी युवक बबलू 16 सितंबर की रात को नाबालिग बेटी का अपहरण कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं, हरमाड़ा थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है कि अजय सिंह ने नाबालिग बेटी की अश्लील फोटो खींच ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर 27 जून को घर पर दुष्कर्म किया, अब ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

### बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर ।** मानसरोवर इलाके में स्कूटी सवार बदमाश एक युवती का पर्स छीन ले गए। पुलिस ने बताया कावेरी पथ निवासी अनुकृति शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि 15 सितंबर की शाम घर के पास स्कूटी सवार बदमाश पर्स छीन ले गए। पर्स में 2500 रूपए, मोबाइल सहित दस्तावेज रखे हुए थे। वहीं, बजाज नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश 14 सितम्बर की रात आंच हॉस्पिटल के पास खेड़ा ब्राह्मण जिला डीग निवासी मनीष जोशी का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस मामलों की जांच में जुटी है।

### पार्सल से भरा बैग चोरी

**जयपुर ।** आदर्श नगर इलाके में बाइक सवार चोर पार्सल से भरा बैग चुरा ले गए। पुलिस ने बताया लुहारा जिला टोंक निवासी दिलराज गुर्जर एक कंपनी में डिलीवरी बॉय है। वह 16 सितम्बर की दोपहर 12 बजे एलबीएस कॉलेज के पास एक ग्राहक को घर पर पार्सल देने आया था। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीड़ित की बाइक पर रखे पार्सल से भरे बैग को चुरा ले गए, जिसमें 39 पैकिट मौजूद थे।

### फरार दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जयपुर ।** पूर्व जिले की स्पेशल टीम ने मोती डूंगरी थाने के एक हजार रूपए व प्रतापनगर थाने के पांच हजार रुपए के ईनामी वांछित दो बदमाशों को गिरफतार किया है। आरोपी थानों में दर्ज मुकदमें में फरार चल रहा था। डीसीपी पूर्व ज्ञानचन्द यादव ने बताया कि मोती डूंगरी थाने में धारा 143,323,34,382 आईपीसी में फरार चल रहे आरोपी मनोज उर्फ मोनू पुत्र पवन कुमार शर्मा 31 निवासी आन्नदपुरी मोती डूंगरी को गिरफतार किया है। वहीं प्रतापनगर थाने में दर्ज हत्या के मामले में फरार पांच हजार रुपए के ईनामी आरोपी इरफान निवासी द्वारकापुरी प्रताप नगरको गिरफ्तार किया है।



## Guide Dog Month

Four-legged companions, these furry friends provide unwavering support, guiding and brightening the lives of those they accompany with their boundless loyalty.National Guide Dog Month is here to raise awareness about the life-changing help that guide dogs can give to blind and disabled people, while also seeking to raise funds to help supply guide dogs to everyone who needs them!Over the years, various celebrity spokespersons have engaged in support for the cause of Guide Dog Day in a range of capacities.

#WORK-LIFE BALANCE

# Gen Z is the Job-hopping Generation

A whopping 92% of those who invested in the extra years of schooling still aren't staying put.



When it comes to their jobs, Gen Z workers aren't planning on sticking around for long. A huge majority, or 83%, of Gen Z workers consider themselves "job hoppers," according to the results of a survey released by ResumeLab. Perhaps more surprising: A lot of those job hoppers are workers with master's degrees.

The survey found that 92% of master's-degree holders consider themselves job hoppers; but interestingly, 77% of folks with no degrees also consider themselves job hoppers.



The group surveyed 1,100 workers belonging to Gen Z, defined as the generation born between the mid-1990s and early 2010s.

While those workers aren't planning to stick around in the same jobs for long, they do intend to spend at least a couple of years in each position. The survey found that 78% of Gen Z workers plan to spend somewhere between two and five years with their current employers. The majority of those respondents, 43%, plan to stay put for just two years; 22% of workers are willing to stick it out for three years; and a mere 13% plan to stick around for four years or more.

While the majority of Gen Z workers might be thinking about their exit plans, the survey also noted that many of those same workers are still relatively early in their careers.

A third, or 33%, of Gen Z workers surveyed had only had one job, while 34% had already held two positions. Only 1% of respondents had worked five or more jobs thus far in their careers. That said, among those already in the workforce, only 16% of master's-degree holders had only had one job, strengthening the idea that the group is more likely to move around. In contrast, 41% of Gen Z workers with only bachelor's degrees had only had one position thus far.

While moving around suggests that workers aren't connected to the companies they work for, the opposite appears to be true.

An astounding 97% of Gen Z respondents say that work is part of their identity. So what's making them leave? It's not money: While 70% of respondents say that a competitive salary is important to them, several other factors rank much higher for the age group.

The most important thing to Gen Z, according to the survey, is a healthy work-life balance, with 73% of respondents saying that balance is more important to them than a high salary. Satisfying job duties and a good relationship with coworkers are also both more important than salary for 72% of workers, and 70% of workers care more about having a meaningful job and career development than having a big paycheck.

The top reasons Gen Z workers leave their positions: working too much overtime; a clash of values with their employers; and feeling unhappy because of their jobs; while 75% of workers would be willing to leave their positions even if they didn't have other jobs waiting for them. As for what you can do to help Get Z workers stick around? Flexible work schedules, healthcare packages, and regular pay raises top the list of what Gen Z workers are looking for-but still, don't expect those workers to stick around forever.










Some scholars see an execrable design in this act of usurpation. Akbar S Ahmed and Joseph L Soeters, for example, believe that the British used Islamic titles to address subordinate positions as a way to humiliate Muslims. "Khalifa – caliph – the highest political authority in Islam, and Khansama – one of the highest officials in Mughal India – were bestowed on the lowest functionaries of the British administrative structure: the barber, bouncer at the dens for drugs and junior field clerks became khalifa and the cook became khansama," wrote Ahmed in his 2002 book Discovering Islam: Making sense of Muslim history and Society.

# Khansama More Than Cooked

#FOOD



Priyadarshini Chatterjee
*food and culture writer, based in Kolkata*

Ruskin Bond is a treasure trove of tales, all imaginative and delightful, but none perhaps as delectable as those of Mehmoud the khansama. A family cook at Bond's childhood home, Mehmoud came to work with a reference from none other than the legendary hunter-turned-conservationist Jim Corbett. Mehmoud's eccentricity leaps off the pages of Bond's Tigers for Dinner. He claimed to have shot leopards and wrestled cobras as easily as he cooked kofta curries, pies and duck roasts. But, while his stories were comical and quirky, his job was not. In colonial India, being a khansama was serious business.

Back then, British homes were microcosms of the Raj itself. Just as the Empire required a byzantine bureaucracy to function, so too the British memsahib needed a legion of native domestic workers – khidmatgars, bawarchis, masalchees, among others – for her home to run smoothly. With so many cogs in the wheel, the hierarchy was predictably complex, but at its undisputed top stood the khansama.

Popular culture would have us believe that the khansama was just a professional cook. But in reality, he was a lot more. In The Hand-book of British India (1854), journalist Joachim Hayward Stocqueler describes the unique position of the khansama in a typical Anglo-Indian home: "The khansama, or butler, acts the part which, in a moderate English establishment is acted by the mistress and the cook together; that is to say he markets, prepares the pastry and the made dishes, makes preserves, superintends the whole kitchen arrangement and in general leaves nothing to the cook except the actual cooking."

The khansama was invariably a "Mussulman" or "Parsee", Stocqueler says, and was expected to be "intelligent, respectful and well-mannered". His raiment would be of white linen and his demeanour dignified, writes civil servant CT Buckland in the essay Men-Servants in India. He had "a capacious turban on his head and voluminous folds of muslin around his waist," says Buckland.

Although the liveried khansama became a symbol of the Raj-era opulence in post-colonial imagination, the khansama existed long before the British occupied the country. The word khansama comes from Persian, khan meaning master and saman meaning household goods/materials. In the Mughal court, the Khan Saman or Mir Saman – the chief of stores in the imperial household – was one of the most important officials. François Bernier, who travelled around Mughal India in the 17th century, describes him as the "Grand Chamberlain of the imperial household." The role was akin to that of the mayor of the palace in medieval European – it was his duty to inspect the discipline of the palace, imperial establishments and factories.





> Although the liveried khansama became a symbol of the Raj-era opulence in post-colonial imagination, the khansama existed long before the British occupied the country. The word khansama comes from Persian, khan meaning master and saman meaning household goods/materials.

### Feudal structures

In the nawab's court too, the khansamas were key officials, so much so that a few of them were promoted to higher political office. For instance, on becoming the ruler of Awadh in 1814, Ghazi-ud-Din Haidar Shah appointed his father Nawab Saadat Ali Khan's khansama Agha Mir as prime minister.

"Khansamas were integral to the feudal Indian structures, where housekeeping, particularly in royal and aristocratic establishments, was elaborately organised," said Ananya Jahanara Kabir, professor of English literature at King's College London. "In India, the British were keen on reimagining these feudal, medieval structures steeped in what I call Oriental gothic grandeur. So, like the durbars, hazrees and other such vestiges of those times, the khansama became a part of the British establishment in India."

Some scholars see an execrable design in this act of usurpation. Akbar S Ahmed and Joseph L Soeters, for example, believe that the British used Islamic titles to address subordinate positions as a way to humiliate Muslims. "Khalifa – caliph – the highest political authority in Islam, and Khansama – one of the highest officials in Mughal India – were bestowed on the lowest functionaries of the British administrative structure: the barber, bouncer at the dens for drugs and junior field clerks became khalifa and the cook became khansama," wrote Ahmed in his 2002 book Discovering Islam: Making sense of Muslim history and Society.

But even within the colonial domestic establishment, the khansama wasn't a strictly culinary title. Colonial writings through the 19th century make a distinction between the khansama and the bawarchi. The bawarchi slaved in the kitchen, preparing the food, but it was the khansama who acted as the conduit between the memsahib and the kitchen staff, including the bawarchi. In this sense, Kabir says, the khansama was an influential cultural broker and creolising agent: he orchestrated crucial negotiations between the ways of his employer and his native land, and from these exchanges emerged a new culinary and domestic culture.

"This [exchange] happened in two directions," Kabir explained. On one hand, the khansama adapted local habits and foodways to suit British preferences, helping the colonisers navigate the cultural milieu of a foreign land. On the other, he introduced to Indian aristocratic households everything he learned from his employer – how to cook European dishes, how to set the table, how to the use cutlery. "The khansamas were in a unique position to control the flow of cultural traffic both ways," said Kabir. "They were both cultural and culinary dobash (interpreter)." It is perhaps no coincidence then that in colonial Madras, butlers were called dobash instead of khansama.

A slew of hybrid dishes that married British food with native spices and cooking techniques was born from these interactions – roasts and steaks perked up with native spices, immaculately-shaped minced cutlets spiked with a hint of chilli, and caramel custard cooked on charcoal fire. An iconic dish of this genre is Country Captain or Countree Koptan. A simple curry cooked with minimal spices, it got its name from the skippers of country ships, who presumably liked it a lot.

### Dak bungalows

As with any interaction, the exchanges between the khansama and his employer could be turbulent, cynical, acrimonious. Buckland, for instance, accuses the typical Khansama of profiteering from his job, of buying the cheapest ingredients and charging the highest price for them. "Day after day he served us the same vapid dishes and the everlasting curry and rice that bring him a certain profit," Buckland wrote. Others accuse khansamas of colluding with milkmen to adulterate milk. A quirky story, retold by historian William Francis Patrick Napier, goes that one khansama took his own countrymen for a ride. In this story, Warren Hasting's khansama earned Rs 3,000 a month from villagers by making them believe that the colonial administrator would have a fat child killed for breakfast unless they bribed him.

Whatever the accuracy of that tale, it is true that khansamas' proximity to their colonial masters bestowed on them an enhanced status, even celebrity. In old Calcutta, several streets and lanes were named after them. Among the ones that still bear the names are Nemoo Khansama Lane, Chakku Khansama Lane, Karim Bux Khansama Lane or Pachu Khansama Lane.

For many khansamas, the journey that began in colonial homes meandered into dak bungalows, the network of rest houses built by the British under the imperial postal service. In many dak bungalows, khansamas filled the double role of caretaker and cook. "In some cases, the servant in charge, usually called the Khansama, has been in the service of English officers, and will prove to be a good cook," wrote John Murray in A Handbook for Travellers in India, Burma and Ceylon (1911). "In small and out-of-the-way places, it is best to confine his efforts to a curry or pilau, which he is sure to prepare well."

Indeed, not all dak bungalow khansamas were competent cooks. Colonial writings are strewn with woeful accounts of the insipid food at dak bungalows. Most often, the khansamas would lazily rustle up a curry with freshly slaughtered chicken, which was easily available, and a few basic spices.

> In the early 1950s, Prime Minister Jawaharlal Nehru was scheduled to visit Bilaspur and Raja Saheb of Sarangarh was entrusted with his care during his stay at the Circuit House. Naturally, Bernard, who "had been at his post for as long as anybody in the town could recall", was called upon to cook for Nehru.

But in the hands of an able khansama, the food could be delicious. The khansama would combine his knowledge of European food with the minimal ingredients at his disposal to create delectable dishes and multiple-course meals. One such magician was Peter, the khansama at the Krishaghur Dak Bungalow, who was described by civil servant William Tayler as "the only living celebrity of our time." Such was Peter's mastery that Tayler's friend Pierce Taylor composed an ode to him in Latin, calling him the "dispenser of grilled chickens, curry, pilau and other Oriental dainties to weary travellers, ever-ready, ever on the watch for the coming guest, and with subordinates adept in the art of catching unsuspicious chickens when the traveller's palankeen was seen in the distance."

The sway of the khansama survived the departure of the British. Rajika Bhandari, in her book Raj on the Move, recounts an episode about Bernard, the khansama of the Bilaspur Circuit House, who was known as much for his culinary genius as for his foul temper. In the early 1950s, Prime Minister Jawaharlal Nehru was scheduled to visit Bilaspur and Raja Saheb of Sarangarh was entrusted with his care during his stay at the Circuit House. Naturally, Bernard, who "had been at his post for as long as anybody in the town could recall", was called upon to cook for Nehru. When asked what he would serve the prime minister, the only answer Bernard gave was fish. "Raja Saheb, Bernard in his kitchen is the king," he reportedly said. "If you do not appreciate good food, please do not talk to me." In the end, Bernard gave Nehru an impeccable meal of fish soup, fish cutlets and a sapid fish curry. The food thrilled Nehru so much that he left a glowing compliment in the circuit house register: "Dinner last night was easily the most delicious meal I have ever eaten

rajeshsharma1049@gmail.com

#LEISURE & LUXURY

# Stunning Glasshouse Stays in India

Sit back and relax under the stars, while the splendour of the outdoors seemingly mingles with the conveniences of the indoors

There's something magical about sleeping under the stars and dining under the moonlight. But let's face it: a cool, air-conditioned atmosphere, some soft music filling the space and safety from the elements in the silence of the night is always welcome. At these stunning glasshouse stays in India, the best of both worlds comes under one roof, encased in all-glass walls, kitted out with modcons and decorated with stunning views of the wild.



## The best glasshouse hotels of India



### Forest Hills at Tala, Maharashtra

**Among** the lot of standalone houses, this resort features a two-storeyed glasshouse built on stilts. White curtains shroud the glass and wooden panels, which look out to the valley. The two floors are divided by a spiral staircase. The rooms come with balconies featuring an outdoor bathtub.

### Glasshouse Celeste, Ranikhet, Uttarakhand


**When** in Uttarakhand, make the most of the clean air and clear skies at this three-bedroom villa in Ranikhet. The full-length glass windows present 360° views of a valley palisaded by the Himalayas. While a room on the left looks straight out to the rising sun, the other two face gorgeous sunsets. Inside, there's a telescope for stargazing, and outside, there's a glass steam room in the lawn, along with a viewing deck and a pergola.

### Glasshouse On The Bay, Chapora, Goa

**It's** an ecstatic sight to watch light bounce off glass at the water's edge. While this house is not entirely made of glass, the waterfront villa features stunning sea views from all three of its bedrooms. The common areas also are done up with glass walls that lend the illusion of a glasshouse. The house comes with balconies, a private pool and al-fresco dining areas.

### Primrose Villas, Chikkamagaluru, Karnataka

**A** pleasant four-hour drive from Bengaluru, Primrose Villas stands perched in the ghats of Chikkamagaluru. Each standalone villa boasts glass walls overlooking the scenery. This means the prettiest mountain views all day everywhere, from the bedrooms and dining spaces to the cosy bathtubs.



### Shakti 360 Leti, Bageshwar, Uttarakhand

**About** 8,000 ft above sea level, contemporary design is known by this name. More windows than walls, the minimalist structures are the perfect canvas for the scenery. There are just four rooms here and it's incredibly remote—this is where you go to get away from other humans. Meals are served in a main lounge that you can digest at leisure, while lazing in planter's chairs. During your stay, pack a picnic at least once and go down to the river to try fishing.

### The Taara House, Manali, Himachal Pradesh

**This** boutique two-bedroom mountain lodge is nestled on a hilltop, just a few kilometres from Manali's city centre. The glasshouse at this lodge transforms into a starlit canvas at night. While the 360° views are speckled with snow-capped peaks gleaming in the cold distance, it remains warm indoors thanks to the bukhari (heater) in the centre of the room. Dine under the stars, or spend your days soaking in the sun.


### The Glasshouse, Panchgani, Maharashtra

**Imagine** an all-glass room in the middle of an orchard, tucked away in the hills of Panchgani. This one-bedroom stay stands in a complex adjacent to a four-bedroom brick villa. Guests can book the villas either together or separately. The Glasshouse comes with French windows for walls, a bedroom with an extended living area and an ensuite bathroom. Outside, there's space to lounge, head out on fruit trails and engage in some table tennis.

### The Glasscape, Nashik, Maharashtra

**Thanks** to a glass façade on three sides, the great outdoors seemingly mingle with the indoors at this two-bedroom property in Nashik. Natural light floods every corner of the space—including the attic and the living room—and every perch offers scenic views of the hills. Guests get access to the private swimming pool as well as indoor games, while the barbecue pit and bonfire are available at a charge.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मोबाइल शोरूम में हुई लाखों की चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

## पुलिस ने एक नाबालिग को निरुद्ध किया, नौ मोबाइल व एक कैमरा बरामद

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नवसृजित जिले शाहपुरा की पुलिस ने छह दिन पूर्व मोबाइल शोरूम से हुई चोरी की मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।

शाहपुरा पुलिस अधीक्षक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि शाहपुरा में 11 सितंबर को दलीचंद पुत्र देवकिशन गुर्जर निवासी सरदारपुरा ने पुलिस को इस आशय की रिपोर्ट दी थी कि गत रात्रि में उसके मोबाइल शोरूम आदित्य मोबाइल से जंगला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मोबाइल, वीडियोग्राफी का कैमरा व नगदी चुरा ली। इस मामले में शाहपुरा व्यापार मंडल की ओर से भी अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल व मोबाइल एसोसियेशन के अध्यक्ष शांतिलाल मामोड़िया की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया था।



पुलिस ने मोबाइल शोरूम से हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। मुखबीर तंत्र को

- **शाहपुरा थाना पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है**

सक्रिय कर चोरी गए मोबाइलों का साइबर तकनीक से पता लगाकर आरोपी विनोद पुत्र बादाम मीणा तथा दीपू पुत्र लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार कर लिया गया। इन्हीं के सहयोगी के रूप में एक नाबालिग आरोपी को निरुद्ध भी किया गया है। इनके कब्जे से पुलिस द्वारा कुल 9 मोबाइल, एक कैनन कंपनी का कैमरा बरामद कर लिया गया है। अन्य सामान व नगदी बरामद की जानी शेष है। शाहपुरा थाना पुलिस इन दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि कुछ अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

# सुजला जिले की मांग को लेकर 169 दिन से धरना जारी

## आचार संहिता लगने से पूर्व आंदोलन किया जाएगा तेज




सुजानगढ़ के गांधी चौक में सुजला जिले की मांग को लेकर धरना जारी है।

**सुजानगढ़, (निसं)।** एक दशक से लगातार सुजला जिले की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा सुजला महा सत्याग्रह द्वारा आचार संहिता लगने से पूर्व आंदोलन को एक बार फिर तेज किया जाएगा। गांधी चौक में लगातार गत 169 दिनों से चल रहे धरने पर महा सत्याग्रह के कार्यकर्ताओं ने आगामी समय में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों को लेकर विचार विमर्श किया।

महा सत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा ने कहा कि सितंबर माह सरकार का भविष्य तय करेगा अगर सितंबर महीने में जिले की घोषणा नहीं होती है तो आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार को सुजला क्षेत्र सहित आसपास के आधे दर्जन विधानसभा में सीधा नुकसान उठाना पडेगा। धरने पर विजयपाल श्योराण, किशोर दास स्वामी, गोविंद जोशी, राजकुमार सेन, मोहम्मद यूसुफ गौरी, हाजी हाकम अली खान, मधुसूदन अग्रवाल, राजू सिंह भाटी, गोपाल मोयल, नरेंद्र मोयल, ओमप्रकाश स्वामी, सादिक खान, दीनदयाल सेन, रणजीत चौहान, राधेश्याम रेगर, अब्दुल वकास, विजय कुमार सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आचार संहिता पूर्व सुजला जिला बनाने की नारीबाजी और आगामी समय में आंदोलन को तेज करने को लेकर अपने विचार रखें।

# मारवाड़ 0018 गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

**चूरू, (कासं)।** झुंझुनू और समीपवर्ती हरियाणा राज्य में सक्रिय मारवाड़ 0018 गैंग के पांच सदस्यों को दुधवाखारा पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी भी जप्त की गई है।

एसपी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार जाट पुत्र जयपाल सिंह (24) निवासी थाना पिलानी जिला झुंझुनू, अनुज जाट पुत्र दारा सिंह (22) व दीपक जाट पुत्र कृष्ण (24) निवासी थाना सुरजगढ़ जिला झुंझुनू, नरेन्द्र जाट पुत्र बलवीर सिंह (24) निवासी व संजीव कुमार जाट पुत्र रोहिताष (20) निवासी थाना बहल जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। एसपी मीणा ने बताया कि संगठित अपराधिक एवं सक्रिय गिरोह के सदस्यों से जुड़े हुए व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कारवाई के लिए



दुधवाखारा पुलिस की टीम ने मारवाड़ 0018 गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा व सीओ जयप्रकाश अटल के सुपरविजन एवं एसएचओ दुधवाखारा अल्का बिश्नोई के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

गठित की गई टीम द्वारा रविवार

- **बदमाशों के पास से एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी भी जप्त की गई**

को 0018 गैंग के पांच सदस्यों मनोज कुमार जाट, अनुज जाट, दीपक जाट, नरेंद्र जाट और संजीव कुमार जाट को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी में गिरफ्तार बदमाशों के विरुद्ध विभिन्न थानों में काफी प्रकरण दर्ज होना पाया गया है। यह बदमाश झुंझुनू जिले व सीमावर्ती हरियाणा में मारवाड़ 0018 गैंग का संचालन करते हैं। इस गैंग का एक सदस्य पिछले ही दिनों थाना सूरजगढ़ में हथियार सहित गिरफ्तार हुआ था। इसके बाद से गैंग के अन्य सदस्य विभिन्न स्थानों पर छुपने का प्रयास कर रहे हैं। इनके कब्जे से एक काली स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है।

## सड़क हदसे में एक युवक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायला थाना क्षेत्र से गुजरने वाले अजमेर हाइवे पर रविवार सुबह गाय से टकराने के बाद टेंपो पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार युवक की मौत हो गई। युवक, बालापुरा स्थित गौशाला से दुग्ध लेकर सप्लाई देने शहर की और आ रहा था। पुलिस ने बताया कि मांडल थाने के देवाजी का खेड़ा निवासी कैलाश (23) पुत्र देवीलाल गुर्जर रविवार सुबह बालापुरा क्षेत्र स्थित शिवम गौशाला से टेंपो में दुग्ध के केन भरकर सप्लाई देने शहर के लिए रवाना हुआ। इस बीच, अजमेर हाइवे पर रायसिंहपुरा चौराहे के पास अचानक टेंपो के आगे गाय आ जाने से टक्कर हो गई। हादसे में कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए एमजी अस्पताल लाया गया, जहां उसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। रायला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुये हादसे के कारणों की जांच शुरु कर दी।

# पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**अजमेर, (कासं)।** ईदगाह क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उसका शव सुबह नीम के पेड़ पर लटका मिला। मृतक के खिलाफ बेटी से रेप का मामला दर्ज है। आरोपी घरेलू विवाद के चलते मानसिक तनाव में था। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच में जुटी है।

क्रिश्चयनगंज थाने के एएसआई तेजाराम ने बताया कि करीब 45 साल के व्यक्ति के सुसाइड की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि नीम के पेड़ पर लटके व्यक्ति को घर वालों ने नीचे उतार लिया था और उसे लेकर जेएलएन अस्पताल आए। जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ

- **घरेलू विवाद के चलते मानसिक तनाव में था**
- **मृतक के खिलाफ बेटी से रेप का मामला भी दर्ज है**

उसकी बड़ी बेटी ने पत्नी के साथ मिलकर रेप का मामला दर्ज कराया था। मौके पर मौजूद रिश्तेदार ने बताया कि मृतक मुकदमा दर्ज कराने से डिप्रेशन में था और रात को फांसी लगा ली। सुबह जब इसके चारों बच्चे उठे तो पता चला। पत्नी व बड़ी लड़की पीहर में रह रही है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच कर रही है।

# घर-घर कनेक्शन के लिए तोड़ी गयी सड़क से ग्रामीण परेशान

**सुजानगढ़, (निसं)।** ग्राम पंचायत मुरडाकिया के चारिया गांव में जेजेएम योजना के तहत घर-घर कनेक्शन के लिए तोड़ी गयी से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि जेजेएम योजना में प्रत्येक घर को नल से जोड़ने के लिए गांव की गलियों की खुदाई की गयी थी। "आपणी योजना" के ठेकेदार द्वारा सड़क तोड़ दी गयी लेकिन उनकी मरम्मत नहीं करवायी गयी।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़क को एकदम बीच में से तोड़ देने के कारण वाहनों को गुजरने में भारी असुविधा हो रही है। चारिया गांव के जैसराज शर्मा ने बताया कि उनके गांव में नियमित पेयजल सप्लाई नहीं होती। जिस कारण मजबूरन उन्हें शोभासर से पानी का टैंकर खरीदकर



गांव चारिया में सडक के बीच में जेसीबी से खोदी गयी सडके।

घरों में डलवाना पड़ता है।

सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ने बताया कई बार आपणी योजना के स्थानीय अधिकारियों को सूचित कर दिया लेकिन फिर भी वे गांव की सड़कों को दुरूस्त नहीं करा पा रहे। सरपंच नारायणी देवी ने बताया कि गांव में बन रही आपणी योजना की टंकी कार्य भी कछूआ चाल से चल रहा है। कई बार निर्माण कार्य टंकी के बंद रहते है। जिसका निर्माण शीघ्र शुरू करवाने की मांग ग्रामीणों के तरफ से रखी गयी है।


## ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ़, (निसं)।** जमीन के फर्जी कागज बनाकर किसानों को जमीन बेचने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि 8 मई को शिवराज सिंह निवासी 8 केएसडी रायसिंहनगर ने पुलिस थाना अनूपगढ़ में मुकदमा दर्ज करवाया कि सुखदेव सिंह से जान-पहचान थी। जिसके आधार पर सुखदेव सिंह, अजीमत गोपाल सिंह, गुरनाम सिंह, साहब सिंह, श्रवण सिंह व भगवानाराम को पता लगा कि शिवराज सिंह जमीन खरीदना चाहता है। जिस पर सभी आरोपियों ने मिलकर षड्यंत्र रचकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर कमरानिया में जमीन दिखाई। इस जमीन का मालिक हिमाचल का मलकीत सिंह था। जबकि आरोपियों ने किसी मालाराम नाम के व्यक्ति को फर्जी जमीन मालिक बना दिया और जमीन के सौदे के नाम पर 25 लाख 38 हजार की ठगी कर ली।

# लम्बोर बड़ी गांव निवासी योगेश जम्मू-कश्मीर में शहीद

**सादुलपुर, (निसं)।** जम्मू-कश्मीर में चल रही आंतकियों के साथ मुठभेड में राजगढ़ तहसील के गांव लम्बोर बड़ी निवासी योगेश शहीद हो गये हैं। जिनका पार्थिव देह 18 सितम्बर को दोपहर तक राजगढ में पहुंचने की संभावना है। ज्ञात रहे कि शहीद योगेश 18 केवलरी आर्म्ड 14 नेशनल राईफल में डेपूटेशन पर तैनात थे। जो कि सन् 2013 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।

जानकारी के मुताबिक देर रात को सेना और आतंकियों की मुठभेड हुई थी, जिसमें चूरू जिले की राजगढ तहसील के लम्बोर बडी निवासी योगेश पुत्र पृथ्वी सिंह 28 साल के आंतकियों से लोहा लेते समय गोली लग गई, जिसमें वे आंतकियो से लोहा लेते हुए शहीद हो



शहीद योगेश

गये। तथा शहीद योगेश के पिता गाँव में खेतीबाडी का कार्य करते है। शहीद की पत्नी बीकानेर क्षेत्र में नर्स के पद पर कार्यरत है तथा एक पुत्र है। बताया जा रहा है कि शहीद योगेश भी अपने माता पिता की इकलोती संतान था।

पूर्व सैनिक संघ राजगढ के अध्यक्ष जगत सिंह ने बताया कि शहीद योगेश की पार्थिव देह 18 सितम्बर को दोपहर ०1 बजे तक शहीद स्मारक राजगढ में पहुंचने की संभावना है तथा जहां से सेना की गार्ड के द्वारा शहीद योगेश दनेवा की पार्थिव देह को सम्मान सेना की गाडी से उनके पैतृक गाँव लम्बोर बडी में ले जाया जायेगा। आपको बता दे कि जम्मू कश्मीर में रविवार 17 सितम्बर को पांचवे दिन एनकाउंटर जारी है। बताया जा रहा है कि शनिवार को सेना ने एक आंतकी को मार गिराया था।

## बुजुर्ग के खाते से लाखों की नगदी निकाली

**भीलवाड़ा, (निस)।** करेड़ा थाना पुलिस ने 62 साल के एक बुजुर्ग के बैंक खाते में खुद के मोबाइल नंबर ऐड कर धोखाधड़ी पूर्वक लाखों की नगदी निकाल लेने के मामले में ई-मित्र संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

करेड़ा पुलिस ने बताया कि उदयरामजी का गुडा निवासी 62 वर्षीय बालु पुत्र उदा तेली ने सरगती निवासी शांतिलाल पुत्र सोहनलाल पारीक के खिलाफ रिपोर्ट दी। बालु ने रिपोर्ट में बताया कि उसने 21 जुलाई 2015 को चिलेश्वर में स्थित ई-मित्र केन्द्र से बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा करेड़ा में एक बचत खाता खुलवाया था। तब ई-मित्र संचालक ने परिवादी के बैंक ऑफ बड़ोदा में खोले बचत खाते में अपने मोबाइल नंबर डाल दिये। इससे परिवादी के खाते में आने वाली सरकारी सहायता यथा वृद्धा पेंशन, पी.एम. किसान योजना की राशी व कृषि आरजियात पर मिलने वाली छूट आदि के मैसेज आरोपी के मोबाईल पर जाने लगे, जिससे आरोपी ने अब तक कुल 1 लाख 58 हजार 842 रुपये परिवादी के खाते से निकाल लिये। उसे इसकी जानकारी हाल ही में बैंक में पुछताछ के बाद हुई जब बैंक कर्मियों ने खाते में पैसे नही होने की बात कही। इस पर परिवादी ने सोचा कि उसकी सरकारी सहायता बंद हो गई है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**हनुमानगढ़, (निसं)।** साइकिल पर घर लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ उसी की गली में रहने वाले युवक ने रास्ते में छेड़छाड़ की। इस मामले में नाबालिग की मां ने महिला पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी एक सेंटर पर कंप्यूटर कोर्स के लिए साइकिल पर आती-जाती है। उसकी बेटी 12 सितम्बर को सुबह करीब पौने 12 बजे सेंटर से साइकिल पर घर आ रही थी। जैसे ही उसकी बेटी गुरुद्वारा के पास पहुंची तो अचानक सफेद रंग की स्कूटी पर उनके मोहल्ले का युवक आया और आते ही उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसकी बेटी ने धक्का दिया तो प्रकाश स्कूटी लेकर भाग गया। पुलिस ने प्रकाश के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

जांच अधिकारी थाना प्रभारी भजनलाल लावा ने बताया कि नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने समिति सदस्य प्रेमचन्द शर्मा के साथ महिला पुलिस थाने पहुंचकर नाबालिग से बात की। साथ ही थाना प्रभारी को मामले की गहनता से जांच कर न्याय दिलाने के लिए निर्देश दिए।

# समाज में शिक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही संस्कारों के निर्माण पर भी ध्यान देना आवश्यक है : कलराज मिश्र

## महाराजा सूरजमल बृज वि.वि. कुम्हेर के नवीन प्रशासनिक भवन एवं कुलपति सचिवालय का लोकार्पण किया

**भरतपुर/डीग, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र के मुख्य आतिथ्य में पंचायत समिति रूपवास के ग्राम खानुआं में आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित विद्या भारती विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद खेतान ने की तथा कार्यक्रम पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर भरतराम कुम्हार, समाजसेवी एवं एआईए की अध्यक्ष डॉ. उर्मिलेश आर्य, डॉ. यशपाल आर्य, महेन्द्र सिंह मग्गो एवं शिव प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि समाज में शिक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही संस्कारों के निर्माण पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई राष्ट्र अपनी संस्कृति और जीवन मूल्यों को बचाए रखने के साथ नई पीढ़ी को इनके लिए तैयार करने का कार्य करता है तभी उसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य की ज्ञान संपदा में वृद्धि के साथ सभी जीवों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करना है।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने खानुआँ में विद्या भारती के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सूक्ष्म निरीक्षण, अनुभव विस्तार और निरंतर अध्ययन किसी भी विद्यार्थी को सफलताओ के शीर्ष पर पहुंचा सकता है। इस दिशा में विद्या भारतीय संस्थान ने जो कार्य देश-विदेश में किया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि भरतपुर जिले में राणा सांगा की युद्ध स्थली खानुआ में इस तरह का शिक्षण संस्थान खुला है। कार्यक्रम के दौरान विद्या भारती संस्थान के द्वारा राणा सांगा की प्रतिकात्मक मूरत माननीय राज्यपाल को भेंट की गयी। इस अवसर पर सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, जिला कलक्टर लोक बंधु, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्वेता यादव, जिला रसद अधिकारी भारती भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, राजस्व अपील अधिकारी अखिलेश पिप्पल सहित जिला स्तरीय अधिकारी, विद्या भारती संस्थान, आदर्श विद्या मंदिर संस्थान के प्राचार्य, विद्यालय के शिक्षक एवं कार्मिक, छात्र-छात्राएं एवं गणमाण्य नागरिक मौजूद रहे।

- **पंचायत समिति रूपवास के ग्राम खानुआं में आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित विद्या भारती विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण**

**डीग संवाददाता के अनुसार** :- राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को कुम्हेर स्थित महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के नवीन प्रशासनिक भवन एवं कुलपति सचिवालय, का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर, विद्यार्थी गतिविधि केंद्र, महारानी किशोरी कन्या छात्रावास, स्वामी विवेकानंद छात्रावास, स्वामी दयानंद सरस्वती ट्रांजिट हॉस्टल का शिलान्यास कर अकादमी भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति 2020 के आलोक में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के एकेडमिक करिकुलम पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि शैक्षणिक गुणवत्ता जरूरी है परन्तु उससे भी जरूरी यह है कि अध्ययन-अध्यापन में युगानुरूप आवश्यकताओं का समावेश हो। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मौलिक शोध की संस्कृति के नए आयाम स्थापित करने की अपील की। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त भरतपुर सांवरमल वर्मा, जिला कलेक्टर डीग शरद मेहरा, पुलिस अधीक्षक डीग बृजेश ज्योति उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, उपखंड अधिकारी डीग रवि कुमार गोयल, उपखंड अधिकारी कुम्हेर देवेंद्र सिंह परमार, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. रमेश चन्द्रा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### लोहे की बैल गिरने से एक की मौत

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम केशवाना स्थित रीको औधोगिक क्षेत्र में बीएलएस कम्पनी में कार्य के दौरान दो मजदूरों पर लोहे की बैल गिर गई। जिसमें एक मजदूर की घटना स्थल पर ही दर्दनांक मौत हो गई जबकि एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद फैक्ट्री प्रबन्धन में हडकम्प मच गया। आनन-फानन में घायल व मृतक को यहां के राजकीय बीडीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां एक कार्मिक को गंभीरावस्था में जयपुर रैफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार महेश कुमार पुत्र पतराम जाट निवासी सोरनो की ढ्ढाणी सिरोड़ थाना नवलगढ़ की मौत हो गई। जबकि रमेश (27) पुत्र विक्रम प्रसाद गोंड निवासी बिहार को गंभीरावस्था में जयपुर रैफर कर दिया।

### चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित

**टोंक, (निसं)।** महात्मा गांधी अस्पताल, जयपुर के सौजन्य तथा अग्रवाल महिला मण्डल और रोटरी क्लब, टोंक के संयुक्त तत्वाधान में 17 सितंबर, रविवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला टोंक में किया गया। शिविर संयोजक रोटेरियन बी एम गुप्ता ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी अस्पताल के सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सको द्वारा जनरल मेडिसिन, हृदय रोग, मस्तिष्क रोग,ईएनटी, नेत्र, ऑर्थोपेडिक, स्त्री एंव प्रसूति रोग, निःसंतानता आदि प्रमुख रोगों के कुल 315 मरीजों का उपचार किया जाकर निःशुल्क दवाइयां दी गईं। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, ई सी जी आदि की जांच निःशुल्क की गई।

### संविदा कार्मिकों का बहिष्कार जारी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा लगाए गए संविदा व ठेका कार्मिकों ने अपनी मांगों की पूर्ति करने को लेकर रविवार को तीसरे दिन भी 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया। ठेका व संविदा पर लगे कार्मिकों ने बताया कि प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है वही मुख्यमंत्री ने भी अपनी बजट घोषणा में वादा किया था कि प्लेसमेंट एजेंसी के मार्फत लगे सभी संविदा कार्मिकों को आरएलएसडीसी में सम्मिलित किया जाएगा पर आठ माह बीत जाने के बाद भी इस बाबत कोई कार्यवाही नहीं हुई । कार्य बहिष्कार करने वालों में राहुल कुमावत ,बुद्धि प्रकाश शर्मा, लेखराज, दीपक कुमावत, गोविंद सैनी, भूपेंद्र प्रसाद, शुभम शर्मा, अरुण चौहान व अन्य सभी ठेका कार्मिक शामिल थे।

### शिशु रोग परामर्श शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं) ।** कस्बे के लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को स्वर्गीय मोहिनी देवी देवी कयाल की पुण्य स्मृति में नोरंग लाल कयाल द्वारा आयोजित निःशुल्क शिशु रोग चिकित्सा शिविर का आज आयोजन किया गया जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीलकंठ कयाल ने अपनी सेवाएं दी जिसमें 18 बालकों ने इस सेवा का लाभ उठाया। इस मौके पर लायन सीताराम सैनी, सागर मल हलवाई, रेवत सिंह , अनिल कुमार मारवाल, डॉ. विनय खंडेलवाल और रामावतार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मोदी के जन्मदिन पर सत्संग किया

**राजगढ़, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सत्संग का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महिलाओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते विश्व में भारत की छवि को ऊंचा उठाने में उनके योगदान पर चर्चा की। इस कार्यक्रम के बाद महिलाओं ने मिठाई बट कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मीना खण्डेलवाल, राजेश्वरी शर्मा,सीता जोशी, किरण शर्मा, उर्मिला शर्मा सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

### वैश्य महापंचायत के लिए रवाना

**टोंक, (निसं)।** जिला मुख्यालय टोंक से जयपुर वैश्य महापंचायत में शामिल होने के लिए रविवार को जिले भर से सैंकडों वैश्य बन्धु रवाना हुए, जिला महामंत्री महेंद्र दुसाद खंडेलवाल लाला ने बताया कि, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा नेता व कार्यक्रम वैश्य महापंचायत संयोजक, नरेश बंसल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष रामजीलाल विजयवर्गीय ने हरी झंडी दिखाकर टोंक से बर्सों व निजी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का श्रीमाधोपुर में भव्य स्वागत



श्रीमाधोपुर पहुंचने पर परिवर्तन यात्रा का बुलडोजर पर बैठकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

- डोटासरा का पूरा कुनबा पिछले 2 साल में एक साथ कैसे आरएएस बन गया : राजेन्द्र राठौड़

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** गोगामेड़ी से चलकर भाजपा की परिवर्तन यात्रा महरोली मोड़, भारनी स्टैंड, जालपाली पहुंची। जालपाली मोड़ पर परिवर्तन यात्रा के पहुंचते ही पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा, डॉ मंगल यादव, डॉ.माधव सिंह, श्याम चौधरी, कर्मवीर घोसल्या के नेतृत्व में जगह जगह बुलडोजर पर बैठकर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

वहीं परिवर्तन यात्रा में रथ में सवार सभी भाजपा पदाधिकारियों ने हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। भाजपा की परिवर्तन यात्रा सभा स्थल सुरानी बाजार पहुंचने पर पूर्व विधायक झाबरसिंह सिंह खर्रा ने मंचासीन अतिथियों नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व कृषि मंत्री प्रभु दयाल सैनी, प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर, सीकर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती, जिला अध्यक्ष पवन मोदी सहित मंचासीन सभी अतिथियों का सम्मान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व कृषि मंत्री प्रभुदयाल सैनी, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा ने कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए भ्रष्टाचार, बिगड़ी कानून व्यवस्था, युवाओं से धोखाबाज, झूठी घोषणाओं, विज्ञापन की सरकार पर बताकर घेरा। आगामी विधानसभा चुनाव में वोट की चोट देने की आमजन से अपील की।

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने अजमेर में स्मार्टफोन में ब्लास्ट होने की घटना को लेकर गहलोत सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मैंने तो पहले ही इस योजना को लेकर सवाल खड़े किए थे। विधानसभा के बाहर मैंने कहा था कि यह स्मार्टफोन पुरानी टेक्नोलॉजी के हैं। उन्होंने गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के चलते मतदाताओं को केवल लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। गहलोत सरकार सरकारी धन का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने गहलोत सरकार को घेरते हुए कहा कि स्मार्टफोन देना तो एक बहाना है। यह सरकार की कमीशन खोरी का खेल हैं। राठौड़ ने बिजली, पानी, चिकित्सा व शिक्षा को लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बच्चा पैदा होता है तो चोरी हो जाता, अन्नपूर्णा योजना के सेंपल 22 बार फेल हो गए। किसानों के साथ धोखा हुआ।

राठौड़ ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा का पूरा कुनबा पिछले 2 साल में एक साथ कैसे आरएएस बन गया, कौन सी ऐसी चक्की का आटा और जड़ी-बूटी खाली जिससे इतने सारे एक साथ बुद्धिमान हो गए। राठौर ने मंच से कहा रीट का पेपर कहां मिलेगा तो जनसभा में कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नाथी तेरे बाड़े में मिलने की बात कही। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि जयपुर स्थित सचिवालय के डीओईटी विभाग की अलमारी से 2.31 करोड़ नकद व 1 किलो सोना मिलने के प्रकरण में ईडी द्वारा अब तक की गई कार्रवाई में एक फर्म से ईडी ने 5.3 किलो सोना बरामद किया है और अब तक जल जीवन मिशन और डीओआईटी मामले में कुल 16.8 किलो सोना और 5 करोड़ रुपये विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों से छापेमारी में बरामद किये हैं। जनसभा में उमड़ा जन सैलाब को देखकर भाजपा नेता गदगद हो उठे। वही जनसभा में अजीतगढ़ प्रधान शंकर लाल यादव तथा नगर पालिका क्षेत्र में भ्रष्टाचार होने के मामले को भी राठौड़ ने गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को नसीहत दी की सरकार के इशारे पर सरकारी अधिकारी कोई कार्य नहीं करें नहीं तो उनका नाम भी लाल डायरी में लिखा जाएगा। राठौड़ ने कहा कि अधिकारी राजस्थान से कहीं बाहर नौकरी करने वाला नहीं है समय आने पर इसका भी जवाब दिया जाएगा। वहीं आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मंच पर मंचासीन भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जन्मदिन मनाया। सभा में पूर्व चिकित्सा मंत्री बंशीधर बाजिया, पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत, यात्रा सहप्रभारी कमल सिखवाल, परिवर्तन यात्रा जिला संयोजक लखोटिया, बनवारीलाल यादव, सत्यनारायण खांडल, दिलीपसिंह फोगावट, बजरंगलाल सोनी सहित काफी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।


### होम्योपैथिक शिविर का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा "निःशुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक कैंप" का 414 वां कैंप चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया। जिसमें 95 मरीजों ने लाभ उठाया। अब तक 413 पाक्षिक कैंपों में 46,000 से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है।

ये कैंप हर दूसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमें डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया, तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निःशुल्क दी गई।

इस होमियोपैथी कैंप में डॉ. एस. एल. चौधरी के साथ क्लब के पूर्व सप्रांतपाल गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी, विजय कुमार कसेरा, होम्योपैथी दवा कंपनी एस.बी.एल. प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सचिन शर्मा,धर्मवीर सांखला एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए दी।

# पूर्व विधायक ने बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया



पूर्व विधायक रामहेत यादव ने गांव की चौपाल पर ग्रामीणों को संबोधित कर जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण दिया।

- दो दर्जन गांवों का दौरा कर बीबीरानी में होने वाली सभा में पहुंचने का दिया निमंत्रण

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने रविवार को किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के करीब 24 गांव में पहुंच कर चौपाल लगाई और लोगों को 22 सितंबर को बीबीरानी पहुंच रही परिवर्तन संकल्प यात्रा की जनसभा में पहुंचने का निमंत्रण दिया तो वहीं बास कृपाल नगर में खाटू वाले के श्याम मंदिर व गांव रामनगर में सिख गुरुद्वारे पहुंचकर ढोंक लगाई आशीर्वाद लिया और गांव हासपुर खुर्द में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ग्रामीणों की ओर से ले गए केक को गांव के बुजुर्ग नेता के साथ मिलकर काटा।

बास कृपाल नगर श्याम मंदिर पहुंचने पर पूर्व विधायक रामहेत यादव का मंदिर कमेटी अध्यक्ष सहित श्याम प्रेमियों ने श्याम नाम का दुपट्टा पहन कर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने मंदिर पर उपस्थित श्याम प्रेमियों एवं ग्राम वासियों को परिवर्तन संकल्प यात्रा के आगमन पर होने वाली सभा में पहुंचने का आग्रह भी किया।

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तेज सिंह सैनी ने बताया कि रविवार को पूर्व विधायक रामहेत यादव ने परिवर्तन संकल्प यात्रा के 22 सितंबर के आगमन पर बीबीरानी में होने वाली विशाल सभा को लेकर गांव गुरगचका, बघेरी खुर्द, सालखर कुमपुर, रायपुर, मिर्जापुर, झाड़का, दौलत नगर माजरा, सोरवा, मूंदपुर, पतलिया, नगली, हासपुर कला, हासपुर खुर्द, भोजपुर, खारोला, गिरवास, रामनगर, किरवारी, जटियाना, साहपुर, शहजादपुर, हरसोली सहित करीब 24 गांवों की चौपाल पर पहुंचकर सभा की ओर 22 को बीबीरानी में होने वाली विशाल परिवर्तन संकल्प जनसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामहेत यादव के साथ सतीश सिंघल हरसोली मंडल अध्यक्ष पूरण झबूला, खैरथल पूर्व चेयरमैन अशोक डाटा, महंत अशोक कौशिक, भोम सिंह सरपंच, अशोक, दयाराम, करण सिंह, पूर्व चैयरमैन संजय जाटव, राजेश बटवाड़ा सहित अनेक गांवों के सरपंच, एमपीएस, पार्षद आदि भाजपा के नेता मौजूद रहे।

# मानवाधिकारों की महत्ता बताई

**टोंक, (निसं)।** एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा घुमंतु व अर्दघुमंतु समाज में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सामुदायिक भवन छावनी, टोंक में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन से हुआ। मुख्य प्रशिक्षक व एक्शन एड एसोसिएशन की स्टेट हेड सिओंन कंगोडी ने मानवाधिकारों की महत्ता बताते हुए कहा कि मानवाधिकार इंसान के लिए बहुत महत्व रखते हैं। मानवाधिकार अगर न हों तो इंसान की हालत ऐसी हो जाएगी जैसे जल बिन मछली। जैसे इंसान को सांस लेना बेहद जरूरी है वैसे ही मानवाधिकार का होना उतना ही जरूरी है। किसी भी व्यक्ति के सम्मानपूर्वक जीवन एवं अस्तित्व के लिये मानवाधिकारों एवं कर्तव्यों का पालन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार मनुष्य के वे मूलभूत सार्वभौमिक अधिकार है जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि किसी भी दूसरे कारक के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता। मानव अधिकारों में आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों के समक्ष समानता का अधिकार एवं शिक्षा का अधिकार आदि नागरिक और राजनीतिक अधिकार भी सम्मिलित हैं। एक्शन एड़ समन्वयक जहीर आलम ने महिला, कामगार, हस्त शिल्पी, दस्तकार व घुमंतू वर्ग कए लियें शुरू की गई विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर प्रतिभागियों को ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स कीमहत्ता समझाते हुए कहा कि लोगों के हक के लियें आवाज उठाने, समाज में हो रहे भेदभाव को दूर करने, मानव अधिकार संरक्षण के लिए तत्पर रहने की आदत और मानव हित के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत ही ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स के वास्तविक कार्य हैं। नूर कलंदर, अशरफ कलंदर , मोइन कलंदर व लाल सिंह आदिवासी ने घुमंतु समाज को शिक्षित, जागरूक व संगठित होने पर बल दिया।

# प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की

**निवाई, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिवस पर निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में जनसेविका रचना वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 101 हवनयज्ञ में आहुतियां देकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की।

निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। जनसेवीका रचना वर्मा की ओर से कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग ग्राम पंचायतों के मंदिरों में हवन करके मोदी के दीर्घायु की कामना की जा रही हैं। इस दौरान 101 हवन यज्ञ करने का कीर्ति महान स्थापित किया। इस अवसर पर संत प्रकाश दास आश्रम किवाडा गौशाला व श्रृंगी ऋषि आश्रम सरावडिया पर जनसेविका रचना वर्मा द्वारा हवन में आहुतियां दी गई। वर्मा ने बताया कि हवन को हमारी प्राचीन संस्कृत में महत्वपूर्ण माना गया है, हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री की लंबी उम्र की कामना के लिए हवन यज्ञ किया है। विधानसभा क्षेत्र के दतवास, करेडा बुजुर्ग, किवाडा, बडागांव, खाजपुरा, सजिया, गुंसी, लुहारा, बिचपुडी, सेदारिया व नयागांव आदि गांव में आहुतियां दी गई।

# 3907 वरिष्ठ जनों का सम्मान किया



मनोहरपुर में टीम मनीष यादव के द्वारा वरिष्ठ जन नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के भूत नाथ वाटिका स्तिथ एक गार्डन में रविवार को टीम मनीष यादव के द्वारा वरिष्ठ जन नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन परमानंद धाम खोरी के हरिओम दास महाराज के सानिध्य में व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मनीष यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में जन सैलाब उमड़ा पड़ा। जिसमें हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल देखने को मिली। समारोह में 3907 वरिष्ठ जनों का सम्मान किया।

परमानंद धाम खोरी के हरिओम दास महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सनातन धर्म में बुजुर्गों का सम्मान बहुत बड़ा पुण्य है, बुजुर्गों का सम्मान भगवान की सेवा के बराबर है। साथ ही उन्होंने कहा कि शाहपुरा क्षेत्र में मनीष यादव द्वारा चलाए जा रहे वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह बुजुर्गों के आत्मसम्मान व मनोबल बढ़ाने के लिए नेक कार्य है । समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनीष यादव ने कहा कि बुज़ुर्ग हमारी धरोहर है, इनका सम्मान करना है हमारा कर्तव्य है । इसलिए हर समाज को इनका सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर कैलाश जी महाराज देवन, सिमरन बाई (किन्नर) गौसेविका, सेवकदास महाराज भुतनाथ वाटिका, शाहपुरा नगरपालिका पूर्व चेयरमैन बद्री प्रसाद सैनी, प्रेम देवी जाट पूर्व चेयरमैन नगरपालिका शाहपुरा, गणपत कसाना पूर्व सरपंच, गोपाल रावत, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, अल्लादीन खान, कैलाश गुर्जर, हाजी गफार खां, इस्माइल खां, जाफर पठान, निशार खां, दिनेश सैनी, शंकर सैनी, अफसार खान,मुज्जमिल खान, सूरज बेनीवाल, इकबाल रेंजर, कवि कैलाश मनोहर, जगमाल असवाल, धूड़ाराम पलसानिया, रामकरण पलसानिया, शम्भू सामोता, लक्ष्मीनारायण प्रजापत, मुरारी, बाबूलाल गुप्ता, ओमप्रकाश बागड़ी, जगदीश सोनी, किशन बंगाली, युनूस खां, खलील खां, सिद्धार्थ मुदगल, शोयब खां सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थें।

### मेले को लेकर कलश यात्रा निकली

**राजगढ़, (निसं)।** जन जन की आस्था के आराध्य देव भगवान हनुमान जी महाराज छाहरीन धाममेला महोत्सव को लेकर रविवार प्रातः भव्य कलश एवं ध्वज यात्रा निकाली गई।

ध्वज एवं कलश यात्रा के साथ छाहरीन धाम हनुमानजी के तीन दिवसीय विशाल मेले का विधिवत शुभारम्भ हो गया। धाम के पंडित रामोतार शर्मा एवं मंदिर से जुड़े रंजीत सैनी ने बताया कि कस्बे के प्रमुख मार्गो से कलश एवं ध्वज यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बड़ा गणेश जी से मुख्य मार्ग होती हुयी हनुमान जी के मंदिर पहुंची।

मेले में 17 सितम्बर 2023 वार रविवार को रामायण पाठ, 18 सितम्बर वार सोमवार को हवन पूजन व विशाल भंडारा होगा तथा 19सितम्बर मंगलवार को प्रातः से हनुमानजी का लक्खी मेला भरेगा एवं साय को तहसील परिसर से शोभा यात्रा मुख्य बाजार से होती हुयी छाहरीन धाम पहुंचेगी। धार्मिक आयोजन को लेकर कस्बे में श्रद्धा एवं भक्ति का आलम है।

## सार-समाचार

### परिवर्तन यात्रा का भव्य स्वागत



**विराटनगर, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकल जा रही परिवर्तन यात्रा रविवार दोपहर को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा में पहुंची। यात्रा में यात्रा संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा सहित कई नेता शामिल हुए। जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत भी किया गया। स्वागत के बाद यात्रा पावटा स्थित सभा स्थल पर पहुंची जहां भाजपा नेताओं की ओर से आम जनता को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने कहा कि राजस्थान की महिला , युवा विरोधी, दुराचारी, अत्याचारी और भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को दूर करके मोदी जी के साथ चलने वाली भाजपा सरकार अब राजस्थान में हमें बनानी है। परिवर्तन यात्रा निकाली है यह सप्ताह का नहीं यह परिवर्तन समाज का है। यह मुख्यमंत्री का नहीं यह लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएगा और यह परिवर्तन यात्रा सफल होगी और राजस्थान में परिवर्तन होगा। रत्ना कुमारी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान को आगे ले जाना चाहते हैं, मोदी का इंजन सीधा बढ़ रहा है, लेकिन गहलोत का इंजन राजस्थान को पीछे खींच रहा है, मोदी जी का आगे और गहलोत का पीछे जाएगा तो राजस्थान खड़ा का खड़ा रह जाएगा। राजस्थान में बीजेपी का इंजन लगेगा तो राजस्थान की रेल इतनी तेजी से दौड़ेगी की राजस्थान को कोई रोक नहीं सकेगा।

### बैंड वादन में मॉडल स्कूल प्रथम




**निवाई, (निसं)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में मॉडल क्लस्टर 8 की क्लस्टर लेवल पर बैंड प्रतियोगिता शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल दौसा में आयोजित हुई जिसमें स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि इस बैंड प्रतियोगिता में टोंक, जयपुर, दौसा, दूदू व केकडी जिलों की टीमों ने भाग लिया था जिसमें मॉडल स्कूल निवाई प्रथम रही। उन्होंने बताया कि अब यह टीम 12 अक्टूबर को राज्य स्तर पर खेरवाडा उदयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 वर्षों से मॉडल स्कूल निवाई की टीम कलस्टर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है तथा 2018 में राज्य स्तर पर उपविजेता रह चुकी है। शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य द्वारा टीम के 25 छात्रों व बैंड टीम कोच जीशान अहमद व कालूराम मीणा को माला पहनकर स्वागत किया गया।

### बीसलपुर बांध का निरीक्षण किया



**देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध की सुरक्षा को लेकर जयपुर में 2 दिवसीय बांध सुरक्षा पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हुई । इसके अन्तर्गत शनिवार को यहां बीसलपुर बांध पर डैम सेफ्टी न्यू साउथ वेल्स ऑस्ट्रेलिया के 3 सदस्यी दल पहुंचा और बांध का निरीक्षण किया। ऑस्ट्रेलिया के निरीक्षण दल द्वारा बीसलपुर बांध पर विश्व बैंक की ड्रीप योजनांतर्गत करवाये जा रहे । जीर्णोद्धार कार्य के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा की । इस दौरान निरीक्षण दल ने बीसलपुर परियोजना के अधिकारियों से बांध की सुरक्षा के विषय में जानकारी की मांगी एवं अपने अनुभव भी साझा किए। परियोजना के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने जानकारी में बताया कि बांध के निरीक्षण के लिए आए ऑस्ट्रेलियाई दल ने निरीक्षण दौरान बांध के रख -रखाव व अन्य कार्यों के संबंध में भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर ऑस्ट्रेलियाई दल के शेन मक्ग्राथ, क्रिस साल्कोविक और पीटर बॉयड ने परियोजना अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह सागर अधिशासी अभियंता मनीष बंसल सहायक अभियंता मनीष कुमार ,श्रीपथ सोलंकी, जगदीश मीना कनिष्ठ अभियंता कमलेश मीना दिनेश बैरवा तथा इंडेक्सल कंपनी की गिनीता मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का रविवार को महरौली मोड़ पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. माधव सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन रथ पर पुष्प वर्षा करते हुए अबकी बार राजस्थान में परिवर्तन के संकल्प को दोहराया। रथ में सवार नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मोदी समेत अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं से भाजपा को विजय बनाने का आव्हान किया। स्वागत करने वालों में डॉ. माधव सिंह, पूर्व प्रधान मक्खन लाल शर्मा, बीजेपी नेता जगदीश यादव लीडर, रामजीलाल शर्मा, एडवोकेट सुनील खटकड़, उमाशंकर ठठेरा, मुकेश शर्मा, रवि प्रजापत, पुरुषोत्तम शर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, मोतीलाल सैनी , अशोक सोनी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण

**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के गांव पलावा में संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष रहे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण करने जाते सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली का कांग्रेस सेवा दल महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजली यादव तथा कविता यादव द्वारा स्वागत और पेहल में माल्यार्पण किया गया। जिसमें एक तरफ जहां कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली का मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते समय कांग्रेस सेवा दल की डॉ अंजली यादव तथा कविता यादव ने जिंदोली के पास कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। वहीं गांव पलावा में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री जूली का ग्रामीणों द्वारा स्वागत करते बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया।

## संक्षिप्त

### आरती सिंह प्रदेश मंत्री बनीं

**पावटा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी के



निर्देशानुसार महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए जयपुर उत्तर देहात में आरती सिंह को भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बनने पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों में हर्ष है। इस दौरान आरती सिंह के भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बनने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ से सम्मान करते हुए बधाई दी। आरती सिंह ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार जताया।

### कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**मालपुरा, (निसं)।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा मालपुरा के वार्षिक चुनाव रविवार को बालिका आदर्श विद्या मंदिर में निर्विरोध सम्पन्न हुए। संगठन की नवीन कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष बंशीलाल शर्मा, उपसभाध्यक्ष बाबूलाल यादव, सत्यनारायण तेली, अध्यक्ष दुर्गालाल रेगर, मंत्री मुकेश नामा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरूषोतम गौतम, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, महिला उपाध्यक्ष कृष्णा विजय, महिला मंत्री सरस्वती टांक, को चुना गया।

### दस किलो डोडा पोस्त बरामद

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती मौजमाबाद थाने की पुलिस ने नासनोता गांव के एक मकान में छापा डालकर दस किलो 800 ग्राम डोडापोस्त बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस को मिली सूचना के बाद टीम नासनोता गांव मे भेजी गई टीम ने कार्यवाही कर आरोपी मनीष गूर्जर 36 निवासी नासनोता को गिरफ्तार कर माल बरामद कर लिया पूछताछ की जा रही है।

### जुआ खेलते तीन जने पकड़े

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती महतगांव के तालाब की पाल पर जुआ खेल रहे तीन जनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 16 हजार 200 रू बरामद करने में सफलता हासिल की। थानाप्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि जुआ खेल रहे पवन कुमार, तेज सिंह, मदनलाल को गिरफ्तार कर 16 हजार 200 रू बरामद किये हैं।

# रक्तमणि अभियान के आठ वर्ष पूर्ण

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उनके जन्मदिवस 17 सितम्बर 2015 से प्रारम्भ हुये रक्तमणि अभियान ने रविवार को अपने 8 वर्ष पूर्ण कर लिये। अभियान के माध्यम से समय पर रक्त उपलब्ध होने के कारण अनेक जिन्दगियां बची है।

अभियान के संयोजक भाजपा नेता मुकेश गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा कार्यो से प्रेरणा लेकर 17 सितम्बर 2015 से रक्तमणि अभियान की शुरूआत की गई थी।

■ अभियान के माध्यम से अनेक जिन्दगियां बची



रविवार को सोनू सैनी व मधुर गोयल ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

अभियान के अन्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न ब्लड बैंकों में प्रतिदिन स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता है, रक्तमणि में पंजीकृत रक्तदाताओं द्वारा दुर्घटनाग्रस्त एवं जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने हेतु संकट की घड़ी में ऑन डिमांड तत्काल स्वैच्छिक रक्तदान किया जाता है। रक्तदाता के प्रति सम्मान प्रकट करने हेतु उसे रक्तमणि का नाम प्रदान किया गया है। ब्लड बैंकों में सभी रक्त के समूहों की सदैव उपलब्धता बनी रहे तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता आये यहीं रक्तमणि अभियान का उद्देश्य है। मौसमी बीमारियों, डेंगू, प्रसूति समस्याओं, रक्ताल्पता व दुर्घटना की स्थिति में अनेक बार विशेष रक्त समूह की आवश्यकता होने पर रक्त आपूर्ति बनाये रखने हेतु अधिक संख्या में रक्तदाओं की व्यवस्था करना रक्तमणि अभियान की उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। कोटपूतली के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण दुर्घटनाएं अधिक होती है, जिससे रक्त की आवश्यकता भी अधिक पड़ती है। लेकिन रक्तमणि में पंजीकृत सेवाभावी रक्तदाता समय पर पहुंचकर घायलों की जान बचाने में सहयोग करते हैं। टीम रक्तमणि द्वारा लोगों को स्वयं व परिजनों के जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, किसी स्मरणीय दिवस, महापुरूषों की जयन्ती व राष्ट्रीय पर्व जैसे सुअवसरों पर रक्तदान हेतु प्रेरित किया जाता है। जिसके कारण बड़ी संख्या में युवा वर्ग ऐसे विशेष अवसरों पर स्वैच्छिक रक्तदान कर रहे है। इस तरह रक्तमणि अभियान ने रक्तदान के क्षेत्र में सामाजिक जागृति लाने भी कार्य किया है। 2926 दिनों से चलने वाले रक्तमणि अभियान एवं 106 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से अभी तक 11262 रक्त युनिट संग्रहित की गई तथा इतने ही जरूरतमंदों की रक्त उपलब्ध करवाकर सहायता की गई। रक्तदान करने वालों में 245 मातृ शक्तियों ने भी जरूरतमंदों के लिए आगे आकर सहयोग किया। साथ ही सैकड़ों रक्तदाताओं ने क्षेत्र की विभिन्न अस्पतालों में एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटिलेट) की आवश्यकता पडने एवं आपातकाल स्थिति में रक्तमणि अभियान के बुलावे पर मरीजों के लिए समय पर आगे आकर रक्तदान कर संजीवनी का काम किया। रविवार को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में रक्त की आवश्यकता पडने पर ग्राम राजनौता निवासी सोनू पुत्र गोपीचन्द सैनी ने एवं पूतली कट स्थित जीवनधारा ब्लड बैंक में कोटपूतली निवासी मधुर पुत्र मुकेश गोयल ने स्वैच्छिक रक्तदान कर रक्तमणी बने। इस दौरान भाजपा नेता दिलीप यादव, सुनील यादव, पूरण खटाणा, रमेश शर्मा, रक्तमणि अमित यादव एवं ललित सैनी आदि मौजूद रहे।

## मेघवाल महिला छात्रावास भवन का शिलान्यास

**कोटपूतली, (निसं)।** मेघवाल विकास समिति के तत्वावधान में कस्बे के टापरी रोड़ पर मेघवाल महिला छात्रावास भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि यादव के निर्देश पर नगर परिषद कोटपूतली द्वारा मेघवाल महिला छात्रावास के निर्माण हेतु कस्बे के टापरी रोड़ पर एक हजार गज भूमि का आवंटन करते हुए विगत 13 सितम्बर को कब्जा दिया गया था। डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन के पास स्थित उक्त भूमि में मेघवाल विकास समिति द्वारा समाज की जरूरतमंद बालिकाओं के अध्ययन हेतु छात्रावास का निर्माण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यादव ने पट्टीका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में विशेष तौर पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के हमेशा से ही प्रयास रहे है। वर्तमान गहलोत सरकार में भी ऐसी कई योजनायें आई है, जिसका लाभ वंचित, शोषित व पीडित तबके की जरूरतमंद बालिकाओं को मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटुराम सामरियां ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज गुर्जर, सभापति पुष्पा सैनी व पूर्व आईआरएस अधिकारी बी आर रेवाला ने भी विचार व्यक्त किये।

## सार-समाचार

### सुंदरकांड पाठ किया



**लालसोट, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को आज जगह जगह समर्थक उत्सव के रूप में मना रहे हैं। वहीं लालसोट के दौलतपुरा गांव में शनिवार को भामाशाह प्रहलाद मीणा के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हवन किया। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर इस बार पहली बार कार्यकर्ताओं में सनातन एवं सांस्कृतिक धर्म के प्रति विशेष रुचि देखी गई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वास्थ्य जीवन व लंबी उम्र की कामना की। शनिवार रात्रि को सैकड़ों लोगों के साथ बालाजी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया। उसके बाद हवन किया गया। वहीं उनके स्वस्थ जीवन व लंबी उम्र की भी कामना की गई। विद्वान पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि इस हवन में जो आहुतियां दिलवाई है वह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु के लिए महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुतियां दिलवाई है। इस दौरान मुरारी लाल , हँसराज गोठवाल, मोहन लाल, हरकेश , आशीष शर्मा, गोपाल, राजेन्द्र, रेवड़ मल मीना, दयाराम, हँसराज , टिकम चन्द , हनुमान सैन, राजेंद्र त्रिवेदी, दयाराम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

### सिलाई प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**मालपुरा, (निसं)।** महिला व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने व घर बैठे स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर मानव मित्र मंडल सेवा संस्थान शाखा मालपुरा के तत्वावधान में शहर के शास्त्री नगर स्थित अम्बेडकर भवन में नि:शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को शिविर समापन पर संस्थान की ओर से समारोह आयोजित किया गया। पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा व संस्थान के संस्थापक नोरत मल वर्मा एवं प्रकृति प्रेमी रामनारायण तेजी ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं व बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के युग मे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई का यह नि:शुल्क प्रशिक्षण उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। संस्थान की इस पहल व पुनित कार्य के लिए अवधेश शर्मा ने संस्थान का आभार जत्ताया। समापन समारोह में प्रशिक्षण लेनी वाली महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रशंषा पत्र बांटे गये। इस दौरान पदम चन्द, आशा देवी, गिरधारी ठागरिया, जितेन्द्र सोकरिया, पिंकी वर्मा, विष्णु वर्मा, निकिता शर्मा सहित स्वयं सेवक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### शिक्षकों व प्रतिभाओं का सम्मान

**मालपुरा, (निसं)।** समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा की ओर से रविवार को पंचायत समिति सभागार में शिक्षक व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। परिषद की ओर से आयोजित गुरूवंदन कार्यक्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के शिक्षकों व कक्षा 10 एंव 12 बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर छात्र सोनू जीनघर, श्रेया जैन, सेजन जैन, लोकेश सैनी, संजय चौपडा, वासुदेव चक्रधारी सहित विद्यालय प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, श्रेष्ठ शिक्षक अमित पारीक, व्याख्याता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के पुत्र हर्ष शर्मा को योगासन में नेशनल खिलाडी के रूप में चयनित कर सम्मान से नवाजा गया। इस दौरान रामजीलाल शर्मा,दिनेश विजय,पूर्व सरपंच दिलखुश शर्मा,निजी शिक्षण संस्थान अध्यक्ष रमाकांत पाठक,मधुसुदन पारीक,हंसराज जाट, ने कार्यक्रम में 102 विधार्थियो व 40 शिक्षकों का सम्मान किया।

### मोदी के जन्मदिन पर केक काटा

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने केक काटकर खुशी जाहिर की। साथ ही लोगों को सेवाभाव का संदेश दिया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व में भारत को एक अलग पहचान दी है। इस मौके पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, प्रधान प्रतिनिधि व भाजपा नेता जगन चौधरी, उप प्रधान राजेंद्र सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, जयराम सिंह सीताराम सैनी, अनिल शर्मा, भोमराज चेची एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, धीर सिंह, श्रीराम पलसानिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चार दिनों से जारी आमरण अनशन समाप्त

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के मुख्य चौराहा से ग्राम नारेहड़ा हनुमान जी मंदिर तक भारी व ओवरलोडेड वाहनों की दिन में नो एन्ट्री की मांग को लेकर डाबला रोड़ पर दिये जा रहे धरने के 53 वें दिन व आमरण अनशन के चौथे दिन प्रशासन ने अनशनकारियों की सुध ली।

■ प्रशासन ने ली अनशनकारियों की सुध, विभिन्न बिन्दुओं पर हुआ समझौता

रविवार को तहसीलदार सौरभ गुर्जर, डीटीओ सुनील कुमार सैनी धरना स्थल पर पहुंचे, जहां विभिन्न बिन्दुओं पर समझौता हुआ। जिसमें जिला कलेक्टर ने नो-एंट्री की मांग को लेकर कमेटी बनाई। जिसमें दस दिन में एसडीएम को कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं डाबला रोड़ पर ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर परिवहन विभाग व माइनिंग विभाग नियमित कार्यवाही करेगा तथा शहर में ओवरलोडिंग वाहनों को नहीं आने दिया जायेगा, तथा नारेहड़ा से चोटिया तक सडक पर मिट्टी हटाई जायेगी व ईरा पब्लिक स्कूल से हनुमान जी मंदिर तक डामरीकरण (पेचवर्क) कराया जायेगा तथा पानी का छिडकाव नियमित कराने के मुद्दों पर संयोजक राधेश्याम शुक्लावास व धरना कमेटी के सदस्यों एवं प्रशासन के बीच लिखित समझौता हुआ। प्रशासन ने धरना संयोजक राधेश्याम शुक्लावास, रंगलाल महाराज, रामस्वरूप छेपट को ज्यूस पिलाकर आमरण अनशन एवं धरना समाप्त करवाया। सामाजिक संगठन पीयुसीआई की राष्ट्रीय अध्यक्षा कविता श्रीवास्तव, राजस्थान प्रदेश गांधीवादी विचारक व सामाजिक कार्यकर्ता सवाई सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा नीमकाथाना के प्रयासों से उच्चाधिकारियों से वार्ता कर धरना की मांगों को लेकर समझौता हुआ। इस दौरान जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव रामनिवास यादव, पूरण यादव, पप्पू बायलान, बंटी सैनी, रामचंद्र सैनी, कुशल बिदारिया, सचिन गौड़, कैलाश यादव, प्रभुलाल वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## राठी फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को सहायता राशी बांटी

**फुलेरा, (निसं)।** राठी फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े एवं जरूरतमंद तथा होनहार विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति योजना सूचारू रूप से चलाई जा रही है।

इसको लेकर कस्बे के जैन भवन परिसर में रविवार को एक समारोह आयोजित कर 48 विद्यार्थियों को करीब 4 लाख 26 हजार रूपये की राशि छात्रवृत्ति के रूप में वितरण की गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय शाकम्भर महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञानप्रकाश दायमा, तथा विशिष्ट अतिथियों में कल्पना राठी, महंत सत्यनारायण सैनी, फुलेरा थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा, कैलाश बैनाडा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. के. राठी के द्वारा की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों को माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए।संस्था के ट्रस्टी



48 विद्यार्थियों को करीब 4 लाख 26 हजार रूपये की राशि छात्रवृति के रूप में वितरण की गई।

कैलाश चन्द बैनाडा ने बताया कि राठी फाउंडेशन द्वारा पिछले 14 वर्षो से आर्थिक रूप से पिछडे होनहार छात्र-छात्राओं को आईआईटी, एमबीए, चिकित्सा, सीए सहित अन्य विषयो मे उच्च शिक्षा जारी रखने हेतु सहायता राशि वितरण का कार्य अनवरत करती आ रही है। वहीं आगे बताया कि संस्था के संयोजक बी के राठी ने अपने स्वर्गीय पिता राधामोहन राठी की प्रेरणा से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पढाई जारी रखने के लिए सहायता राशि देने मे उन्हे ओर उनके परिजन को बेहद आत्मसंतोष की प्राप्ती होती है। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन के जी गोड व भंवर लाल शास्त्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या नमिता वर्मा, वरिष्ठ अध्यापिका सुमन शर्मा, हरजीत सिंह, बिरदी चन्द जैन, नरेन्द्र बंसल, रमेश रांवका, सुबोध छाबड़ा, नरेश छाबड़ा, सन्तोष कुमार स्वामी, भैरूलाल शर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## भगवान गणेश का पंचामृत अभिषेक आज

**पावटा, (निसं)।** श्री गणेश जन्मोत्सव के दो दिवसीय आयोजन से पूर्व कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत गणेश बाजार स्थित श्री गणेश मन्दिर में विनायक कमेटी पावटा की ओर से सोमवार को सर्वविघ्न विनाशक, रिद्धि-सिद्धि के प्रदाता भगवान गजानन की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक किया जायेगा।

विनायक कमेटी पावटा के सदस्यों ने बताया कि आगामी 19 सितबर गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सोमवार सुबह 6 से 9 बजे तक मेहंदी रस्म, 9.15 बजे से पंडित मनोज शास्त्री द्वारा विधि विधान से श्री गणेश भगवान का पूजन व सुबह 11 प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक होगा। वही अपराह्न 12 बजे महा आरती के बाद भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसके बाद विनायक कमेटी के नेतृत्व मे शाम 3 बजे विभिन्न झाकियों सहित गणेश जी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। इस दौरान विशिष्ट स्वर्ण-रजत आभूषणों से भगवान गजानन की प्रतिमा का अनुपम श्रृंगार किया जायेगा। वही 19 सितबर मंगलवार को प्रतिवर्ष की भाँति मन्दिर परिसर में विशेष सजावट के साथ रात्रि 7 बजे से विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक सचेतन झाकियाँ सजाई जायेंगी।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा कोटपूतली पहुंची, विशाल जनसभा हुई

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के शनिवार को कोटपूतली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने पुष्प वर्षा कर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं समेत यात्रा समिति के सभी सदस्यों ने 51 किलो की फूल माला, पार्टी के दुपट्टे एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं में अपार जोश, उत्साह व उल्लास का माहौल देखा गया। बड़ी संख्या में टिकिट के दावेदार भाजपा नेताओं ने अपनी अलग-अलग रैलियां सभा स्थल के लिए निकाली। इस दौरान कस्बे की सडकों पर भाजपा के झण्डे लगे वाहन ही देखे गये। इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि तेज बारिश एवं सभा स्थल पर पानी भर जाने के बाद भी कार्यकर्ताओं एवं आमजन का देर रात तक रूके रहना वर्तमान गहलोत सरकार के बदलाव के स्पष्ट संकेत है। गहलोत सरकार के पांच साल कुर्सी बचाने में पूरे हो गये। पेंशन की चर्चा करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि गहलोत सरकार 94 लाख लोगों में से केवल 41 लाख लोगों को ही पेंशन दे पा रही है। यह सरकार हर क्षेत्र में विफल रही है। उन्होंने बताया कि परिवर्तन संकल्प यात्रा 02 सितम्बर को त्रिनेत्र श्री गणेश जी मंदिर से शुरू हुई थी, जो 47 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। अब

■ पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी, सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व भाजपा राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने सम्बोधित किया

तक यह यात्रा 36 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच चुकी है जहां यात्रा को अपार जन समर्थन मिल रहा है।

राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का सिंह गुर्जर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार महिलाओं की सुरक्षा नहीं कर सकती है, ऐसी सरकार को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिये। क्षेत्रीय सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि अब इस भ्रष्टाचार वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। हमें अपना पराया भूलाकर केवल कमल के फूल को अपना उम्मीदवार मानकर आज से ही इस युवा विरोधी, महिला विरोधी, दलित विरोधी, पेपर लिक एवं युवाओं का भविष्य अंधकारमय बनाने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेना होगा। जनसभा को पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री जवाहर सिंह, पूर्व विधायक अजीत मेहता, जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, जिला प्रभारी सतवीर यादव, भाजपा नेता मुकेश गोयल, शंकर लाल कसाना, हंसराज पटेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत, पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, युवा नेता महेंद्र जांगल, पूर्व जिला पार्षद धूड़सिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन, पूरणमल भरगड़, पूर्व पीएमओ डॉ. आर. आर. यादव, डॉ. अशोक यादव, सुगन भाई, कमल यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर ने आभार व्यक्त किया। जबकि मंच संचालन जयराम गुर्जर एवं एड. अशोक सुरेलिया ने किया।

इस दौरान भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री एड. सुबेसिंह मोरोडिया, जिला मंत्री रविन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र कुमार सैनी, विधानसभा संयोजक पूरणमल सैनी, एड. बजरंग लाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, इंजी. सुभाष घोघड़, एड. रमेश रावत, कैलाश स्वामी, सुरेश शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, जिला मंत्री मुखिया पायला, युवा नेता जयसिंह पायला, दिनेश कमांडेंट, बगुला प्रसाद स्वामी, पुष्कर शर्मा, सोनू चौधरी, भूपेंद्र यादव, दिलीप यादव, कमल कसाणा, दिनेश मित्तल, शशि मित्तल, जेपी कोटिया, लीलाराम पीटीआई, भोमाराम गुर्जर, सोनू चौधरी, राहुल सोनी, सिद्धार्थ टोरडा समेत विधानसभा यात्रा समिति सदस्य, एक दिवसीय समिति सदस्य, जिला यात्रा समिति सदस्यों सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिवर्तन संकल्प यात्रा का पावटा पहुंचने पर जगह-जगह भव्य स्वागत

**पावटा, (निसं)।** भाजपा द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा के रविवार को पावटा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में अपार जोश, उत्साह व उल्लास देखा गया।

यात्रा के विराट नगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा में प्रवेश करने पर विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडलों के कार्यकर्ता बाइक रैली से अगुवाई करते हुए यात्रा को सभा स्थल इंडियन पेट्रोल पेट्रोल पंप के पास के मैदान तक लेकर पहुंचे। इस दौरान जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। सभास्थल पर टिकिट के दावेदारों ने समर्थकों के साथ यात्रा का स्वागत किया।

बड़ी संख्या में टिकिट के दावेदार भाजपा नेताओं ने अपनी अलग-अलग बाइक रैलियों व अन्य तरीकों से सभा स्थल तक शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान कस्बे की सड़कों पर भाजपा के झण्डे लगे वाहनों की लंबी कतारे देखी गई। इंडियन पेट्रोल पेट्रोल पंप के पास आयोजित परिवर्तन संकल्प यात्रा पावटा को पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी, सांसद जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, जिला प्रभारी सत्यवीर यादव, पूर्व विधायक



आम सभा स्थल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी का 51 किलो की फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

डॉ. फूलचंद भिंडा आदि नेतागण लेकर पहुंचे। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि इस बार राजस्थान में सत्ता परिवर्तन कर भाजपा सरकार को पूर्ण बहुमत से लाना है। कांग्रेस सरकार के राज में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सरकारी नौकरियों में धांधली के प्रकरण हुए हैं, जिन्हें अब प्रदेश की जनता कतई सहन नहीं करेगी। वहीं कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि जिस सनातन धर्म को मुगल व अंग्रेज नहीं मिटा पाए उस सनातन धर्म को कोन डेंगू की तरह खत्म कर देगा।

जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा सहित भाजपा वक्ताओं ने कहा कांग्रेस राज में छात्रा, महिलाएं कोई भी सुरक्षित नहीं है जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, पेपर आउट हो रहे है, आत्महत्या हो रही है इस वजह से गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक

■ विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से टिकिट के दावेदारों ने वाहन रैलियों के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन किया

करना परिवर्तन यात्रा का मुख्य लक्ष्य है। इस मौके पर इस दौरान भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता कुलदीप धनकड, जगन चौधरी, हरीप्रसाद बल्लीवाल, गौरव यादव, रानी रत्ना कुमारी, कैलाश ताखर, पवन शर्मा, जीएल यादव, राजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, जयराम सिंह सीताराम सैनी, अनिल शर्मा, भोमराज चेची एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, नरपत सिंह, राजेश शर्मा, राजेश यादव, किशन गुरुजी, ओमप्रकाश स्वामी, रामनिवास स्वामी, बद्री स्वामी, रामचंद्र स्वामी, ललित गोयल, रामसिंह सैनी सहित बडी संया मे भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री का जन्मदिवस विकास दिवस के रूप में मनाया




राजयोग भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विकास दिवस का आयोजन किया गया।

**टोंक, (निसं)।** नेहरू युवा केंद्र टोंक एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्माकुमारीज के राजयोग भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में विकास दिवस का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें चारभुजा नाथ व्यायाम शाला के अध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर ने कहा कि देश का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हर वर्ग को विकसित किया जाए प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र से हर एक तबके को साथ लेकर चलने का काम किया है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम योगदान है उन्होंने भारत के राजयोग को पूरे विश्व के हरेक कोने तक पहुंचाने का श्रेष्ठ कार्य किया है। कार्यक्रम में उद्योगपति एवं एवं भारतीय शिक्षा समिति टोंक के अध्यक्ष संजय संगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनीति और आध्यात्म में संतुलन बनाकर भारत की संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार तुलसीराम मीणा ने सभी अतिथियों को सोल ओडाकर पुष्पमाला से सभी का स्वागत सत्कार किया कार्यक्रम का समापन ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को पांच प्राण प्रतिज्ञा भी कार्रवाई और प्रभु प्रसाद का वितरण किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन बीके अमृत भाई ने किया इस मौके पर बीके पांचू भाई बीके मुरली भाई बीके सूरज भाई तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े भाई बहन मौजूद थे।



मैं उम्मीद कर रही हूं कि जल्दी मामला सुलझ जायेगा। मैने अनुरोध किया है कि उन्हें (राणा को) मेरे साथ बड़े टूर्नामेंटों में भेजा जाये।
- मनु भाकर

भारतीय निशानेबाज, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में अपने निजी कोच जसपाल राणा को साथ ले जाने की अनुमति नहीं मिलने को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## साइना नेहवाल



**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल का आगामी एशियाई खेलों के पहले एथलीट समिति चुनाव में दक्षिण एशिया क्षेत्र से निर्विरोध चुना जाना तय है। एशियाई ओलंपिक परिषद पहली बार एथलीट समिति के 10 सदस्यों को चुनने के लिए एथलीटों के बीच मतदान करा रही है। दक्षिण पूर्व एशिया से नामांकन करने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी के तौर पर साइना का चुनाव पक्का है। ओसीए ने घोषणा की है कि एथलीट 18 सितंबर से छह अक्टूबर तक छह मतदान केंद्रों में से एक पर मतदान कर सकेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ब्रायन लारा ने 131 टेस्टों में 52.88 की औसत से 11953 बनाए है।

# सिराज के कमाल से श्रीलंका को रौंद भारत 8वीं बार एशिया कप चैम्पियन बना

कोलंबो 17 सितंबर। मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्राफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था।

इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्मायी गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा जिन्होने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। जवाब में भारत के इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने औपचारिकता निभाते हुये 6.1 ओवर में 51 रन बना कर भारत के नाम ऐतिहासिक जीत दर्ज करा दी। एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुये यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने सबसे ज्यादा आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत की यह जीत अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिये संजीवनी साबित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करते हुये लक्ष्य का पीछा करने का मौका शुभमन गिल के साथ युवा इशान किशन को दिया जो तेज गति से खेलते हुये कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे।

क्रिकेट के दीवानो द्वारा दिये गये उपनाम मियां मैजिक यानी मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच श्रीलंका की बल्लेबाजी के कब्रगाह बन गयी। हल्की बरसात के कारण करीब 40 मिनट की देरी से शुरू हुये मैच में सिराज ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये अपने दूसरे ओवर में एक के बाद एक चार विकेट (पथुम निसंका,सदीरा समराविक्रमा,चरिथ असलंका, धनजंय डिसिल्वा) चटका कर श्रीलंका को मुश्किलों के दलदल में धकेल दिया। इस दलदल से फंसी श्रीलंका की पारी ने छटपटाते हुये 15.2 ओवर के खेल में 50 रन पर दम तोड़ दिया। यह स्कोर एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास का तीसरा सबसे कम स्कोर है जबकि एशिया कप के इतिहास में यह किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर है।

श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाये जबकि महीश थीक्षणा के स्थान पर टीम में लिये गये दुसान हेमंता 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। सिराज को दूसरे छोर पर जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) और हार्दिक पंडया का भरपूर साथ मिला। अपने पहले ही ओवर में बुमराह ने कुसल परेरा को शून्य पर आउट कर मेजबान टीम पर दवाब बनाया जबकि बाद में पंड्या ने दुनिथ वेल्लालगे (13),प्रमोद मदुशन (1) और मथीसा पथिराना (0) को सस्ते में चलता कर टीम इंडिया को अपना आठंवा एशिया कप खिताब जीतने का जश्न मनाने का मौका दे दिया। श्रीलंका के आठ बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के स्थान पर नहीं ले जा सके जिनमें पांच तो अपना खाता भी नहीं खोल सके।



## सिराज ने की ग्राउंड स्टाफ की तारीफ

कोलंबो 17 सितंबर। खराब मौसम और बारिश के बीच एशिया कप की सफल मेजबानी करने में महती भूमिका निभाने वाले प्रेमदासा स्टेडियम के ग्राउंड स्टाफ की रविवार को सर्वत्र सराहना की गयी और उपहार स्वरूप आयोजकों ने उन्हे 50 हजार अमेरिकी डालर के पुरस्कार से नवाजा वहीं भारत की जीत में अहम योगदान देने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने खुद को मिली इनामी राशि भी ग्राउंड स्टाफ को देने की पेशकश की। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दस विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुये एशिया कप का खिताब आठवीं बार अपने नाम किया है। इस जीत में सिराज की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही जिन्होने श्रीलंका के छह बल्लेबाजों को आउट कर मैच को एकतरफा बना दिया। उनकी इस उपलब्धि के लिये उन्हे प्लेयर आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। सम्मान समारोह में रवि शास्त्री ने मोहम्मद सिराज को मंच पर बुलाया और उन्हे पांच हजार डालर का चेक उपहार स्वरूप दिया। सिराज ने बड़ी सहजता से कहा कि ग्राउंड स्टाफ की कड़ी मेहनत और सहयोग से एशिया कप को निर्विघ्न संपन्न कराया गया है। इसलिये वह समझते हैं कि इसके लिये वह इस पुरस्कार राशि के सही पात्र हैं। ग्रांउड स्टाफ ने विपरीत परिस्थितियों में काम किया जिसके चलते बारिश के बावजूद यहां मैच खेले जा सके। बाद में आयोजकों ने भी ग्राउंड स्टाफ के कार्य की सराहना करते हुये उन्हे 50 हजार डालर का चेक उपहार स्वरूप प्रदान किया जिसका ग्राउंड स्टाफ ने ताली बजा कर स्वागत किया।

## भारत और श्रीलंका के मैच में लगी रिकार्डों की झडी

**कोलंबो, 17 सितंबर। भारत और श्रीलंका के बीच रविवार को यहां खेले गए एशिया कप फाइनल में कई नए रिकॉर्ड बने। भारत ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर एशिया कप में आठवां खिताब जीता। मोहम्मद सिराज के छह विकेट के दम पर श्रीलंका की टीम केवल 50 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने केवल 6.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया।**

**इस मैच में बने रिकॉर्ड इस तरह से हैं :**

**श्रीलंका** का स्कोर पांचवा विकेट गिरने पर 12 रन था जो इस मुकाम पर उसका भारत के खिलाफ न्यूनतम स्कोर था। इसी स्कोर पर उसने अपना छठा विकेट गंवाया जो आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश का वनडे में इस मुकाम पर न्यूनतम स्कोर है।

**सिराज** ने इस मैच में वनडे में 50 विकेट पूरे किए। उन्होंने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए 1002 गेंदे की। इस प्रारूप में वह सबसे कम गेंदों में 50 विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। रिकॉर्ड श्रीलंका के अजंता मेंडिस (847 गेंद) के नाम पर है।

**श्रीलंका** ने 50 रन बनाए जो उसका वनडे में भारत के खिलाफ न्यूनतम स्कोर है। किसी वनडे फाइनल में भी यह सबसे कम स्कोर है।

**सिराज** ने 21 रन देकर छह विकेट लिए जो श्रीलंका के खिलाफ वनडे में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**यह** एशिया कप वनडे के इतिहास में केवल दूसरा मौका है जबकि सभी 10 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। वर्तमान एशिया कप में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था। यह मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था।

**सिराज** का प्रदर्शन किसी वनडे फाइनल में भारत की तरफ से तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह वनडे फाइनल में भारतीय गेंदबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अनिल कुंबले ने 1993 में हीरो का फाइनल में 12 रन देकर छह विकेट लिए थे।

**सिराज** वनडे क्रिकेट में एक ओवर में चार विकेट लेने वाले भारत के पहले गेंदबाज बन गए हैं। वह आशीष नेहरा के बाद दूसरे ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 6 विकेट लिए।

**भारत** पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने वनडे फाइनल में दो अवसरों पर 10 विकेट से जीत दर्ज की। उसने 1998 में शारजाह में जिंबाब्वे को 10 विकेट से हराया था।

**भारत** ने 263 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की जो इस मामले में उसकी सबसे बड़ी जीत है। वनडे फाइनल में यह गेंद शेष रहने के मामले में सबसे बड़ी जीत भी है।

## लाइन और लेंथ एक्जिक्यूट किया और विकेट मिलते चले गये : सिराज

कोलंबो 17 सितंबर। एशिया कप फ़ाइनल में अपनी करिश्मायी गेंदबाजी से श्रीलंका की बखिया उधेड़ने वाले भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि रविवार को प्रेमदासा स्टेडियम की पिच पर डाला गया स्पेल सपने के माफिक है। उन्होने बस लाइन और लेंथ एक्ज़िक्यूट किया और विकेट मिलते चले गये। सिराज ने अपने दूसरे ओवर में चार शीर्ष बल्लेबाजों को आउट कर श्रीलंका की पारी को तहस नहस कर दिया। यह कारनामा करने वाले वह पहले भारतीय हैं। उन्होंने अपने सात ओवरों के स्पेल में 21 रन देकर छह विकेट लिए जिसके चलते श्रीलंका की पारी महज 50 रन पर सिमट गयी। सिराज ने नई गेंद से स्विंग निकालते हुए करिश्माई गेंदबाज़ी की। उन्होंने मैच के बाद प्रेज़ेंटेशन में कहा, काफ़ी टाइम से मैं अच्छी गेंदबाज़ी कर रहा था और खाली वो (बल्लेबाज़) बीट हो रहे थे। आज एज लग रहे थे और मेरी कोशिश थी कि एज को जितनी बार ले सकें। यह विकेट सीम होता आया है लेकिन आज स्विंग भी हो रहा था। मैंने कोशिश की कि बल्लेबाज़ों को ज़्यादा से ज़्यादा खिलाया जाए। मैंने सोचा स्विंग हो रहा है तो थोड़ा ऊपर डालता हूं। वह ड्राइव मारने जाएंगे तो कैच हो सकते हैं। पिच बहुत अच्छा था और थोड़ा अच्छा स्विंग ले रहा था और शुरू में थोड़ी नमी भी मुझे लगी पिच पर। मैंने एक्ज़िक्यूट किया और वह अच्छा था। उन्होने कहा, मैंने पिछली बार श्रीलंका के साथ त्रिवेंद्रम में ऐसा किया था और चार विकेट लिए थे। लेकिन मैं पांच विकेट नहीं लिया था। तब मुझे समझ आया था जितना नसीब में होता है उतना ही मिलता है, कोशिश आप जितना भी कर लो। यहां पर प्लान स्पष्ट था, लाइन और लेंथ एक्ज़िक्यूट करना है और विकेट मिलते रहे। चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका हवा में ड्राइव करते हुए प्वाइंट पर कैच आउट हुए। दो गेंद बाद सदीरा समराविक्रमा अंदर आती गेंद पर स्टंप के सामने टिके रहे और पगबाधा हुए। अगली गेंद पर चरिथ असलंका ने कवर की दिशा में एक फ़ुल गेंद को धकेल दिया। ओवर की आख़िरी गेंद पर धनंजय डीसिल्वा ड्राइव लगाते हुए विकेट के पीछे कैच आउट हुए। सिराज ने दसुन शानका और कुसल मेंडिस दोनों को बोल्ड करते हुए अपने छह विकेट पूरे किए।

## इस तरह का प्रदर्शन लंबे समय तक याद रहेगा : रोहित शर्मा

कोलंबो, 17 सितंबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ टीम के शानदार प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास लंबे समय तक याद रखे जायेंगे। मोहम्मद सिराज ने सात ओवर में 21 रन देकर छह विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने श्रीलंका को 50 रन पर आउट कर दिया। जवाब में यह लक्ष्य 6 . 1 ओवर में एक भी विकेट गंवाये बिना हासिल कर लिया। रोहित ने मैच के बाद कहा ,'' यह शानदार प्रदर्शन था। फाइनल में इस तरह खेलना शानदार था। इससे टीम की मानसिकता पता चलती है। इस तरह का प्रदर्शन लंबे समय तक याद रखा जायेगा।'' उन्होंने कहा ,'' हमारे तेज गेंदबाज काफी समय से मेहनत कर रहे हैं। उन्हें इस तरह का प्रदर्शन करते देखना सुखद था। मैने कभी सोचा नहीं था कि गेंद इतनी घूमेगी।'' उन्होंने कहा ,'' हालात के अलावा यह खिलाड़ियों के हुनर की भी बात है। यह काफी दुर्लभ है। सिराज के जैसा प्रदर्शन बार बार देखने को नहीं मिलता। सभी खिलाड़ियों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया।'' विश्व कप से पहले भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला और दो अभ्यास मैच खेलने हैं। रोहित ने कहा कि टीम सही दिशा में जा रही है। उन्होंने कहा ,'' यह देखकर अच्छा लग रहा है कि टीम इस तरह के आत्मविश्वास के साथ सही दिशा में जा रही है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में चार विकेट गिरने के बाद हार्दिक और ईशान ने हमें बड़े स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद दूसरे मैच में विराट और केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी की।'' उन्होंने कहा ,'' गिल भी बेहतरीन फॉर्म में है। उसे बल्लेबाजी करना पसंद है। अलग अलग समय पर अलग अलग खिलाड़ियों ने टीम को संकट से निकाला।''

## विश्व कप के करीब चोट लगने का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है : राहुल द्रविड़

कोलंबो, 17 सितंबर। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को संकेत दिया कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों की चोटों के कारण उनकी टीम को एकदिवसीय विश्व कप में नुकसान उठाना पड़ सकता है और खिलाड़ियों के प्रबंधन का काम 'पेचीदा' हो जाएगा।

अय्यर पीठ की जकड़न के कारण एशिया कप के केवल शुरुआती दो मैच ही खेल सके जबकि इससे पहले उन्होंने चोट के कारण छह महीने के ब्रेक के बाद वापसी की थी। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर बाएं पैर की जांघ में खिंचाव के कारण एशिया कप फाइनल से बाहर हो गए। ये दोनों खिलाड़ी भारत की विश्व कप टीम में शामिल हैं। द्रविड़ ने एशिया कप की शुरुआत से पहले कहा, ''सभी टीमें एक जैसी स्थिति में हैं, विश्व कप के करीब चोट लगने से वास्तव में आपको नुकसान हो सकता है। हमें बस दुआ करनी होगी और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करना होगा।''

उन्होंने कहा, ''हम पेचीदा स्थिति का सामना कर रहे हैं जहां कुछ खिलाड़ियों को आराम देने की जरूरत है जबकि कुछ खिलाड़ियों को कुछ क्रिकेट खेलने की जरूरत है। इसे हासिल करना एक पेचीदा संतुलन है।'' अय्यर के अलावा लोकेश राहुल ने भी एशिया कप में चोट के बाद वापसी की थी और अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल में भारत का प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका भी अपने प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रहा है। मेजबान टीम के स्पिनर महीश तीक्षणा मांसपेशियों में चोट के कारण खिताबी मुकाबले से बाहर हो गए। इसके अलावा श्रीलंका के स्टार खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा, दिलशान मदुशंका और दुष्मंता चमीरा चोटों के कारण पूरे एशिया कप में नहीं खेल पाए। भारत में पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले पाकिस्तान भी अपने तेज गेंदबाजों नसीम शाह और हारिस राऊफ की फिटनेस को लेकर चिंतित है।

## इंग्लैंड की टीम में ब्रुक की वापसी

लंदन, 17 सितंबर। इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले 2023 क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसमें हैरी ब्रुक को जगह दी गयी है। दरअसल, इंग्लैंड ने पिछले महीने घोषित अपनी अनंतिम टीम में कुछ मजबूत विकल्प चुने थे, जिसमें ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की वापसी हुई थी और युवा बल्लेबाज हैरी ब्रुक और स्टार तेज जोफ्रा आर्चर गायब थे लेकिन पीठ की ऐंठन के कारण जेसन रॉय न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे, ब्रूक की वनडे टीम में वापसी हुई है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 24 वर्षीय खिलाड़ी की न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज सामान्य रही, जिसमें उन्होंने 25, 2 और 10 का स्कोर बनाया। रॉय के नाम 2023 में छह वनडे मैचों में दो शतक हैं और उन्हें इस सप्ताह के अंत में आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप के लिए टीम में बदलाव की अंतिम तारीख 28 सितंबर है।

## फिलक्स और केंसलो के गोल से बार्सिलोना ने बेटिस को 5-0 से हराया

बार्सीलोना, 17 सितंबर। जू फलिक्स और जू केंसेलो ने बार्सीलोना की ओर से पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाते हुए गोल दागे जिससे टीम ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रीयाल बेटिस को 5-0 से रौंद दिया।

पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की इस जोड़ी ने पिछले दौर के मुकाबले में बार्सीलोना की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में पदार्पण किया था। ये दोनों ग्रीष्मकाल की 'ट्रांस्फर विंडो' (खिलाड़ियों की अदला-बदली का समय) बंद होने से कुछ घंटों पहले ही गत चैंपियन टीम से जुड़े।

फ्लिक्स ने शनिवार को हुए मुकाबले में पहला गोल दागा जबकि केंसेलो ने पांचवां गोल दागकर गत चैंपियन टीम की मौजूदा सत्र की सबसे बड़ी जीत सुनिश्चित की। टीम की ओर से अन्य गोल रॉबर्ट लेवानदोवस्की, फेरान टोरेस और राफिन्हा ने किए। टोरेस मई 2021 में लियोनल मेस्सी के बाद बार्सीलोना की ओर से फ्री किक पर सीधा गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बने।

इस जीत से बार्सीलोना अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है और उसने रीयाल मैड्रिड पर एक अंक की बढ़त बना ली है जिसे रविवार को रीयाल सोसीदाद से खेलना है। दिन के अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने केडिस के 3-0 से हराया जबकि मालोर्का ने सेल्टा विगो को 1-0 से शिकस्त दी।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे के लिए की वनडे टीम की घोषणा

सिडनी, 17 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 22 सितंबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए कप्तान पैट कमिंस समेत कई अहम खिलाड़ियों की वापसी से ऑस्ट्रेलिया को मजबूती मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कमिंस और स्टीव स्मिथ कलाई की चोटों से उबर रहे थे, जबकि मिशेल स्टार्क को कमर और कंधे में दर्द की शिकायत थी। ग्लेन मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले टखने की चोट का शिकार हो गये थे और बाद में वह अपने बच्चे के जन्म के लिए घर वापस चले गए।

**ऑस्ट्रेलिया टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क , मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा।

## न्यूज़ीलैंड वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश ने प्रमुख खिलाड़ियों को दिया आराम

ढाका 17 सितंबर। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान में पहले दो एकदिवसीय (वनडे) के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। जिसमें उसने अपने महत्वूपर्ण खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आराम दिया है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में लिटन दास बंगलादेशी टीम की कप्तान का भार संभालेंगे। जिन खिलाड़ियों को आराम दिए गए उनमें मुश्फिकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज और तस्कीन अहमद, हसन महमूद और शोरफुल इस्लाम की पेस बैटरी शामिल हैं।

इन खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बावजूद बंगलादेश टीम को तमीम इकबाल, महमूद उल्लाह, सौम्य सरकार और नुरुल हसन सोहन की वापसी से अनुभव की कोई कमी नहीं होगी। बंगलादेशी टाइगर्स में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है जिनमें साउथपॉ जाकिर हसन, तेज गेंदबाज खालिद अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन हैं। तीनों खिलाड़ी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान डेब्यू के लिए उतारे जा सकते हैं। नईम शेख, अफीफ हुसैन और शमीम हुसैन एशिया कप टीम के दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी थे।

बंगलादेशी टीम में जिन खिलाड़ियों का जगह मिली है उनमें लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, सौम्य सरकार, अनामुल हक, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तनजीद हसन, जाकिर हसन, रिशाद हुसैन, खालिद अहमद हैं।

## डेविस कप : जीत के साथ बोपन्ना की विदाई, भारत 4-1 से जीता

लखनऊ, 17 सितंबर। रोहन बोपन्ना ने रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप -2 के युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ मोरक्को के खिलाफ जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपने शानदार करियर को अलविदा कर दिया वहीं सुमित नागल और दिग्विजय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिद्वंदियों को घुटनों पर बैठा कर अपने सीनियर के विदाई टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। भारत इसके साथ मोरक्को के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्ले आफ में पहुंच गया है।

विजयंतखंड स्टेडियम के हार्ड कोर्ट पर बोपन्ना और युकी भांबरी ने एकतरफा मुकाबले में मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2,6-1 से हरा दिया जबकि शीर्ष वरीय सुमित नागल ने रिवर्स सिंगल में यासीन डिलिमी को 6-3,6-3 से हरा कर डेविस कप ग्रुप-2 अभियान में भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। बाद में दिग्विजय सिंह ने आहूदा वलीद को 6-1,5-7,10-6 से हरा कर जीत के फासले को 4-1 कर दिया। नागल ने इससे पहले शनिवार को मोरक्को के प्रतिद्वंदी एडम माउंडिर को सीधे सेटों मे हराया था हालांकि शशिकुमार मुकुंद मोरक्को के यासीन डिलिमी के खिलाफ मैराथन एकल मुकाबले में उमस से हार मान कर मुकाबले से हट गये थे जिसके चलते डिलिमी को उस मैच में जीत मिली थी।

यह दूसरा मौका है जब नागल ने डेविस कप के किसी मुकाबले में अपने दोनों एकल मैच जीते। इससे पहले उन्होंने 2019 में कजाखस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह कारनामा किया था। इस जीत से भारत अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ में पहुंच गया है। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना का डेविस कप करियर में यह आखिरी मुकाबला था। उन्होने अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ विजयंत खंड हार्ड कोर्ट में खेले गये मैच में मोरक्को के खिलाड़ियों के पांव जमने से पहले ही उखाड़ दिये। अमेरिकी ओपन में युगल वर्ग का फाइनल खेल कर लखनऊ आये विश्व के नंबर सात खिलाड़ी ने कोर्ट में अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया और एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में अपने प्रतिद्वंदियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

जीत के बाद कोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों ने खड़े होकर ताली बजाते हुये उनको विदाई दी। भावुक बोपन्ना ने कोर्ट पर भारतीय टीम की जर्सी उतार कर डेविस कप को अलविदा कहा। भारत के उम्रदराज खिलाड़ी ने डेविस कप के करियर के दौरान 13 युगल मुकाबलों समेत कुल 33 मैच खेले जिनमें से 23 में उनके खाते में जीत आयी। इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी कमजोर दिख रही मोरक्को पर पूरी तरह हावी रहे। मोरक्को के खिलाड़ी अपनी सर्विस बचाने के लिये संघर्ष करते नजर आये।

## एशियाई खेल युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : इगोर स्टिमक

नई दिल्ली, 17 सितंबर। भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि एशियाई खेल उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का मौका देंगे। भारतीय टीम रविवार को हांगझाऊ के लिये रवाना हो गयी। भारत 19 सितंबर को पहले मैच में मेजबान चीन से लोहा लेगा जबकि 21 सितंबर को उसका मुकाबला बांग्लादेश और 24 सितंबर को म्यांमार से होगा। टीम की रवानगी से पहले मीडिया से बात करते हुए स्टिमैक ने कहा, जो खिलाड़ी टीम में मुख्य रूप से सूची में नहीं हैं, उनके सामने शानदार मौका है। उनके लिए खुद को साबित करना, अपने सपनों को हासिल करना और यह साबित करना कि वे आईएसएल और अपने क्लबों में बेहतर अवसरों के हकदार हैं।

कोच ने कहा मेरी पहली सूची में किसी भी वरिष्ठ खिलाड़ी के शामिल न होने का एक कारण युवा पीढ़ी में मेरा विश्वास था और ऐसा इसलिए था क्योंकि मैंने यहां अपने काम के पहले ही दिन सीनियर राष्ट्रीय टीम के दरवाजे उनके लिए व्यापक रूप से खोल दिए थे। इसलिए मैं वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना भी वहां जाने को लेकर आश्वस्त हूं। केनक्रे एफसी के अजफर नूरानी पिछले सीज़न के आई-लीग के एकमात्र खिलाड़ी हैं।




*एशिया कप के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर यह खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुये बहुत ही बेहतरीन शुरुआत की और गेंदबाज मोहम्मद सिराज के 21 रन पर 6 विकेट के प्रदर्शन के बदौलत श्रीलंका की पूरी टीम को मात्र 50 रन पर समेट दिया। भारत ने मात्र 51 रन के लक्ष्य को बिना विकेट गंवाये हासिल कर लिया और यह मैच 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। एशिया कप जीतने के बाद उत्साहित भारतीय टीम ने जमकर जश्न मनाया। गौरतलब है कि, भारतीय टीम ने बहुत समय बाद कोई बड़ा टाइटल अपने नाम किया है।*

# 'पूर्व मु.मंत्री नायडू 371 करोड़ के घोटाले के इकलौते कर्ताधर्ता हैं'

## आंध्र प्रदेश सी.आई.डी. के प्रमुख ने प्रैस में बताया कि, चंद्राबाबू नायडू ने इस प्रोजैक्ट की कुल रकम का 90 फीसदी हिस्सा अपने जेब में डाल लिया

- **आंध्र प्रदेश सी.आई.डी. के प्रमुख ने बताया कि, यह पैसा तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से मूलतः जर्मीनी की सीमेंस नामक कंपनी को नॉमिनेशन के रूप में दिया गया। इस तरह महज नॉमिनेशन के बेस पर ही पूरा पैसा सरकार के हाथों से बाहर चला गया।**
- **गौरतलब है कि, आंध्र प्रदेश के पूर्व मु.मंत्री नायडू इस समय जूडिशियल कस्टडी में जेल में हैं तथा कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका 19 सितम्बर तक के लिए स्थगित कर दी है।**

हैदराबाद, 17 सितम्बर। आंध्र प्रदेश क्राइम इन्वेस्टीगेशन डिपार्टमेंट (सी.आई.डी.) के प्रमुख एन संजय ने कौशल विकास घोटाले में चंद्रबाबू नायडू को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। उन्होंने कहा कि, नायडू ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इस भ्रष्टाचार का पूरा खाका तैयार किया।

दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय ने कहा, यह 371 करोड़ रुपये के सरकारी धन का घोटाला है। यह पैसा तत्कालीन आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से सीमेंस नामक कंपनी को नॉमिनेशन के रूप में दिया गया।

इस तरह महज नामांकन के आधार पर ही पैसा सरकार के हाथों से बाहर चला गया। 371 करोड़ रुपये में से 241 करोड़ रुपये दूसरी प्राइवेट कंपनियों को जा रहे थे। ई.डी. की जांच में भी यह बात सामने आई।

एन. संजय ने एपी कौशल विकास घोटाले को लेकर डिटेल में जानकारी दी। उन्होंने कहा, पूरा घोटाला 90:10 फॉर्मूले के प्रोजेक्शन के कारण हुआ। सीमेंस का दावा है कि उनका इस सब से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि कंपनी का मुख्यालय तो जर्मनी में है।

दरअसल, कई लोगों को धन दिया गया था जो लोग ट्रेनिंग से जुड़े कामों में शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि चंद्रबाबू नायडू इस घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता रहे। नायडू और उनके तत्कालीन कौशल विकास मंत्री ने मंत्रिपरिषद के समक्ष झूठे आंकड़े पेश किए थे।

वहीं, विजयवाड़ा की स्थानीय अदालत ने नायडू की 2 जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। नायडू ने जमानत के लिए अंतरिम जमानत याचिका के साथ-साथ नियमित जमानत याचिका भी दायर की है। नायडू को कौशल विकास निगम के कोष के दुरुपयोग के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सी.आई.डी. का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष लोक अभियोजक वाई.एन. विवेकानंद ने बताया, अदालत ने मामले की विस्तार से सुनवाई की और इस मामले को मंगलवार यानी 19 सितंबर को पेश करने का निर्देश दिया ताकि हम जवाबी हलफनामा दाखिल कर सकें।

अंतरिम जमानत याचिका में नायडू ने अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई भी सबूत नहीं है। टी.डी.पी. प्रमुख नायडू को कौशल विकास निगम के कोष के गबन से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इस घोटाले की वजह से सरकार को कथित तौर पर 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ था। अदालत ने नायडू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है जिसके बाद से वह राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल में बंद हैं।

# कर्नाटक सरकार आंतरिक कलह से परेशान, तीन उप मु.मंत्री बनेंगे

## मु.मंत्री सिद्धारमैया ने उनके खिलाफ उठ रहीं विद्रोह की आवाजों को थामने के लिए पार्टी आलाकमान के समक्ष जल्द यह मुद्दा उठायेंगे

- **कर्नाटक सरकार में सहकारिता मंत्री के.एन राजन्ना के राज्य में तीन उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग सार्वजनिक तौर पर पेश की। मंत्री राजन्ना के बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि, कर्नाटक सरकार में अंतर्कलह इस समय चरम पर पहँच चुकी है।**

बैंगलुरु, 17 सितम्बर। राजस्थान और छत्तीसगढ़ के बाद कर्नाटक में सरकार बनाने के बाद भी कांग्रेस पार्टी में अंतर्कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य में तीन उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति के लिए अपने मंत्रिमंडल के भीतर से उठ रही आवाजों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि इस पर अंततः आलाकमान फैसला करेगा और वह फैसले का पालन करेंगे। सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने शनिवार को कर्नाटक में तीन और डिप्टी सी.एम. रखने का विचार रखा था और कहा था कि वह 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस आलाकमान के साथ इस पर चर्चा करेंगे।

कर्नाटक सरकार में सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना के बयान तीन डिप्टी सी.एम. की मांग उठाने के बाद राज्य में कांग्रेस सरकार के भीतरखाने अंतर्कलह की पोल खुल गई है। माना जा रहा है कि पार्टी में कई नेता खुश नहीं है। इस बयानबाजी पर सी.एम. सिद्धारमैया ने कहा कि यह मंत्री की निजी राय है, जो इसे पार्टी नेतृत्व के समक्ष उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से स्पष्ट कर दिया कि इस मुद्दे पर उनका कुछ कहना नहीं है और इस पर निर्णय लेना आलाकमान का काम है।

उन्होंने कहा, उन्होंने (राजन्ना ने) अपनी राय व्यक्त की है, लेकिन अंततः फैसला आलाकमान को करना है। आलाकमान ने कहा था कि एक उपमुख्यमंत्री पर्याप्त है और एक को नियुक्त किया है। उन्होंने (राजन्ना) कहा है कि वह इस मुद्दे पर आलाकमान से बात करेंगे। तीन और डिप्टी सी.एम.।"

यहां रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "मेरे पास (कहने के लिए) कुछ नहीं है। आखिरकार फैसला हाईकमान को करना है। हाईकमान जो भी फैसला लेगा, मैं उसका पालन करूंगा।"

## गलती से गोली चली, जवान की मौत

- **जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में रविवार को दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के एक जवान की जान चली गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।**

श्रीनगर, 17 सितंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में रविवार को दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के एक जवान की जान चली गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, हथियार से दुर्घटनावश गोली चल गयी, जिसके परिणामस्वरूप एक घातक दुर्घटना हुई और सेना के दो जवान घायल हो गये। इनमें से एक ने बाद में दम तोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि इस मामले में एक सैन्यकर्मी को हिरासत में लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# मणिपुर में सेना के जवान का अपहरण कर हत्या, शव गांव में फेंका

## जवान छुट्टियों पर घर लौटा था, हथियारबंद हमलावर मासूम बच्चे के सामने ही जवान को उठाकर ले गये

- **सुबह 10 अज्ञात हमलावरों ने सीपॉय कोम का उनके घर से अपहरण कर लिया। घटना का एकमात्र चश्मदीद जवान का 10 साल का बेटा है।**
- **अधिकारियों के मुताबिक, बेटे ने बताया कि, तीन लोग उसके घर के अंदर घुसे। उस वक्त वह अपने पिता के साथ पोर्च में काम कर रहा था। हथियारबंद लोगों ने सीपॉय के माथे पर पिस्टल सटा दी और उसे एक सफेद वाहन में बिठाकर वहां से निकल गए।**

इम्फाल, 17 सितम्बर। मणिपुर में भारतीय सेना के जवान का अपहरण करके उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। यह जवान छुट्टी पर आया हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि उसका शव रविवार को मणिपुर के इंफाल पूर्व जिला स्थित खुनींगथेक गांव में पाया गया। मारे गए जवान की पहचान सीपॉय सेर्तो थांगथैंग कोम के रूप में हुई है। वह आर्मी के डिफेंस सिक्योरिटी कोर प्लाटून में कांगपोक्पी स्थित लीमाखोंग में तैनता थे। मारा गया जवान पश्चिमी इंफाल के तारुंग का रहने वाला था। जिस वक्त जवान का अपहरण हुआ, उसका मासूम बेटा भी वहीं पर मौजूद था।

अधिकारियों ने बताया कि सीपॉय कोम छुट्टी पर घर आए हुए थे। सुबह 10 अज्ञात हथियारधारियों ने सीपॉय कोम का उनके घर से अपहरण कर लिया। घटना का एकमात्र चश्मदीद जवान का 10 साल का बेटा है। अधिकारियों के मुताबिक बेटे ने बताया कि तीन लोग उसके घर के अंदर घुसे। उस वक्त वह अपने पिता के साथ पोर्च में काम कर रहा था। हथियारबंद लोगों ने सीपॉय के माथे पर पिस्टल सटा दी और उसे एक सफेद वाहन में बिठाकर वहां से निकल गए।

परिवार की मदद के लिए सेना के जवानों को भेजा गया है। मृत जवान का अंतिम संस्कार परिवार की इच्छानुसार किया जाएगा।

## राजस्थान में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राजस्थान में विपक्षी पार्टी में भारी गुटबाजी दिख रही है और मध्य प्रदेश में भी ऐसी स्थिति नज़र आ रही है, जहां पार्टी 3 से ज्यादा गुटों में बंटी है, इस स्थिति को देखते हुए कांग्रेस में इन दोनों राज्यों और छत्तीसगढ़ में आसानी से जीतने का आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

तेलंगाना में भी कांग्रेस टक्कर दे रही है और इस समय सत्तारूढ़ बी.आर.एस. के लिए मुख्य चुनौती नज़र आ रही है तथा मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव असहज महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने कहा कि, उसे पूर्ण विश्वास है कि, पांचों राज्यों में कांग्रेस को निर्णायक जनमत प्राप्त होगा। तेलंगाना में कांग्रेस की वापसी उस भारी रैली से नज़र आई जो सी.डब्ल्यु.सी. मीटिंग के समापन पर आयोजित की गई थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी ने पांच राज्यों के लिए होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कई लोक लुभावन घोषणाएं कीं, जैसी कर्नाटक में की गई थीं।

## सी.डब्ल्यू.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अजय माकन और पंजाब कांग्रेस विधानसभा के नेता प्रताप बाजवा ने सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, अगर आप पर भरोसा है, तो वह उन राज्यों में प्रचार क्यों करती है जहां भाजपा बनाम कांग्रेस की सीधी लड़ाई है? क्या इससे भाजपा को मदद नहीं मिल रही? यह बात छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाल के कैंपेन्स को लेकर कही गई।

गौरतलब है कि, दिल्ली और पंजाब दोनों ही जगहों पर कांग्रेस को आप से नुकसान हुआ है, इसलिए राज्यों के नेता इसे लेकर काफी सावधानी बरत रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन चिंताओं को ध्यान से सुना और उन्हें स्वीकार भी किया। हालांकि, उन्होंने पार्टी नेताओं का आश्वासन दिया कि आगे कोई भी फैसला स्टेट यूनिट से बातचीत के बाद ही लिया जाएगा। मालूम हो कि भोपाल में इंडिया गठबंधन की अगली बैठक होनी है। यहां सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा सकता है। कांग्रेस दिल्ली और पंजाब जैसे क्षेत्रों में आप को कोई जगह नहीं देना चाहती। ऐसे में व्यक्तिगत हित के साथ गठबंधन बनाए रखना बड़ी चुनौती होगी।

## प्र.मंत्री के जन्मदिन पर हैलमेट बांटने का रिकॉड बना

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी की मौजूदगी में "नमो सुरक्षा कवज" के तहत लोगों को 18 हजार हैलमेट निःशुल्क भेंट किये गये।**

जयपुर, 17 सितम्बर (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौडगढ़ सांसद सी.पी. जोशी की मौजूदगी में आज चित्तौडगढ़ सेवा संस्थान द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम में "नमो सुरक्षा कवच" कार्यक्रम में 18000 हैलमेट निःशुल्क वितरित किए गए। निःशुल्क हैलमेट वितरित करने का यह एक विश्व रिकॉर्ड बना है। सी.पी.जोशी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने और हैलमेट लगाकर बाइक चलाने की शपथ दिलाई। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कार्यक्रम के दौरान वीडियो जारी कर कहा प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की और उनके जन्मदिवस पर हैलमेट वितरण करने का अच्छा कार्य करने के लिए सी.पी. जोशी को धन्यवाद दिया और युवाओं से हैलमेट पहनने और यातायात के नियमों का पालन करने की बात कही।

# सरपंच सहित तीन लोग नाले में बहे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शनिवार को ही अपने घर से दूसरे घर जा रहा था कि रास्ते में काला नाले के उफान के चलते नाले में बहने से उसकी मौत हो गयी। अमर सिंह का शव भी बरामद कर लिया गया है। इसी तरह 40 वर्षीय कला पुत्र तानु निवासी लुनावाडा घरेलू सामान लेने निकला लेकिन वह पुलिया में बह गया। लोगों ने उसे बहते हुए भी देखा काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पाया। इधर पुलिस उप अधीक्षक रुपसिंह राठौड ने तेज वर्षा के दौर एवं नदी-नालों के उफान को देखते हुए उनके आस-पास नहीं आने की अपील की है। राठौड ने कहा कि कईं जगह बिजली के तार और खंभे गिर चुके हैं अतः सुरक्षा की दृष्टि से घरों में रहें और स्वयं व परिवार का ध्यान रखें।

एसडीआरएफ टीम ने टापू पर फंसे बुजुर्ग रामसिंह पुत्र भूरा भील 58 वर्ष को लाईफ जैकेट पहनाकर मोटर बोट की सहायता से अनास नदी पार करवाकर सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रविवार दोपहर लगभग तीन बजे पुलिस कंट्रोल रुम को जयपुर कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि जिले के थाना सज्जनगढ़ में अनास नदी में अचानक आये उफान से नदी के टापू पर कुछ ग्रामीण फंसे हुए है। रेस्क्यू टीम प्रभारी दयानंद जवानों की टीम एवं आपदा राहत उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे जहां कुंभपुरा के समीप अनास नदी के टापू पर एक ग्रामीण के फंसे होने की जानकारी मिली।

जिले में तीन दिन से हो रही भारी बारिश के चलते डोकर गांव में पानी के भराव क्षेत्र में फंसे 146 लोगों को रेस्क्यू टीम ने तत्परता दिखाते हुए सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। रविवार को आनंदपुरी ब्लॉक के डोकर गांव में 146 लोगों को रेस्क्यू टीम ने नावों में बिठाकर बाहर निकाला तथा उन्हें सुरक्षित स्कूल में पहुंचाया। रेस्क्यू टीम में एसडीआरएफ, तहसीलदार, विकास अधिकारी व पुलिस टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर रेस्क्यू किया। सभी लोग सुरक्षित हैं। डूंगरपुर जिले के सबसे बडे सोम कमला आंबा बांध के दो गेट भी 4-4 इंच खोले हुए हैं। दोनों गेट से पानी की भारी निकासी हो रही है। जिला कंट्रोल रूम के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश गलियाकोट में 116 एमएम, साढे 4 इंच रिकॉर्ड की गई है।

## नाटो अब तक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आयोजित करेगा: स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर। गठबंधन के 40,000 से अधिक सैनिक जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में अभ्यास करेंगे।

## बागीदौरा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुई। बागीदौरा में 365, बांसवाडा 223, घाटोल 196, शेरगढ़ 270, सल्लोपाट 272, कुशलगढ 182, दानपुर 200, केसरपुरा 252, गढी में 110, जगपुरा 72, लोहारिया 54, अरथुना 83, सज्जनगढ में 272 मिमी. वर्षा मापी गई हैं। राजस्थान परिवहन की निगम की बस बांसवाडा-डूंगरपुर और बांसवाडा-रतलाम मार्ग चालू है। बेणेश्वर से बांसवाडा आने का मार्ग बंद है वहीं माही बांध जाने वाले मार्ग पर पुलिया टूट गई है। घाटोल से भूंगडा होकर माही बांध जाने वाला मार्ग भी बाधित है। शनिवार को वर्षा ने ऐसा कहर बरपाया कि कई सड़कों पर नदियां बहती नजर आयी तो लोगों के घरों में भी पानी घुस गया। हालांकि रविवार को रिमझिम और रुक-रुक कर हुई वर्षा ने लोगों को कुछ राहत दी। विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी। सिक्योर टीम लोगों को राहत देने के लिये पूरी मुस्तैदी से जुटी नजर आयी। लोग सिक्योर की सेवाओं को सराहते भी नजर आये।

## पाकिस्तानी ड्रोन ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान गांव राजोके जिला-तरनतारन के धान के खेत से एक पाकिस्तानी क्वाडकॉप्टर - डी.जे.आई. मविक 3 क्लासिक (चीन में निर्मित)ड्रोन बरामद किया गया।

इसके अलावा रविवार को ड्रोन द्वारा गिराए गए प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप की उपस्थिति के बारे में विशेष जानकारी पर, बी.एस.एफ. और पंजाब पुलिस द्वारा गांव अमेशा, जिला तरनतारन के बाहरी इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान, सैनिकों ने एक खेत से एक बड़े आकार का पैकेट बरामद किया, जिसमें लगभग 3.130 किलोग्राम हेरोइन थी। पैकेट पीले चिपकने वाले टेप में लपेटा हुआ था और एक लोहे के हुक से जुड़ा हुआ था।

इसी प्रकार आज तड़के लगभग 4.10 बजे, बी.एस.एफ. ने जिला फिरोजपुर के गांव गट्टी राजोके के पास संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को रोका। निर्धारित अभ्यास के अनुसार, बी.एस.एफ. जवानों ने तुरंत प्रतिक्रिया करते हुए ड्रोन को रोकने का प्रयास किया।

प्रवक्ता ने बताया कि पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। सुबह लगभग 6.35 बजे तलाशी के दौरान, सैनिकों ने गांव गट्टी राजोके के पास एक खेत से एक बड़े आकार का पैकेट बरामद किया, जिसमें हेरोइन लगभग ढाई किलो हेरोइन बरामद हुई। पैकेट के साथ एक लोहे का हुक जुड़ा हुआ था।

# खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को विवादित टिप्पणियों से दूर रहने का सख्त निर्देश दिया

## सोनिया गांधी ने पार्टी नेताओं को आत्मसंयम बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने मीडिया के सामने ऐसी टिप्पणियों से बचने के लिए कहा, जो पार्टी के हित को नुकसान पहुंचा सकती हैं

- **मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को लोगों से लगातार मिलने के लिए कहा। खड़गे ने पार्टी नेताओं से जनता की समस्याओं को सुनने के लिए कहा, क्योंकि पार्टी अगले साल चुनाव में राष्ट्रीय लड़ाई के लिए जमीन तैयार कर रही है।**

नई दिल्ली, 17 सितम्बर। कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यू.सी.) की बैठक में कांग्रेस ने अपने नेताओं को किसी भी प्रकार की विवादित भाषणबाजी से दूर रहने की सख्त सलाह दी है। सी.डब्ल्यू.सी. इस साल होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में जनादेश मिलने की उम्मीद जताई। इसे लेकर रविवार को कहा गया कि पार्टी आगे की लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है।

पार्टी की विस्तारित कार्य समिति की बैठक के बाद पारित प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि देश की जनता बदलाव चाहती है। कार्य समिति ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों पर भी जोर दिया है। प्रस्ताव में कहा गया, विश्वास है कि कांग्रेस को इस साल मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम, राजस्थान और तेलंगाना के लोगों से निर्णायक जनादेश मिलेगा।

हैदराबाद में सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी स्तर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं को लोगों से लगातार मिलने के लिए कहा। खड़गे ने पार्टी लीडर्स से जनता की समस्याओं को सुनने के लिए कहा, क्योंकि पार्टी अगले साल चुनाव में राष्ट्रीय लड़ाई के लिए जमीन तैयार कर रही है। खड़गे ने कहा, यह आराम करने का समय नहीं है। भाजपा के शासन में पिछले 10 वर्षों में आम लोगों की चुनौतियां कई गुना बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री ने गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की चिंताओं पर बात करने से इनकार कर दिया है। वह खुद से परे नहीं देख पाते हैं।

सोनिया गांधी ने पार्टी नेताओं को आत्मसंयम बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने मीडिया के सामने ऐसी टिप्पणियों से बचने के लिए कहा, जो पार्टी के हित को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मालूम हो कि कांग्रेस पहले ही उन पत्रकारों और मीडिया संगठनों की सूची जारी कर चुकी है, जिनके साथ पार्टी अब कोई बातचीत नहीं करेगी। वहीं खड़गे की ओर से कहा गया, हमें व्यक्तिगत हितों को किनारे रखना होगा और अथक परिश्रम के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें पार्टी की सफलता को प्राथमिकता देनी होगी। केवल एकता और अनुशासन से ही हम विरोधियों को हरा सकते हैं। यह कर्नाटक में साबित हुआ, जहां हम एकजुट रहे और सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन के साथ संघर्ष किया।

कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भारत राष्ट्र समिति की प्रदेश सरकार पर तेलंगाना के साथ धोखा करने का आरोप लगाया। सी.डब्ल्यू.सी. की ओर से तेलंगाना की जनता के लिए जारी अपील में कहा गया कि पार्टी राज्य की जनता को 6 गारंटी देगी। कांग्रेस ने कहा, 2014 में तेलंगाना राज्य के गठन के साथ तेलंगाना के लोगों का संघर्ष रंग लाया। तेलंगाना के लोग एक बंगारू तेलंगाना (स्वर्णिम तेलंगाना) की आशा कर रहे थे। तेलंगाना के गठन के 9 साल बाद सी.डब्ल्यू.सी. को पीड़ा के साथ कहना पड़ रहा है कि स्वर्णिम तेलंगाना का वादा टूट गया है, दिल्ली और हैदराबाद दोनों सरकारों ने धोखा दिया है। जिस सपने के लिए लोगों ने तेलंगाना के लिए लड़ाई लड़ी वह सपना अधूरा रह गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908